


विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

वर्ष 72 ▸ अंक 180 ▸ पृष्ठ 12
▸ रीवा, रविवार 30 मार्च 2025
▸ चैत्र शुक्ल पक्ष 01, विक्रम संवत 2082
▸ नगर ▸ मूल्य 5 रुपए
www.dainikjagranmpcg.com


**घट स्थापना का सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त 8:13 से 10:09 बजे तक**

## संक्षिप्त खबरें

### जयपुरः वीर तेजाजी की मूर्ति तोड़ने पर बवाल

**जयपुर, जेएनएन।** जयपुर के सांगानेर इलाके में मंदिर की मूर्ति क्षतिग्रस्त करने की घटना से तनाव की स्थिति बन गई है। असामाजिक तत्वों ने यहां वीर तेजाजी मंदिर की मूर्ति क्षतिग्रस्त की, इससे तनाव पैदा हो गया। मूर्ति तोड़े जाने की खबर मिलते ही स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। हालात को नियंत्रित करने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। मूर्ति को क्षतिग्रस्त करने से स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया, जिसके चलते लोगों ने जयपुर-टोंक रोड पर जाम लगाया, बाजार बंद करवाए और टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया।

### चंडीगढ़ कैश कांड में जस्टिस यादव बरी

**चंडीगढ़, जेएनएन।** चंडीगढ़ के जज नोट कांड में 17 साल बाद फैसला आ गया है। सीबीआई कोर्ट ने सबूतों के अभाव में रिटायर्ड जस्टिस निर्मल यादव समेत सभी आरोपियों को बरी कर दिया है। 2008 में जस्टिस निर्मलजीत कौर के घर 15 लाख रुपये से भरा पैकेट आया था जिसे हरियाणा के तत्कालीन एडिशनल एडवोकेट जनरल संजीव बंसल ने भेजा था। आरोप थे कि यह रकम हरियाणा के तत्कालीन एडिशनल एडवोकेट जनरल संजीव बंसल ने अपने मुंशी के हाथ भिजवाई थी।

### आईपीएल में आज

IPL 2025 TATA IPL


**दिल्ली बनाम हैदराबाद**
समय : अपराह्न 3.30 बजे से
**राजस्थान बनाम चेन्नई**
समय : शाम 7.30 बजे से
प्रसारण : स्टार स्पोर्ट्स जियोहॉटस्टार पर

# हर रोज औसतन 60 करोड़ की ठगी कर रहे डिजिटल अपराधी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत में साइबर ठगी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, जिससे नागरिकों और अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान हो रहा है। शनिवार को ऐसी दो घटनाएं सामने आईं। कर्नाटक में बुजुर्ग दंपति ने आत्महत्या कर ली, तो मुंबई में बुजुर्ग सिंगर 18 दिन तक डिजिटल अरेस्ट रहे। गृह मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक 2024 की पहली छमाही में साइबर फ्रॉड के जरिये से 11,269 करोड़ रुपए की ठगी हुई, जो प्रतिदिन लगभग 60 करोड़ रुपए के बराबर है। 2021 से मार्च 2024 तक 2.16 करोड़ शिकायतें दर्ज की गईं।

### केस 1: दंपती ने दी जान!

कर्नाटक के खानपुर के बीड़ी गांव में डियोगजेरोन संतन नाजरेथ (82) और उनकी पत्नी फ्लेवियाना (79) ने आत्महत्या कर ली। डेथ नोट में डियोगजेरोन ने दो नाम लिये- सुमित बिर्रा और अनिल यादव। बिर्रा ने खुद डियोग के नाम पर धोखाधड़ी से सिम कार्ड खरीदा और उसका इस्तेमाल उत्पीड़न और अवैध विज्ञापनों में किया। अनिल ने क्राइम ब्रांच अधिकारी बताकर डियोगजेरॉन से 50 लाख रुपए वसूले।



### केस दो: सिंगर से ठगी

जालसाजों ने 70 साल के बुजुर्ग शास्त्रीय गायक को 18 दिनों तक 'डिजिटल अरेस्ट' में रखा। उन्होंने 1.2 करोड़ रुपये ट्रांसफर करवा लिए। जालसाजों ने उन पर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगाया और 18 दिनों तक उनकी निगरानी की। जालसाजों ने इस दौरान कानूनी कार्रवाई की धमकी देने के बाद उन्हें फंड ट्रांसफर करने के लिए धमकाया। इस दौरान उन्होंने किसी से भी बात नहीं करने को कहा।

### इसी माह और भी मामले

**25 मार्च 2025:** सेवानिवृत कैप्टन को कथित रूप से मेई मस्क (एलन की मां) बताकर कंपनी में निवेश के लिए प्रेरित किया, और 72.16 लाख की ठगी की।
**20 मार्च 2025:** दक्षिण मुंबई की 86 वर्षीय एक महिला ने 'डिजिटल गिरफ्तारी' के दौरान दो महीने में 20 करोड़ रुपए से अधिक गंवा दिए।
**19 नवंबर 2024:** दिल्ली में महिला ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक व्यक्ति से 'ऑनलाइन' निवेश के नाम पर 25 लाख रुपए की ठगी कर ली थी।

### दुनियाभर में नुकसान

साइबर ठगी के कारण दुनिया भर में भारी वित्तीय नुकसान हो रहा है। 2023 में अमेरिका में क्रिप्टोकरैंसी से जुड़े घोटालों में लगभग 5.6 अरब डॉलर का नुकसान हुआ, जो पिछले वर्ष की तुलना में 45 फीसदी अधिक था। साइबर ठग अब कंपनियों के शेयर की कीमतों का फायदा उठाकर लोगों को ठगने की कोशिश कर रहे हैं। वे इंटरनेट मीडिया पर फर्जी अकाउंट बनाकर लोगों को झांसा देते हैं और उनके पैसे हड़प लेते हैं। पुलिस लगातार लोगों से अपील कर रही है कि वे पैसे सुरक्षित रखें।

### क्या है डिजिटल अरेस्ट

यह साइबर धोखाधड़ी का नया तरीका है। इसमें ठग सरकारी एजेंसियों के अफसर बनकर पैसे ऐंठते हैं। वे पीड़ितों को बताते हैं कि उनका नाम किसी अवैध गतिविधि में जुड़ा है और उन्हें 'डिजिटल रूप से गिरफ्तार' किया गया है। इसके बाद, वे पीड़ितों की वीडियो कॉल से निगरानी करते हैं और पैसे की मांगते हैं। 2024 में साइबर ठगी के मामलों में 900 फीसदी की वृद्धि हुई। इसमें कुल 22,812 करोड़ की ठगी दर्ज की गई। हाल ही में ऐसे 17,000 से अधिक व्हाट्सएप अकाउंट्स को ब्लॉक किया गया है।

# सुकमा में सुरक्षाबलों की बड़ी कार्रवाई, 17 नक्सली हुए ढेर

**रायपुर / सुकमा, जेएनएन।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच इस साल की सबसे बड़ी मुठभेड़ में १७ नक्सली मारे गए हैं। यह मुठभेड़ केरलापाल थाना क्षेत्र के जंगलों में शनिवार सुबह हुई। जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों ने संयुक्त रूप से इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। ऑपरेशन शुक्रवार रात से जारी था। मुठभेड़ में दो सुरक्षाकर्मी मामूली रूप से घायल हुए हैं। यह मुठभेड़ उस समय हुई जब सुरक्षाबल इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रहे थे। पुलिस को जानकारी मिली थी कि केरलापाल क्षेत्र में बड़ी संख्या में नक्सली मौजूद हैं। इसके बाद डीआरजी और सीआरपीएफ ने संयुक्त अभियान शुरू किया। शनिवार सुबह जब सुरक्षाबल जंगल में पहुंचे तो घात लगाए नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी।



### भारी मात्रा में हथियार बरामद

इस दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए हैं। इनमें एके-47, एसएलआर, इंसास राइफल, पॉइंट 303 राइफल, रॉकेट लॉन्चर, बीजीएल लॉन्चर और विस्फोटक पदार्थ शामिल हैं।

### साल की सबसे बड़ी कार्रवाई

छत्तीसगढ़ में बीते कुछ महीनों से नक्सल विरोधी अभियान तेज कर दिया है। इस साल यह सबसे बड़ी कार्रवाई है, जिसमें एक साथ 17 नक्सलियों को मार गिराया गया। इससे पहले भी सुकमा और बस्तर में कई अभियान चलाए जा चुके हैं।

### जारी है तलाशी अभियान

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इलाके में अभी भी तलाशी अभियान जारी है। माना जा रहा है कि अभी और नक्सली छुपे हो सकते हैं। सुरक्षाबलों को मौके से अत्याधुनिक हथियार और अन्य सामान भी बरामद हुआ है।

### एक साल में खत्म होगा नक्सलवाद

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक बार फिर ऐलान किया है कि 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद देश से समाप्त हो जाएगा। साथ ही उन्होंने नक्सलियों से अपील की है कि हिंसा का रास्ता छोड़कर शांति और विकास के रास्ते को चुनें। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में शनिवार को सुरक्षाबलों की कार्रवाई को 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के सरकार के संकल्प का हिस्सा बताया।

## पश्चिम बंगाल में हिंसा पर हाईकोर्ट ने मांगी रिपोर्ट

**कोलकाता, जेएनएन।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मालदा के मोठाबाड़ी में हिंसा पर जिला और पुलिस प्रशासन से 3 अप्रैल तक कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। पुलिस ने अब तक इस मामले में 34 लोगों को गिरफ्तार किया है, और संवेदनशील इलाकों में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है।

**34 गिरफ्तार इंटरनेट बंद**

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मालदा जिले के मोठाबाड़ी क्षेत्र में दो समुदायों के बीच हुई झड़पों पर जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक को कार्रवाई रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि राज्य को मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए सावधानी से काम करना चाहिए। हिंसा प्रभावित लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम उठाए जाने चाहिए। न्यायमूर्ति सौमेन सेन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा, राज्य को अपने नागरिकों के अधिकारों को संरक्षित करने की जरूरत है। उच्च न्यायालय ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को 3 अप्रैल तक हिंसा पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है।

# भगवा झंडे लगाने से रोका तो सीएमओ को कालिख पोती



**जागरण दमोह।** भगवा झंडे हटाने के आदेश पर नाराज हिंदू संगठन से जुड़े लोगों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी का मुंह काला कर दिया। सुबह दमोह मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने जैसे ही शहर के हृदय स्थल घंटाघर से भगवा झंडे निकालने का आदेश जारी किया, हिंदू संगठन के लोग नाराज हो गए। सैकड़ो लोगों ने घंटाघर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया और चक्का जाम कर दिया। वहीं दो लोगों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी के घर जाकर मुंह काला कर दिया। पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों की समझाइस के बाद विरोध प्रदर्शन समाप्त कर सभी लोगों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन सौंप। इस ज्ञापन में सीएमओ के निलंबन की मांग की गई है। कलेक्टर ने मामले की जांच के आदेश कर शीघ्र ही कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

**घंटाघर पर लगा रहे थे झंडे**

गौरतलब है कि यहां नवरात्रि पर्व की तैयारी चल रही है। हिंदू संगठन से जुड़े लोग घंटाघर पर छोटे-छोटे ध्वज लगा रहे थे। तभी नगर पालिका के कर्मचारियों ने उन्हें रोका और कहा कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी के आदेश है कि यहां कोई ध्वज नहीं लगाया जाए उसके बाद ही मामला बिगड़ गया।







# अमरपाटन क्षेत्र की स्कूलों में खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने किया निरीक्षण



जागरण सतना । शनिवार को लालपुर खरमसेंडा में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभिषेक बिहारी गौर , मध्याह्न भोजन योजना के तहत तैयार किए जा रहे भोजन का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य बच्चों के लिए तैयार किए जा रहे भोजन की गुणवत्ता स्वच्छता और पौष्टिकता सुनिश्चित करना था। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने रसोईघर की साफसफाई भोजन बनाने के लिए इस्तेमाल की जा रही सामग्री की गुणवत्ता और भोजन तैयार करने की प्रक्रिया का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने भोजन बनाने वाले स्व सहायता समूहों को निर्देश दिए कि वे भोजन को पूरी तरह से स्वच्छ और स्वास्थ्यकर तरीके से तैयार करें। अधिकारी स्पष्ट रूप से निर्देश देते हुए कहा भोजन में उच्च गुणवत्ता वाली दालों सब्जियों मसालों और अन्य पौष्टिक सामग्रियों का उपयोग किया जाना अनिवार्य है। किसी भी प्रकार के कृत्रिम रंगीन पदार्थों का उपयोग सख्त वर्जित हैए क्योंकि यह बच्चों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है।

### दिये ये निर्देश

रसोईघर को नियमित रूप से साफ किया जाए। ताजी और उच्च गुणवत्ता वाली दालों सब्जियों और मसालों का उपयोग किया जाए। किसी भी प्रकार के कृत्रिम रंगीन पदार्थों का उपयोग न किया जाए। भोजन को उचित तापमान पर पकाया और परोसा जाए। व्यक्तिगत स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। भोजन को ढककर रखे जिससे मक्खियों और अन्य कीटाणुओं से बचाया जा सके।

# नवरात्रि की व्यवस्थाओं को लेकर सांसद ने ली बैठक



जागरण सतना। मैहर मा शारदा मंदिर चैत्र नवरात्रि की व्यवस्था के संबंध में सांसद गणेश सिंह की अध्यक्षता में मैहर सर्किट हाउस सभागार में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान दर्शनार्थियों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस मौके पर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड़ पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह एसडीम विकास सिंह सहित जनप्रतिनिधि समिति कर्मचारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## भाजपा का बिहार दिवस का कार्यक्रम आज

जागरण सतना। भारतीय जनता पार्टी द्वारा संतोषी माता मंदिर के बगल से 30 मार्च दिन रविवार को शाम 4 बजे से बिहार दिवस पर संगीतमय सांस्कृतिक एवं स्नेह मिलन कार्यक्रम साथ ही 'भोजपुरी गोल्डन स्टार वरुण पाठक' की टीम द्वारा शानदार प्रस्तुति दी जाएगी । भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय और कार्यक्रम प्रभारी जिला उपाध्यक्ष मुरारी सोनी ने बताया कि बिहार के सुप्रसिद्ध गायकों द्वारा भजन संध्या का कार्यक्रम होगा जिले में निवासरत परिवारों से आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में लोग कार्यक्रम स्थल पहुंचे।

## 30 व 31 मार्च को नगर निगम सहित खुले रहेंगे जोन कार्यालय



### ऑनलाइन करो का भुगतान करने पर ही मिलेगी छूट

जागरण सतना । नगर पालिक निगम सतना क्षेत्रान्तर्गत सभी करदाताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024.25 के समापन में मात्र 02 दिवस शेष है। करदाता अपने बकाया करो का भुगतान अगर ऑनलाईन करते है तो उनको लोक अदालत की छूट प्राप्त होगी। यह छूट मात्र ऑनलाईन भुगतान पर ही प्राप्त होगी। निगमायुक्त के आदेशानुसार करदाता सुगमता पूर्वक अपने करो का भुगतान कर सकें इसलिए दिनांक 30 मार्च से 31 मार्च तक दिन रविवार एवं सोमवार सभी जोन कार्यालय एवं निगम मुख्यालय खुले रहेगे और वसूली कार्य सुचारु रुप से संचालित रहेगा। 29 मार्च शनिवार को मुख्यालय एवं जोन कार्यालय में भारी संख्या में करदाताओं ने उपस्थित होकर अपने करो का भुगतान किया। जिसमें कुल संपत्तिकर राशि 32 लाख 79 हजार 388 रुपये की वसूली की गयी। निगमायुक्त डॉ शेर सिंह मीना आईएएस द्वारा नगर के सभी करदाताओं से अपील की गई है कि वित्तीय वर्ष 2024.25 समापन के पूर्व अपने करों का भुगतान कर संपत्तिकर की दो गुनी राशि एवं अधिभार से बचें।

## न्यू लिटिल फ्लॉवर स्कूल के बच्चों ने फिर मारी बाजी

जागरण सतना। कोठी के न्यू लिटिल फ्लॉवर स्कूल के बच्चों ने कक्षा पांचवी एवं आठवीं के रिजल्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपना अपने माता.पिता एवं अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है विद्यालय की डायरेक्टर पूजा सिंह ने बताया कि विद्यालय की कक्षा पांचवी के छात्र ध्रुव सिंह पिता राकेश सिंह निवासी दुदुआर ने अपनी कक्षा में 85.3 प्रतिशत अंक लाकर सर्वोच्च स्थान हासिल किया है वही कक्षा 8 की छात्रा वैष्णवी मिश्रा पिता उमेश मिश्रा निवासी कुसियरा ने 90.6 प्रतिशत अंक के साथ सर्वोच्च स्थान हासिल किया है और अपना अपने माता.पिता सहित विद्यालय के नाम को गौरवांवित किया है इसके साथ.साथ अन्य छात्र.छात्राओं ने भी बेहतर अंक प्राप्त किए हैं विद्यालय की प्राचार्य रश्मि त्रिपाठी ने बताया कि बच्चों की अथक परिश्रम मेहनत लगन एवं विद्यालय की नियमित देखरेख एवं स्कूल के टीचरों की कड़ी मेहनत की वजह से विद्यालय के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है ।

## पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण सम्पन्न




जागरण सतना। महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत जिले में संचालित समस्त आंगनवाड़ी केन्द्रों की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को भारत सरकार के मिशन सक्षम आंगनवाडी एवं पोषण 2 के अंतर्गत पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर रानी बाटड़ के कुशल निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र बांगरे के मार्गदर्शन मे जिले के सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों द्वारा बतौर कोर्स डायरेक्टर प्रशिक्षण सत्रों का सफलतापूर्वक संचालन निपसिड इंदौर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स के रूप मे समस्त पर्यवेक्षकों के सहयोग से भलीभांति किया गया। पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के तहत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को कुपोषण की पहचानए कारण वृद्धि निगरानी समुदाय की भागीदारी एवं पोषण प्रबंधन पर विस्तृत जानकारी दी गई। जीवन के प्रथम 1हजार दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए गर्भावस्था मे देखभाल स्तनपान और सही पोषण से शारीरिक और मानसिक विकास के साथ ही संज्ञानात्मक मनोवैज्ञानिक और भाषाई विकास मे परिवार और समुदाय के साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रभावी भूमिका निर्वहन के लिए प्रशिक्षण देकर तैयार किया गया है। आंगनवाड़ी केन्द्रों में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा के लिए खेल आधारित गतिविधियां और साप्ताहिक खेल आधारित कैलेंडर पर जोर दिया गया है। पोषण घटक में संतुलित आहार और सूक्ष्म पोषक तत्वों का महत्वए बच्चों के लिए पोषण आहार तैयार करना व्यक्तिगत स्वच्छता और साफ सफाई आहार दिशा निर्देश विकास की निगरानी और पोषण ट्रेकर उल्लेखनीय है। प्रशिक्षण मे दिव्यांगता की शीघ्र पहचान कर विशेष प्रयास और जरूरी सेवाओं सहित अनेक विषयों पर आडियो विडियो के माध्यम से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया। पूरे प्रदेश मे एक साथ प्रारंभ हुए इस प्रशिक्षण की राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर से सतत मानीटरिंग हेतु विभाग द्वारा आब्जरवर नियुक्त किये गए। मैहर जिले मे भारत सरकार के निपसिड इंदौर से सहायक संचालक भूपेंद्र डाडी तथा संचालनालय महिला एवं बाल विकास भोपाल से सहायक संचालक आनंद शिवहरे सहित स्थानीय अधिकारियों द्वारा जिले की सभी परियोजनाओं मे आयोजित प्रशिक्षण स्थलों का भ्रमण किया गया।

## विश्व हिंदू महासंघ भारत के शहर अध्यक्ष नियुक्त हुए प्रणव



जागरण सतना। विश्व हिंदू महासंघ भारत की आवश्यक बैठक का आयोजन सतना बस स्टैंड स्थित प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती पूजा चतुर्वेदी के कार्यालय में हुआ आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में विश्व हिंदू महासंघ भारत के प्रदेश अध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल मंचासीन रहे वहीं अध्यक्षता विश्व हिंदू महासंघ भारत के प्रदेश उपाध्यक्ष रामानंद सिंह ने की ए विश्व हिंदू महासंघ भारत की आयोजित बैठक में प्रदेश अध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल ने कहा कि विश्व हिंदू महासंघ भारत का मुख्य उद्देश्य भारत को विश्व गुरु बनाने में विशेष भूमिका निभाना हैए साथ ही जन.जन में हिंदुत्व की भावना का प्रवाह करना उनका मुख्य उद्देश्य हैए उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू महासंघ भारत हिंदुत्व के लिए अंतिम दम तक खड़ा रहेगा। कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश महामंत्री मातृशक्ति श्रीमती मिथिलेश सिंह बघेल ने कहा कि सतयुग काल से ही मातृ शक्तियां पूज्यनीय रही हैं और हर मुश्किल समय में उन्होंने विश्व कल्याण में अपना विशेष सहयोग दिया है इसी क्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती पूजा चतुर्वेदी ने कहा यह संगठन विश्व कल्याण के उद्देश्य से पूर्व से ही चल रहा है जिस पर हमें हिंदुत्व की भावना जागृत करने और भारत देश के हित में कार्य करने के लिए समर्पित होकर कार्य करने की आवश्यकता है वहीं जिला अध्यक्ष जय श्री द्विवेदी ने संगठन विस्तार के विषय में चर्चाएं की। आयोजित बैठक में प्रदेश अध्यक्ष श्री सिंह द्वारा सतना शहर अध्यक्ष की भी नियुक्त की गई जिसमें शहर अध्यक्ष के रूप में एक सक्रिय और हिंदुत्व के लिए समर्पित युवा समाजसेवी प्रणव धाराधर को सतना शहर अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है जिसमें श्री धाराधर ने कहा कि विश्व हिंदू महासंघ भारत द्वारा सौंपे गए दायित्व को वह अंतिम दम तक निभाने का प्रयास करेंगे और सत प्रतिशत खरा उतारने का भी प्रयास करेंगे वहीं विश्व हिंदू महासंघ की जिला उपाध्यक्ष की भी नियुक्ति हुई है जिसमें श्रीमती सुनीता शर्मा को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है इसी क्रम में गौ रक्षा प्रकोष्ठ की जवाबदारी राम शिरोमणि गौतम को सौंपी गई है।

## उठे समाज के लिए और जगे समाज के लिए : मिश्र

जागरण सतना। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा संचालित सात दिवसीय शिविर का समापन आज मंदाकिनी नदी के स्फटिक शिला घाट की सफाई कर स्वच्छ बनाने के साथ हुआ। इस मौके पर ग्रामोदय विश्वविद्यालय के लोग कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा और नगर परिषद के लोग मुख्य नगर पालिका अधिकारी विशाल सिंह के नेतृत्व में शामिल होकर स्फटिक शिला घाट की सफाई कर स्वच्छ और सुंदर स्वरूप दिया। इस मौके पर कुलगुरु प्रो भरत मिश्र ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवको का आव्हान करते हुए कहा कि उठे समाज के लिए और जगे समाज के लिए। साथ ही अपने सेवा कार्यों के माध्यम से समाज के अन्य लोगों को इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि नवयुवक नवनिर्माण करते हैं। ऊर्जा से भरे होते हैं। इनमें कार्य करने की अपार संभावनाएं होती हैं। प्रो मिश्रा ने स्वच्छता ही परमोधर्मरू का संदेश देते हुए कहा कि अभियान का हिस्सा बने।

## दर्शनार्थियों के लिये सार्वजनिक प्याऊ



अमदरा। भारतीय ब्राह्मण कल्याण महासंघ तहसील इकाई मैहर द्वारा चैत्र नवरात्रि मेला दर्शनार्थियों हेतु सार्वजनिक प्याऊ भंडारा का आयोजन ओंकार तिवारी संगम इंटरप्राइजेज एवं तहसील अध्यक्ष स्वरूप मनोज तिवारी के सहयोग से उद्घाटन के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष देवेंद्र पाण्डेय जिला कोषाध्यक्ष विनय त्रिपाठी टिकरिया जिला उपाध्यक्ष श्याम बिहारी बाजपेई एवं ब्राह्मण समाज के क्षेत्रीय प्रमुख सुरेंद्र तिवारी रामबिहारी पाण्डेय रामसुरेश मिश्रा महेश तिवारी,शिवकुमार तिवारी, भागवत तिवारी,सनत चतुर्वेदी, सुनील पाण्डेय,उमेश द्विवेदी,प्रभाकर मिश्रा प्रकाश परोहा भूपेंद्र गर्ग की उपस्थित में हुआ। यह कार्यक्रम स्थान एनएच 30 कटनी रोड मैहर कन्हावरा मोड के पहले शुरू किया गया है।

## 185 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण व 173 को दी गई दवाइयां



जागरण सतना। डॉ राकेश मिश्र अध्यक्ष पं गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चलता फिरता मुफ्त अस्पताल आपका अस्पताल आपके द्वार योजना अंतर्गत बीएलस्कूल डेलोरा 65 माता वैष्णो मंदिर के पास 35 कोलन बस्ती डेलोरा 37 एवं दुर्गा नगर बाईपास में वार्ड 48 में कुल 185 मरीजों का हुआ स्वास्थ परीक्षण एवं जुखाम बुखार व सामान्य रोगों के 173 मरीजों को दी गई मुफ्त में दवाइयां। सेवा न्यास के मीडिया प्रभारी राजेश त्रिपाठी नीलू ने बताया कि सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ राकेश मिश्र के द्वारा ऐसे मरीजों के लिए जो समय व आर्थिक अभाव के कारण अस्पताल में जाकर अपना इलाज कराने में सक्षम नहीं है ऐसे मरीजों के लिए चलता फिरता अस्पताल योजना चल रही है। दुर्गा नगर बाईपास निवासी राजू दाहिया ने कहा कि पं गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के द्वारा पीड़ित मानवता की सेवा सही मायने में की जा रही है। बी एल स्कूल के संचालक मोहनलाल सेन ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाने के उपरांत कहा कि चलता फिरता अस्पताल योजना अंतर्गत मरीजों को लाभ मिल रहा है। डॉ राकेश मिश्र द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है।

## सीएमराइज स्कूल बगहा के सूर्यांश सिंह और मानसी चतुर्वेदी को एक-एक स्कूटी मिली

जागरण सतना। कक्षा 12वीं बोर्ड में बालक वर्ग में सीएम राइज स्कूल बगहा में टॉप करने वाले छात्र सूर्यांश सिंह और बालिकाओं में मानसी चतुर्वेदी को स्कूटी खरीदने के लिये मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग से राशि मिली जिसमें दोनों छात्रों ने एक्टीवा स्कूटी लिये हैं दोनों छात्र बहुत खुश नजर आए। इस सफलता के लिये संस्था के प्राचार्य अश्विनी कुमार पाठक व उपप्राचार्य आर पी मिश्रा ने दोनों छात्रों को बधाई दिये और उज्ज्वल भविष्य की कामना किये। यह कार्य स्कूटी प्रभारी राजेन्द्र सिंह के द्वारा प्रयास से हुआ। इस अवसर पर शिक्षक भास्कर पांडेय प्रमोद सिंहए विवेक चंद्र पाण्डेय विनय कनौजिया एवं संस्था के पूरा स्टाफ ने दोनों छात्रों को आशीर्वाद दिया खूब पढ़ो खूब आगे बढ़ो।

## प्रवेश हेतु ऑन लाइन पंजीकरण 3 अप्रैल तक

जागरण सतना। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा संचालित नियमित और अंशकालिक पीएचडी पाठयक्रम ;सत्र 2024- 25 में प्रवेश हेतु ऑन लाइन पंजीकरण 03 अप्रैल 2025 तक होंगे। ग्रामोदय विश्वविद्यालय स्थित परीक्षा केंद्र में 08 अप्रैल 2025 को प्रवेश परीक्षा सम्पन्न होगी। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार एम पी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इस आशय की जानकारी ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने दी है। विस्तृत जानकारी के लिए ग्रामोदय विश्वविद्यालय की वेबसाइट को देखने की सलाह दी गई है।

## राम जागरण रथ से संपूर्ण नगर में गूंजेगी रामधुन



जागरण सतना । नगर के सभी शक्ति केंद्र एवं 45 वार्डों में श्री रामनवमी महोत्सव का संदेश पहुंचाने एवं जन.जन को आमंत्रित करने के उद्देश्य से हिंदू पर्व समन्वय समिति द्वारा निर्मित संगीतमयी श्री राम जागरण रथ का शुभारंभ खेरमाई शक्तिपीठ में संपन्न हुआ। समन्वय समिति सदस्य पंण् बलराम शुक्ला ने बताया कि अध्यक्ष मणिकांत माहेश्वरीए महापौर योगेश ताम्रकार विंध्य चेंबर अध्यक्ष सतीश सुखेजा मोटर ट्रांसपोर्ट अध्यक्ष मनोज शर्मा एवं संयोजक कमलजीत सिंह सेठी सहित सातों शक्ति केंद्र प्रभारी ने भगवा ध्वज लहराकर राम जागरण रथ को मंत्रोच्चार एवं पूजन के साथ नगर भ्रमण हेतु रवाना किया। इस अवसर पर राम अवतार चमड़िया हरिओम गुप्ता बालकृष्ण शुक्ला रामचरण गुप्ता संजय शाह राजेश मेहता संदीप चमडिया जितिन यादव बृजेश शुक्ला विनोद पंडित विभाष बैनर्जी श्रीमती चांदनी श्रीवास्तव जान्हवी त्रिपाठी किरण गुप्ता आयुषी तिवारी रोहित अग्रवाल प्रदीप अवस्थी सचिन अग्रवाल अशोक खानेचा श्याम लाल गुप्ता श्यामू अनुराग गोस्वामी आशीष मोगया अनिल मोटवानी विष्णु गुप्ता अमित चमड़ियां उपस्थित रहे।

# कलेक्टर को जांच में लगाए गए आरोपों में मिली क्लीन चिट



जागरण जांच

## पर्यटकों एवं वन कर्मियों को धमकाने पर लगाया गया था झूंठा आरोप

### संजय टाइगर रिजर्व में शामिल गांवों के विस्थापन के लिए गए थे कलेक्टर






जागरण, सीधी

संजय टाइगर रिजर्व के बफर जोन मामले में जांच के बाद सीधी कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी को क्लीन चिट मिल गई है। जांच में उनके ऊपर लगाए गए सभी आरोप निराधार पाए गए हैं। जांच में यह भी सामने आया है कि पर्यटकों एवं वन कर्मियों को धमकाने का जो आरोप था वह पूरी तरह से झूंठा है। संजय टाइगर रिजर्व सीधी के उप वन मंडलाधिकारी मझौली ने अपनी जांच रिपोर्ट में कहा है कि 25 फरवरी 2025 को संजय टाइगर रिजर्व अंतर्गत विस्थापन से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए आयोजित बैठक में प्राप्त निर्देश के अनुक्रम में 15 मार्च 2025 को कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी शामिल होने के लिए गए हुए थे। उपखंड अधिकारी मझौली द्वारा सक्षम अधिकारी से स्वीकृति उपरांत जंगल भ्रमण के लिए उपयुक्त वाहन उपलब्ध कराया गया था। जांच के दौरान 15 मार्च को ड्यूटी में उपस्थित गाइडों से पूंछतांछ में मालूम पड़ा कि कलेक्टर एमपी 54 जेडए 3935 में सवार थे। उक्त वाहन के चालक ने भी बताया कि कलेक्टर का भ्रमण केवल मुख्य मार्ग में था। वह बाघों के निकट नहीं गए थे। वहीं अन्य मैदानी कर्मचारियों ने बताया कि कलेक्टर का वन अधिकारियों के एवं पर्यटकों के प्रति काफी अच्छा व्यवहार था। संजय टाइगर रिजर्व सीधी के उप वन मंडलाधिकारी द्वारा जो जांच प्रतिवेदन तैयार किया गया है उसमें बताया गया है कि संजय टाइगर रिजर्व अंतर्गत कुल 54 ग्रामों में विस्थापन की कार्यवाही किया जाना था। जिसमें 33 ग्रामों में अवार्ड पारित किए जा चुके हैं तथा 21 ग्रामों में अवार्ड की कार्यवाही प्रचलन में है। उप संचालक द्वारा बताया गया कि 19 ग्रामों में पूर्ण विस्थापित, 12 ग्राम आंशिक रूप से विस्थापित किए जा चुके हैं तथा दो ग्रामों में हितग्राहियों द्वारा अवार्ड लेने से इंकार कर दिया गया है। साथ ही दो ग्रामों में उपखंड स्तर पर एवं 19 ग्रामों में ग्रामसभा स्तर पर कार्यावाही प्रचलन में है। उप संचालक संजय टाइगर रिजर्व द्वारा दिनांक 25 फरवरी 2025 को विस्थापन पर ही बैठक आयोजित की गई थी। उधर यह कहा जा रहा है कि संजय टाइगर रिजर्व में जिप्सी ले जाने के मामले में जो जांच हुई उसमें पाया गया है कि वाइल्ड लाइफ एक्टिविस्ट द्वारा मनमानी तरीके से आरोप लगाए गए थे। इसी के चलते जांच में सभी शिकायतें निराधार एवं झूंठी मिली। यदि बड़े अधिकारी के विरुद्ध झूंठी शिकायतें करके बदनाम करने की साजिश रची जाती है तो इस मामले में शिकायतकर्ता के विरुद्ध भी कार्यवाही होनी चाहिए। जिससे इस तरह से झूंठी शिकायतों का प्रचलन थम सके। शिकायतकर्ता के संबंध में कहा जा रहा है कि उसके द्वारा अपने निजी स्वार्थों के चलते साजिश रची गई थी।

### सीएमएचओ उमरिया ने बताई वस्तु स्थिति

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी उमरिया ने बताया है कि जिले में स्वास्थ्य विभाग को कोई भी जिप्सी वाहन दान में नही प्राप्त हुआ है। जिले में एक मात्र शासकीय जिप्सी वाहन क्रमांक एमपी 02 1076 प्राप्त हुई थी जो वर्तमान में बंद हालत में जिले में उपलब्ध है। समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया में प्रकाशित जिप्सी वाहन क्रमांक एमपी 54 जेडए 3935 स्वास्थ्य विभाग को कभी उपलब्ध नही थी। सीएमएचओ का लेटर जारी होने के बाद संबंधित जिप्सी के संबंध में भी वस्तुस्थिति पूरी तरह से साफ हो गई है।

### वायरल वीडियो की हुई जांच

सीधी कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी का एक हप्ते पहले सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हुआ था। वायरल वीडियो में कलेक्टर पर आरोप लगाया गया था कि वह निजी जिप्सी लेकर बाघों के नजदीक तक जाते हैं। वायरल वीडियो में जिस जिप्सी का उल्लेख किया गया वह उमरिया जिले में रजिस्टर्ड है। टाइगर रिजर्व विभाग द्वारा इसकी जांच की गई। वहीं आरटीओ उमरिया द्वारा भी लिखित प्रतिवेदन दिया गया। साथ ही उमरिया सीएमएचओ द्वारा भी इस मामले में अपना प्रतिवेदन दिया गया। सभी जांच में कलेक्टर सीधी पर लगाए गए आरोप निराधार पाए गए।

### दुर्भावना से बना वीडियो

कलेक्टर सीधी को बदनाम करने और नियम के खिलाफ संजय टाइगर रिजर्व के बफर जोन में भ्रमण करने की बात सामने लाई गई वह जांच में पूरी तरह से निराधार साबित हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जब यह वीडियो बनाया गया उस समय दूसरे पर्यटकों को लेकर अन्य जिप्सी वाहन भी वहां मौजूद थे। कलेक्टर के जिप्सी का वीडियो अन्य किसी ने नहीं बनाया बल्कि दुर्भावना से ग्रसित शिकायतकर्ता द्वारा यह वीडियो बनाते हुए उस उसे भ्रामक जानकारी के साथ सोशल मीडिया में वायरल किया गया। साथ ही इसकी शिकायत भी की गई।

### उमरिया जिले में रजिस्टर्ड है वायरल जिप्सी क्रमांक

सीधी कलेक्टर पर आरोप लगाया गया कि वह संजय टाईगर रिजर्व के कोर एरिया में निजी जिप्सी लेकर बाघों के नजदीक तक जाते हैं। जिस जिप्सी का उल्लेख किया गया वह उमरिया जिले में रजिस्टर्ड है। टाइगर रिजर्व विभाग द्वारा उसकी जांच की गई। जिसका लिखित प्रतिवेदन उमरिया आरटीओ द्वारा दिया गया। जिप्सी वाहन क्रमांक एमपी 54 जेडए 3935 के संबंध में जिला परिवहन अधिकारी उमरिया द्वारा बताया गया है कि उक्त वाहन आशीष सोलंकी पिता गणेशबाल सोलंकी के नाम से क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी गोदरा पंचमहल में पंजीकृत था, जिसका वाहन नंबर सीजे 01 जी 5085 था। गोदरा पंचमहल गुजरात से एनओसी क्रमांक सीजे 2022/एनओसी/1696 बी 1512 बी को 15 दिसंबर 2022 को एनओसी मिलने के पश्चात तथा जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय उमरिया में आवेदनए टैक्स तथा फीस जमा करने पर उमेश यादव पिता जोला यादव ग्राम धमोखर जिला उमरिया के नाम पर नामांतरण कर 17 मार्च 2023 को नवीन वाहन क्रमांक एमपी 54 जेडए 3935 जारी किया गया था।

# जमीनी विवाद में चाचा की संदिग्ध मौत

## भतीजे पर लगाया गया हत्या का आरोप



जागरण, सीधी

जिले के पुलिस चौकी सेमरिया अंतर्गत ग्राम रामगढ़ में जमीनी विवाद के चलते हुए झगडे में एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने भतीजे पर हत्या का आरोप लगाया है। आरोप सामने आने के बाद पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है। घटना के बाद से गांव में तनाव का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार पप्पू कोल पिता ददुआ कोल उम्र 38 वर्ष और उसके भतीजे बाबू कोल के बीच एक एकड़ भूमि बंटवारे को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। दोनो ही पक्ष इसमें अपना हक जता रहे थे। फिर भी अभी तक जमीन में स्पष्ट बटवारा नहीं हो सका था। इसी बात को लेकर शनिवार सुबह करीब 9:30 बजे दोनो पक्षों के बीच कहासुनी हुई जो मारपीट में बदल गई। परिजनों के अनुसार इस विवाद में भतीजे बाबू कोल और उसके साथी प्रसाद कोल ने पप्पू कोल पर हमला बोल दिया। झगड़े के कुछ देर बाद पप्पू कोल का शव उनके घर के दरबाजे के पास संदिग्ध हालत में मिला। घटना के बाद से आरोपी फरार हो गए। सूचना मिलते ही सेमरिया पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा एवं पोस्टमार्टम कार्यवाही के पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया।

> ग्राम रामगढ़ में शव मिलने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर मृतक के पिता समेत अन्य परिजनों के बयान लिए गए। प्रारंभिक जांच से यह मामला जमीनी विवाद से जुड़ा लग रहा है। पूरे मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।
>
> **भूपेन्द्र बागरी, प्रभारी सेमरिया चौकी**

## उप पुलिस अधीक्षक ने रात्रि में थानों को किया चेक

**जागरण, सीधी।** पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविन्द्र वर्मा द्वारा कई बार रात्रि में थानो को औचक निरीक्षण किया जाता है तथा इसी क्रम मे पुलिस अधीक्षक ने समस्त राजपत्रित अधिकारियों को भी उनके अनुभाग के थानो का रात्रि में अचानक भ्रमण कर थाना क्षेत्र में ही रूकने का निर्देश दिया गया था। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार बीते रात्रि में उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीमती गायत्री तिवारीएथाना कोतवाली एवं जमोड़ी के औचक निरीक्षण हेतु क्रमशः थानो मे पहुंची। थाने मे पहुंचकर उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय ने सर्व प्रथम ड्यूटी मे लगे रात्रि एचसीएमए संत्री एवं कंप्यूटर आपरेटर को चेक किया जो ड्यूटी मे मुस्तैद पाए गए। उसके पश्चात थाने का हवालत चेक कर मुल्जिम के रहने पर नियमानुसार उसे हवालत मे रखने हेतु निर्देशित किया। तत्पश्चात रात्रि गस्त, थाने के मालखाना, थाने के रजिस्टर, पेंडेंसी, गुंडा-बदमाश रजिस्टर, पीने के पानी की व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे, सीसीटीएनएस एंट्री चेक कर निर्देशित किया कि थाने में रात्रि में प्राप्त होने वाली सूचनाओं को अति संवेदनशीलता से लेते हुए संज्ञान में लाते हुए यथा संभव कार्रवाई करवाये।

## आज सांसद, विधायक करेंगे जल गंगा अभियान का शुभारंभ

**जागरण, सीधी।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ 30 मार्च 2025 से किया जाना है यह अभियान 30 मार्च से प्रारंभ होकर 30 जून 2025 तक निरंतर चलाया जाएगा। जिसमें विभिन्न विभागों की समेकित पहल से मुख्यत: नवीन जल जल संग्रहण संरचनाओं के निर्माण, भूजल संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल सग्रहण संरचनाओं की साफ-सफाई व जीर्णोद्धार/मरम्मत के कार्य, जल स्रोतों में प्रदूषण के स्तर को कम करने, जल वितरण संरचनाओ की साफ-सफाई तथा मानसून में किये जान वाले पौधारोपण हेतु आवश्यक तैयारी के कार्य प्राथमिकता से किए जाएंगे। जनपद पंचायत कुसमी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज्ञानेन्द्र मिश्रा के निर्देश पर अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी कुसमी अजय द्विवेदी ने मीडिया को जानकारी देकर बताया गया कि उक्त अभियान का शुभारंभ सीधी सांसद डॉ. राजेश मिश्रा लोकसभा क्षेत्र 11 सीधी एवं विधायक कुंवर सिंह टेकाम विधानसभा क्षेत्र धौहनी की उपस्थिति में जनपद पंचायत कुसमी के प्रांगण में 30 मार्च 2025 दिन रविवार समय दोपहर 2 बजे से किया जाना सुनिश्चित हुआ है। उक्त अभियान के नोडल अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रिया पाठक होंगे।


ગતિ શક્તિ વિશ્વવિદ્યાલય
गति शक्ति विश्वविद्यालय
GATI SHAKTI VISHWAVIDYALAYA
(A Central University under the Ministry of Railways, Government of India)
लालबाग, वडोदरा, गुजरात / Lalbaug, Vadodara, Gujarat 390004

Azadi Ka Amrit Mahotsav




GSV/Acad/Admissions-2025 30/03/2025

ADMISSION NOTICE : AY 2025-26

Gati Shakti Vishwavidyalaya (GSV), Vadodara is a Central University established by an Act of Parliament vide Central Universities (Amendment) Act 2022. The University is sponsored by the Ministry of Railways, Govt. of India. Being a University of first of–its–kind, GSV focuses on transport and logistics related education, multidisciplinary research and with a big mandate for executive training.

Applications are invited for admission to the following academic programmes across Engineering and Management disciplines for the AY 2025-26:

| Discipline | Level | Program | Duration | No. of Seats | Entrance Test |
|---|---|---|---|---|---|
| Technology | Under-graduate (Regular Programs) | **B.Tech.** in Civil Engineering (Specialization : Rail Engineering) | 4 Year | 60 | **JEE (Main)** 2025 Admission through JOSAA Visit JOSAA website https://josaa.nic.in/ for details. |
| | | **B.Tech.** in Electronics and Communication Engineering (Specialization :Rail Engineering) | 4 Year | 60 | |
| | | **B.Tech.** in Mechanical Engineering (Specialization: Rail Engineering) | 4 Year | 60 | |
| | | **B.Tech.** in Electrical Engineering (Specialization : Rail Engineering) | 4 Year | 60 | |
| | | **B.Tech.** in Artificial Intelligence & Data Science (Specialization: Transportation and Logistics) | 4 Year | 60 | |
| | | **B.Tech.** in Aviation Engineering | 4 Year | 40 | |

| Discipline | Level | Program | Duration | No. of Seats | Entrance Test |
|---|---|---|---|---|---|
| Management | Post-Graduate (Regular Programs) | **MBA** (Logistics and Supply Chain Management) | 2 Year | 30 | MBA (LSCM) - CUET-PG/XAT/ CAT/MAT |
| | | **MBA** (Ports and Shipping Logistics) | 2 Year | 30 | MBA (PSL) - IMU - CET/ CUET-PG/ XAT/ CAT/MAT. |
| Executive Programs - Exclusively for Working Professionals | | | | | |
| Technology | Post-Graduate (Executive Programs) | **M.Tech** (Intelligent Transport Systems) | 3 Year | 30 | GSV Entrance Test |
| | | **M.Tech** (Railway Engineering) | 3 Year | 30 | |
| | | **M.Tech** (Bridge and Tunnel Engineering) | 3 Year | 30 | |
| | | **M.Tech** (Roads and Highway Engineering) | 3 Year | 30 | |
| Management | Post-Graduate (Executive Programs) | **MBA** (Logistics and Supply Chain Management) | 2 Year | 30 | GSV Entrance Test |
| | | **MBA** (Multi-modal Transportation) | 2 Year | 30 | |
| | | **MBA** (Metro Rail Management) | 2 Year | 30 | |
| | | **MBA** (Aviation and Operations Management) | 2 Year | 30 | |
| Technology / Management | Doctoral (Sponsored) | **Ph. D (Engineering/Management) with a focus on Transportation & Logistics** (Exclusively for Working Professionals in Govt. /Industry/ PSU, R & D organisations, Laboratories, Defence Forces, NGOs, and Banking/Finance Institutions) | - | - | GSV Entrance Test |

For Application procedure and detailed information, visit the University website - **https://gsv.ac.in**
Contact us at- **admissions@gsv.ac.in** for any admission related query/information

**KEY HIGHLIGHTS**

- The only University in India exclusively focused on transport and logistics education.
- Multi-disciplinary programmes based on demand-driven curriculum addressing industry needs
- Innovation Led & Industry Driven University with strong emphasis on industry connect.
- Collaborations with top Industry and Higher Education Institutes.
- Highly experiential and unique interdisciplinary pedagogical approach incorporating latest technologies
- Financial support to Meritorious and needy students - (a) through GSV funding (upto 20% of students); (b) Corporate scholarships (Airbus, Siemens, Plasser….)
- High-quality and experienced faculty with global exposure
- Focus on 21st century skills: communication, critical thinking, innovation and design thinking.
- Project-based teaching-learning and well-structured internships at Indian Railway establishments and other sector-specific organizations
- State of the art railways facilities and lab infrastructure
- Excellent Hostel facilities for the UG students and female PG students (for regular students only)
- Career Development Centre that enables professional development and career planning

# 30 मार्च से 30 जून तक चलेगा जल गंगा संवर्धन अभियान

## अभियान में एक दर्जन से अधिक विभागों की होगी सहभागिता

## कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए जल संरक्षण कार्य करने के निर्देश



**जागरण, छतरपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दूरदर्शी सोच के साथ मध्यप्रदेश में वर्षा जल की बूंद-बूंद बचाने का जल गंगा संवर्धन महा अभियान गुड़ी पड़वा के दिन 30 मार्च 2025 से शुरू होने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन स्थित क्षिप्रा तट पर वरुण (जल देवता) पूजन और जलाभिषेक के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान का विधिवत शुभारंभ करेंगे। यह प्रदेशव्यापी अभियान ग्रीष्म ऋतु में 30 जून 2025 तक 90 दिन से अधिक समय तक लगातार चलेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव हर दिन एक छोटी-बड़ी जल संरचना को लोकार्पित करेंगे। पानी की बूंद-बूंद बचाएं, तभी हमारी सांसें बचेंगी।

कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने जिला पंचायत सभा कक्ष में आयोजित बैठक में जनपदों, नगरीय निकायों, जनअभियान परिषद सहित सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को जल गंगा जल संवर्धन अभियान के क्रियान्वयन के संबंध में दिशा निर्देश दिए। साथ ही जल संरक्षण और जल संवर्धन के विशेष कार्य किए जाने के निर्देश दिए। जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रमुख उद्देश्य जन भागीदारी से जल संरक्षण और संवर्धन सुनिश्चित करना है। इस अभियान के अंतर्गत समाज की भागीदारी और विभिन्न सहभागी विभागों की समेकित पहल से मुख्यतः नवीन जल संग्रहण संरचनाओं के निर्माण, भूजल, संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ-सफाई व जीर्णोद्धार, मरम्मत, जल स्त्रोतों में प्रदूषण के स्तर का कम करने, जल वितरण की संरचनाओं की साफ सफाई तथा मानसून में किए जाने वाले पौधारोपण हेतु आवश्यक तैयारियों के कार्य प्राथमिकता पर किए जाएंगे।

## आज होगी कोटि सूर्योपासना

**जागरण, छतरपुर।** नव संवत्सर के प्रारंभ होने पर पूरे मध्यप्रदेश के सभी जिलों में विक्रमादित्य के जीवन पर आधारित नाटकों का मंचन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शहर के ऑडिटोरियम में शंखनाद नाट्य मंच के कलाकार लाइट एंड साउंड पर आधारित नाटक की प्रस्तुति देंगे।

मध्यप्रदेश शासन के द्वारा विक्रमोत्सव 2025 का आयोजन संपूर्ण प्रदेश में किया जा रहा है जिसमें नाट्य मंचन के माध्यम से विक्रमादित्य का शौर्य, पराक्रम, न्यायप्रियता और विक्रम संवत की स्थापना को मंच के माध्यम से दर्शाया जाएगा। इस नाटक का लेखन रंगकर्मी प्रसन्न सोनी के द्वारा किया गया है तो वहीं मध्यप्रदेश स्कूल ऑफ ड्रामा के निदेशन टीकम जोशी ने इसे निर्देशित किया है। लगभग 20 कलाकारों की टीम सुबह ठीक 10 बजे नाट्य प्रस्तुति देगी।स्थानीय निर्देशक अंजलि शुक्ला ने बताया कि सृष्टि आरम्भ दिवस और वर्ष प्रतिपदा, विक्रम संवत 2082 के आरंभ के अवसर पर आधे घंटे की नाट्य प्रस्तुति शंखनाद नाट्य मंच के कलाकारों द्वारा दी जाएगी।ब्रह्मध्वज की स्थापना से नाटक का शुभारंभ होगा। जिला प्रशासन के सहयोग से होने वाली इस प्रस्तुति दर्शकों के लिए निशुल्क प्रवेश रहेगा। अतः ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर नव संवत्सर के इस आयोजन में भागीदार बनें।

# जहूर हत्याकाण्ड में आरोपी इशाक बुटलर को उम्रकैद




## 2023 में बदले की रंजिश में की गई थी हत्या

**जागरण, छतरपुर।** छतरपुर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में वर्ष 2023 के दौरान हुए एक चर्चित हत्याकाण्ड में जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने अपना फैसला सुनाते हुए मामले के मुख्य आरोपी इशाक बुटलर को उम्रकैद की सजा सुनाई है। गौरतलब है कि इशाक बुटलर ने अपने भाई की हत्या का बदला लेने के लिए जहूर मुसलमान की हत्या कर दी थी। डीपीओ प्रवेश अहिरवार ने बताया कि अदालत के लिए यह काफी कठिन मामला था लेकिन फिर भी कुछ महत्वपूर्ण साक्ष्य और गवाहों के आधार पर अदालत ने इस मामले में अपना फैसला सुनाया है। दरअसल 2023 में जहूर मुसलमान जो कि इशाक बुटलर के भाई की हत्या के मामले में जेल से पैरोल पर रिहा होकर घर आया था उसे इशाक बुटलर ने मौत के घाट उतार दिया था। इस मामले में मृतक के परिवार के लोग अदालत में गवाही से मुकर गए थे और मुख्य विवेचना अधिकारी तत्कालीन टीआई अरविंद कुजूर भी गवाही के पहले इस दुनिया से चल बसे थे। इसके बावजूद इस मामले में हत्या की मंशा के लिए कातिल के पास मौजूद वजह, मृतक के शरीर में मिली गोली और जब्त कट्टे को मुख्य आधार मानकर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने आरोपी इशाक बुटलर को आजीवन कारावास और 10 हजार के जुर्माने की सजा सुनाई है।

## शहर के प्रसिद्ध जालपा मंदिर में चैत्र नवरात्र की तैयारी पूर्ण



**कटनी।** इस बार नवरात्रि का त्यौहार 30 मार्च से शुरू होगा और 6 अप्रैल तक मनाया जाएगा। नवरात्रि के दिनों में पांच विशेष योग बनने और माता की सवारी हाथी होने के चलते इस बार की नवरात्रि सुख समृद्धि से पूर्ण होगी। इस बार नवरात्रि में सर्वार्थ सिद्ध, ऐंद्र, बुद्ध आदित्य, शुक्र आदित्य, लक्ष्मी नारायण योग बनने से नवरात्रि विशेष फलदायक होगी। नवरात्रि हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण उत्सव है, जिसे शक्ति की पूजा और आध्यात्मिक साधना के लिए सर्वोत्तम समय माना जाता है। यह पर्व साल में चार बार मनाया जाता है, जिनमें चैत्र नवरात्रि और शारदीय नवरात्रि का विशेष महत्व है। चैत्र नवरात्रि देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना का पर्व है जो हर वर्ष चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से आरंभ होता है।

**8 दिनों की है नवरात्रि :** इस बार नवरात्रि 9 दिन की बजाय केवल 8 दिन की होगी क्योंकि तिथियों में परिवर्तन के कारण अष्टमी और नवमी एक ही दिन पड़ रही हैं। पंचमी तिथि के क्षय होने के कारण आठ दिनों की नवरात्र होगी। दो अप्रैल दिन बुधवार को चौथ और पंचमी की पूजा होगी। घट स्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 6 बजकर 13 मिनट से प्रारंभ होगा और सुबह 10 बजकर 21 मिनट तक रहेगा। घटस्थापना का अभिजित मुहूर्त दोपहर 12 बजे से दोपहर 12 बजकर 50 मिनट तक रहेगा। घटस्थापना की कुल अवधि 50 मिनट की रहेगी। शहर के प्रसिद्ध जालपा माता मंदिर में चैत्र नवरात्र की तैयारी पूर्ण कर ली गयी है मंदिर के मुख्य पुजारी लालाजी पंडा ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मंदिर में सारी तैयारी कर ली गयी है प्रतिदिन महाआरती भक्तों का भजन और 131 ज्वारे स्थापित किए गए है मनोकामना ज्योत प्रतिदिन ज्वलित रहेगी।

# चैत्र नवरात्रि पर दस दिनों तक धार्मिक नगरी विजयराघवगढ में होंगे विभिन्न आयोजन

## नगर के विभिन्न मंदिरों मे होती है पूजा अर्चना, उपवास के साथ माता की अराधना

**कटनी।** विजयराघवगढ़ नगरी एक धार्मिक नगरी के रूप मे विख्यात है। धार्मिक नगरी होने की वजह से सम्पूर्ण वर्ष धार्मिक आयोजन होते रहते हैं। विशेष रुप से मां शारदा का दरबार अलौकिक माना जाता है। विजयराघवगढ़ में नदीपार स्थित माता का दरबार एक पहाड़ी पर स्थित है माता की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बताया जाता है कि विजयराघवगढ़ राजा सरयू प्रसाद जिनकी विरासत मैहर तक फैली हुई थी राजा ने माता की स्थापना कराने के लिए दो प्रतिमाओं का निर्माण कराया। बड़ी बहन विजयराघवगढ़ राज घराने द्वारा पूजी जाती थी तथा मैहर मे विराजमान छोटी बहन मां शारदा मैहर राजघराने द्वारा पूजी जाने लगी किन्तु एक समय ऐसा भी आया जब विजयराघवगढ़ नगरी बृम्ह देव के श्राप की वजह से पिछड़ गयी तथा मां शारदा विलुप्त हो गयी। लंबे समय के बाद जब बृम्ह देव का श्राप समाप्त हुआ तो कहा जाता है की माता ने मैहर पंडा को दूसरे दिन प्राण प्रतिष्ठा करने का आदेश दिया और माता रानी जिस मंदिर मे विलुप्त हुई उसी मंदिर से स्वयं प्रकट हो गयी। मैहर के पंडा ने बड़ी बहन माता रानी माँ शारदा की प्राण प्रतिष्ठा पूरे रीति रिवाज से कराई। बृम्ह देव के श्राप की वजह से विजयराघवगढ़ मां शारदा मंदिर का प्रचार प्रसार देर से हुआ और छोटी बहन मैहर की माता शारदा विख्यात हो गयी। मान्यता यह है की मां शारदा के दर्शन का फल तभी प्राप्त होता है जब विजयराघवगढ़ मे विराजमान बड़ी मां शारदा के दर्शन के पश्चात छोटी बहन मैहर की शारदा माता के दर्शन प्राप्त करें। भक्तो का ताता मंदिर मे रोजाना देखा जाता है किन्तु प्रमुख रूप से वर्ष मे दो बार नौ दुर्गा सप्ताह तथा नव वर्ष के प्रथम दिन भारी जन सैलाब उमड़ता है। माता के प्रति भक्तो का अटूट विश्वास है। इस जनसैलाब को देखकर प्रदर्शित होता है। माता रानी की पूजा अर्चना की जिम्मेदारी त्रिपाठी परिवार द्वारा निरंतर निभाई जाती है भक्तो के आने जाने मे कोई परेशानी न हो इस बात का विशेष ध्यान दिया जाता है। मंदिर व्यवस्थापकों द्वारा निःशुल्क पेयजल व्यवस्था साफ सफाई भक्तों के आवागमन इत्यादी पर विशेष ध्यान दिया जाता है। नगर के युवाओं द्वारा माता रानी को चुनरी भेट की जाती है जगह जगह भंडारे भजन आदि धार्मिक आयोजन होते हैं। धार्मिक आयोजनों को लेकर तरह तरह की तैयारिया की जाती है। भक्तिभाव के साथ चैत्र नवरात्र पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया जाता है।





## नौगांव में लड़कियों के प्यार ने तोड़ी हर बंदिश...!

**नौगांव।** कहते हैं कि प्यार ना जाति देखता है, ना लिंग, प्यार तो बस हो जाता है। ऐसा ही मामला सामने आया है जिले की नौगांव जनपद के ग्राम दौरिया से जहां दो लड़कियों ने समाज की हर बंदिश को तोड़ते हुए समलैंगिक विवाह किया है। अच्छी बात यह है कि लड़कियों के परिवार वालों ने भी इस बार कोई आपत्ति नहीं जताई है, परिवार ने लड़कियों की खुशी को तवज्जो देकर उनका स्वागत किया है। उल्लेखनीय है कि छतरपुर जिले में यह पहला मामला है, जब खुलेआम किसी ने समलैंगिक विवाह किया है। मामला सामने आने के बाद लड़कियों की प्रेम कहानी सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय भी बनी हुई है।

## देह व्यापार के अड्डों पर पुलिस के छापे

**जागरण, छतरपुर।** शनिवार को छतरपुर की सिविल लाइन थाना पुलिस ने एक बार फिर लगातार मिल रहीं शिकायतों के आधार पर सागर रोड, देरी रोड के कुछ संदिग्ध देह व्यापार अड्डों पर छापामार कार्यवाही की है। यह कार्यवाही सिविल लाइन पुलिस और महिला थाने के बल के द्वारा की गई। कार्यवाही के दौरान चार लड़के और चार लड़कियों को पूछताछ के लिए पकड़ा गया है।

टीआई बाल्मीकी चौबे ने बताया कि एसपी अगम जैन के निर्देश पर जिला मुख्यालय के विभिन्न स्थानों से मिलने वाली शिकायतों के आधार पर देह व्यापार करने वाले लोगों की निगरानी की जा रही है। इसके साथ ही ऐसे अड्डों पर भी सतत् जांच-पड़ताल की जा रही है जहां से देह व्यापार की आशंका है। इन्हीं शिकायतों के आधार पर शनिवार को देरी रोड और सागर रोड के कुछ स्थानों पर छापेमार कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही के दौरान चार लड़के लड़कियों को पूछताछ के लिए थाने लाया गया है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

# मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजनांतर्गत अनुग्रह राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से हुई अंतरित



**कटनी।** मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के द्वारा 28 मार्च को सिंगल क्लिक के माध्यम से संबल योजना के तहत 23162 श्रमिक परिवारों को 505 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की गई। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कटनी नगर निगम कार्यालय में आयोजित किया गया। महापौर प्रीति संजीव सूरी, आयुक्त नीलेश दुबे एवं एमआईसी सदस्यों द्वारा योजनांतर्गत उपस्थित 11 श्रमिक हितग्राहियों को 2 लाख की अनुग्रह सहायता राशि के स्वीकृति आदेश वितरित किए गए। निगम सीमांतर्गत कुल 23 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए हैं। कार्यक्रम के दौरान महापौर सूरी ने शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी को धन्यवाद प्रेषित किया जिसके अंतर्गत गरीबों असहाय, लोगों को आर्थिक लाभ मिल पा रहा है। विदित हो मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना, असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए महत्वपूर्ण योजना है। योजना में अनुग्रह सहायता योजना अंतर्गत दुघर्टना में मृत्यु होने पर 4 लाख रुपये एवं सामान्य मृत्यु होने पर 2 लाख रुपये प्रदान किए जाते हैं। स्थायी अपंगता पर 2 लाख रुपये एवं आंशिक स्थायी अपंगता पर 1 लाख रुपये तथा अंत्येष्टि सहायता के रूप में 5 हजार रुपये प्रदान किए जाते हैं। संबल योजना में महिला श्रमिकों को प्रसूति सहायता के रूप में 16 हजार रुपये दिए जाते हैं, साथ ही श्रमिकों के बच्चों को महाविद्यालयीन शिक्षा प्रोत्साहन योजना में उच्च शिक्षा के लिए संपूर्ण शिक्षण शुल्क राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है।

### हितग्राहियों ने दिया मुख्यमंत्री को धन्यवाद

निगम अन्तर्गत सीधा प्रसारण कार्यक्रम में आयी उत्तराधिकारी हितग्राही मनोरमा बड़गैयां ने बताया कि अक्टूबर 2023 में कैंसर के कारण 47 वर्ष की उम्र में उनके पति उमकान्त बड़गैयाँ की मृत्यु हो गई। उनकी 2 संतान हैं, बीमारी के इलाज के दौरान भी अत्यधिक पैसे लग चुके थे जिनसे उनकी आर्थिक स्थिति अत्यधिक प्रभावित हुई किंतु मुख्यमंत्री जी की महत्वपूर्ण योजना संबल योजनांतर्गत आज उन्हें दो लाख रुपये की राशि हेतु स्वीकृति आदेश मिला जिससे उपयोग वे अपने बच्चों की शिक्षा में कर सकेंगी। इसी प्रकार सीएलपी वार्ड निवासी हितग्राही सुधा चौधरी ने बताया कि अगस्त 2024 में हार्ट अटैक के कारण 49 साल की उम्र में उनके पति की मृत्यु हो गई पति के जाने के बाद उनकी चार संतान के पालन पोषण में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। आज उन्हें संबल योजना के तहत 2 लाख राशि रुपये का स्वीकृति पत्र प्राप्त हुआ है जिसका उपयोग वे बच्चों के पालन पोषण में कर सकेंगी। सभी हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को इस महत्वपूर्ण गरीब कल्याणकारी योजना हेतु धन्यवाद प्रेषित किया है। निकाय अन्तर्गत सीधा प्रसारण कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य सुभाष साहू, जयनारायण निषाद, डॉ रमेश सोनी, एड सुरेंद्र गुप्ता पार्षद शकुंतला सोनी, सुमित्रा रावत, सुशीला मिश्रीलाल, प्रभा गुप्ता, निगम के अधिकारी कर्मचारी सहित योजना के हितग्राहियों की उपस्थिति रही।

## नगर परिषद विजयराघवगढ़ करेगी विधायक के सपनों को साकार

**कटनी।** विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक की सोच से और सुझबुझ से सबसे अधिक विकास विजयराघवगढ़ विधानसभा मे देखा जा रहा है। विधायक संजय सत्येंद्र पाठक का हमेशा से यही मानना रहा है की हम आम आदमी की सेवा का दायित्व निभा सके इसलिए विकास मे कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। विकास के लिए योजनाएं व राशि लाना मेरा काम है उस राशि से विकास करना नगर परिषद व पंचायत का कार्य है सभी को मिलकर विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र को मध्यप्रदेश मे विकास कार्यों के लिए जगजाहिर करना है। इन्ही सपनो को लेकर कैमोर नगर परिषद ने विधायक के सपनो पर चार चांद लगाए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी धर्मेन्द्र शर्मा विजयराघवगढ़ नगर परिषद का प्रभार संभाल चुके हैं तो उन्होंने विजयराघवगढ़ नगर की भी तस्वीर नगर परिषद अध्यक्ष वसुधा मनीष मिश्रा, उपाध्यक्ष हरिओम बर्मन के सहयोग से पूरा करने भूमिका बनाई। सर्वप्रथम नगर परिषद विजयराघवगढ़ बड़े वाटर कूलर के माध्यम से नगर मे आने वाले लोगों को शीतल जल पिलाएगी। इसके साथ नगर मे 100 फुट ऊंचा तिरंगा मध्यप्रदेश की शान में विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक द्वारा फहराया जाएगा। नगर मे सुन्दर आकर्षित करने वाला प्रवेश द्वार का निर्माण होगा, विभिन्न जगहों पर सौंदर्यीकरण की रुपरेखा तैयार की जा रही है। नगर परिषद अध्यक्ष वसुधा मनीष मिश्रा ने जानकारी देते हुए कहा की विकास की सोच वाले अधिकारी के आभाव मे नगर का विकास कार्य अभी तक रुका हुआ था किन्तु धर्मेन्द्र शर्मा के आने से अब विकास मे कोई रुकावट नहीं आएगी। विधायक के सपनों को साकार करने के लिए अब तीव्रता के साथ विकास होंगे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी धर्मेन्द्र शर्मा ने बतलाया की विजयराघवगढ़ नगर परिषद मे आय के श्रोत कम है फिर भी विधायक जी के मार्गदर्शन व सहयोग के साथ विजयराघवगढ़ का विकास नगर परिषद अध्यक्ष वसुधा मनीष मिश्रा उपाध्यक्ष हरिओम वर्मन तथा सम्पूर्ण परिषद के सहयोग से किया जाएगा।

## विकास शुल्क से अनधिकृत कॉलोनियों में भी मिल सकेंगी मूलभूत सुविधाएँ

**कटनी।** म.प्र.नगरपालिका कालोनी विकास निगम 2021 के तहत अनाधिकृत कालोनियों में मूलभूत नागरिक अधोसंरचना उपलब्ध कराने हेतु कार्यालय नगरपालिक निगम कटनी द्वारा दिनांक 31 दिसम्बर 2016 के पूर्व की चिन्हित अवैध कालोनियों के अभिन्यास का अंतिम प्रकाशन किया जाकर विकास शुल्क निर्धारित किया गया है। अतः उपरोक्त नियमों के परिपेक्ष्य में नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने आदेश जारी करते हुए प्रथम चरण में वार्डो में चिन्हित कालोनियों में शिविर आयोजित करते हुए अनिल जायसवाल सहायक यंत्री एवं प्रभारी अधिकारी कालोनी सेल के निर्देशन में विकास शुल्क की वसूली किये जाने के निर्देश दिए हैं।

**प्रथम चरण में इस दिन इन वार्डों में लगेंगे शिविर :** जारी आदेशनुसार प्रथम चरण में क्रमानुसार दिनांक 1 अप्रैल से 5 अप्रैल तक बाल गंगाधर तिलक वार्ड क्र01 में, दिनांक 7 अप्रैल से 11 अप्रैल तक बिरसा मुंडा वार्ड क्र02 में, दिनांक 15 अप्रैल से 19 अप्रैल तक लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्र 3 में, दिनांक 21 अप्रैल से 25 अप्रैल तक इंदिरा गांधी वार्ड क्र 04 में, दिनांक 28 अप्रैल से 2 मई 2025 तक राममनोहर लोहिया वार्ड में शिविर आयोजित किए जाएँगे। जिसमें उपस्थित होकर वार्ड नागरिक सुलभता के साथ विकास शुक्ल जमा कर सकेंगे।

### सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

# सिंधु नौजवान मंडल ने झूलेलाल जन्मोत्सव पर आयोजित किये विभिन्न कार्यक्रम



**कटनी।** सिंधी समाज की अग्रणी संस्था सिंधु नौजवान मंडल के तत्वाधान में झूलेलाल जन्मोत्सव चेट्रीचंड्र पर्व पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन सिंधु झूलेलाल मंगलम के पास चड्ढा कॉलेज कैंपस में किया गया। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। समस्त कार्यक्रमों की शुरूआत भगवान श्री झूलेलाल साई की आरती से हुई कार्यक्रमों की श्रृंखला में 23 मार्च को वाकाथन पैदल मार्च में समस्त सिंधी समाज ने एक वेषभूषा शामिल होकर सामाजिक एकता की मिसाल कायम की, 26 मार्च को संत सांई लालदास साहिब के सत्संग व दर्शन प्राप्त कर निहाल हुए लोग, 27 मार्च को आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में समाज के नन्हे मुन्ने बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया प्रतिभागियों को प्रथम द्वितीय तृतीय के अलावा विशेष पुरस्कार भी वितरण किए गए व मेधावी छात्र छात्राओं को प्रशस्ती पत्र, मेडल देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान गणेश वंदना, कथक, बांसुरी वादन व महाकुंभ की विशेष प्रस्तुति व सांस्कृतिक संगीत पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियों ने धर्म प्रेमी जनता का मनमोह लिया। 28 मार्च को राजस्थान से आए मशहूर गायक गिरीश कृपलानी व दिल्ली से आई मशहूर गायिका ईना लखमानी द्वारा भजन संध्या की शानदार प्रस्तुति ने समां बांधा। 29 मार्च को अमृतमय भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर मुख्य पवित्र किया। आयोजित समस्त कार्यक्रमों में जनता का हुजूम देखते बनता था 30 मार्च को निकली जाएगी भव्य शाही शोभायात्रा। शोभायात्रा भगवान श्री झूलेलाल मंदिर गुरुनानक वार्ड से सांय 5 बजे प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई मसुरहा घाट में संपन्न होगी। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण विशाल महाकाल डमरू वादक व अधोरी ग्रुप रहेगा। सिंधु नौजवान मंडल समस्त धर्म प्रेमी जनता से आग्रह करता है की शोभायात्रा में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

### चेक बुक गुमी सूचना

मैं, गीता सिंह पति धीरेन्द्र सिंह, उम्र 58 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 9 सिरमौर, तहसील सिरमौर, जिला रीवा, मध्य प्रदेश, यह शपथपूर्वक घोषित करती हूँ कि दिनांक 25.03.2025 को मैं अपने घर से प्राथमिक पाठशाला जोवा (टोला), संकुल केन्द्र बरौं, जिला रीवा, मध्य प्रदेश जा रही थी। मेरी चेक बुक मेरे बैग में रखी हुई थी। मेरा बचत खाता संख्या 8081152892 मध्यांचल ग्रामीण बैंक, शाखा सिरमौर में संचालित है। उक्त खाते की चेक बुक मुझे बैंक द्वारा प्रदान की गई थी। मेरी चेक बुक किसी अज्ञात स्थान पर गुम हो गई है। इस चेक बुक में से कुछ चेक पहले ही उपयोग किए जा चुके हैं, जिनकी विवरण निम्नानुसार है– चेक संख्या: 728224, 728226, 728229, 728231, 728232, 728237 शेष चेक जिन पर मैंने हस्ताक्षर किए थे, वे भी गुम हो गए हैं। मैंने अपनी चेक बुक को काफी तलाश किया, किंतु वह नहीं मिली। उक्त घटना की जानकारी मैं थाना सिरमौर में प्रस्तुत कर दी हूँ, जिससे आगे किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी या दुरुपयोग की स्थिति से बचा जा सके। मैं सत्यनिष्ठा के साथ यह शपथपूर्वक घोषित करती हूँ कि उपरोक्त कथन सत्य, पूर्ण और मेरे व्यक्तिगत ज्ञान पर आधारित है।

दिनांक: 27/03/2025
स्थान: सिरमौर, रीवा (म.प्र.)
गीता सिंह
पति धीरेन्द्र सिंह
RN-82035

### लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944

### जमीन बेचना है

ग्राम ककलपुर तह. रामपुर बघेलान जिला सतना 89 ढिसमिल (38,768.4 स्क्वायर वर्ग फिट लगभग) आवासीय एवं व्यावसायिक के लिए संपर्क कर सकते हैं।
सम्पर्क करें :- 9926939282, 9179430961, 8770156819
आर.एन. 82030(2/4)

# जिले को लाइब्रेरी और कीर्ति गर्ल हॉस्टल महिला पीजी की सौगात

## न्यूनतम फीस पर सभी सुविधाएं व मिलेंगी अध्ययन सामग्री

जागरण बैढ़न

सिंगरौली जिले का पहला लाइब्रेरी और गर्ल हॉस्टल महिला पीजी का शुभारंभ हुआ उक्त संस्थान कॉलेज रोड घुरिताल बबन चौराहा पास ही सुचित्रा सदन बिल्डिंग में संचालित है। जिले की पहली लाइब्रेरी संचालित थी जो अब नए नाम व विशेष सुविधाओं के साथ अध्ययन करने वाले युवा युवतियां जो जिले से बाहर दूर शहरों में रखकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करते थे उन्हें अब जिले में ही न्यूनतम फीस पर सारी सुविधाएं व अध्ययन सामग्री मिलेंगी । संस्था प्रमुख सुचित्रा साहू ने बताया यहां पूरे सिंगरौली जिले में अकेली महिलाओं को शहर में रहकर नौकरी करने या पढ़ाई करने में बहुत असुरक्षित महसूस करती थी लेकिन अब अध्यनरत महिलाएं या नौकरी पैसा में जो अकेली रहती हैं उनके लिए पूर्णत सुरक्षित परिसर कीर्ति लाइब्रेरी और महिला पीएजी उपलब्ध है जहां फ्री वाई फाई 24 घंटे बिजली पानी सीसीटीवी से सुरक्षित लॉन्ड्री सुविधा महिला संचालिका की देख रेख में होगा जहां सुरक्षित रूप से सुकून भरे माहौल में रहेंगी उक्त शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रामनिवास शाह विधायक सिंगरौली रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता अरविंद सिंह चंदेल अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली शहर द्वारा किया गया विशिष्ट अतिथि के रूप में रेनू शाह पूर्व महापौर एवं विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी सुंदरलाल शाह अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी सिंगरौली राम शिरोमणि शाहवाल प्रदेश उपाध्यक्ष मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग नरेश शाह पूर्व उपाध्यक्ष सिंगरौली विकास प्राधिकरण अशोक शाह वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत सीधी



मनोज शाह प्रदेश उपाध्यक्ष म. प्र कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग सिंगरौली वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लवलेश सिंह सी.ए. मनोरमा शाहवाल प्रदीप शाह संयोजक विधिः प्रकोष्ठ भाजपा संजीव अग्रवाल वरिष्ठ नेता पूर्व अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा मनोज दुबे अध्यक्ष किसान कांग्रेस



सिंगरौली वरिष्ठ संविदाकार शिवशंकर शाह वरिष्ठ सामाजिक नेता त्रिवेणी शाह रितेश शाह एड बृजेन्द्र शाहवाल बृजेंद्र शाहवाल भानु प्रकाश शाह अजय शाह सचिव जिला कांग्रेस पि.वर्ग. एड गंगा शाह सिंगरौली संस्थान की प्रबंधक कोमल मिश्रा प्रांजल गुप्ता रहे हवन पूजन के साथ लाल फीता सबसे बुजुर्ग वरिष्ठ संस्था प्रमुख के पिता सीताराम शाहवाल वरिष्ठ अधिवक्ता द्वारा काटा गया आचार्य नारायण प्रसाद मिश्र द्वारा कथा पूजन मंत्रोचारण कर विधिः विधान से उदघाटन कार्यक्रम सफल हुआ जहां अध्ययन करने वाले युवा युवतियों सहित बहुत संख्या में सामाजिक व प्रमुख लोग शामिल रहे।

# सरस्वती विद्यालय विन्ध्यनगर का घोषित हुआ वार्षिक गृह परीक्षा परिणाम



**जागरण विंध्यनगर।** आज सरस्वती शिशु मंदिर उच्च.माध्य. विद्यालय विन्ध्यनगर का गृह परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। आज के इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुशील सिंह चन्देल जिला सचिव सरस्वती शिक्षा परिषद म.प्र. अध्यक्ष बैकुण्ठ प्रसाद शाह विभाग समन्यवक उर्जांचल विभाग विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय की सह व्यवस्थापिका श्रीमती गायत्री श्रीवास्तव उपस्थित रहीं। अथितियों का स्वागत एवं परिचय विद्यालय के प्राचार्य मुद्रिका प्रसाद दुबे ने कराया। इस अवसर पर अध्यक्षयीय आसन्दी से बैकुण्ठ शाह ने महात्मा बुद्व का दृष्टान्त देते हुए भैया/बहनों को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी वहीं विद्यालय के प्राचार्य मुद्रिका प्रसाद दुबे ने नई शिक्षा नीति के अनुसार एक अप्रैल से नवीन शिक्षा सत्र के प्रारम्भ एवं सफल भैया/बहनों को शुभकामनाऍं प्रेषित किया एवं इस बात पर जोर दिया कि सभी अभिभावक छात्रों को निश्चित रूप से एक अप्रैल से विद्यालय भेजें इस दौरान शैक्षकीय कार्य के साथ.साथ परिषदीय प्रतियोगिताओं का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है। कक्षा 5वीं एवं 8वीं की बोर्ड कक्षाओं का परीक्षा परिणाम अव्वल रहा। जिसमें 5वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 90.10 प्रतिशत एवं 8वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 97 प्रतिशत रहा। कक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त भैया/बहनों को अतिथियों के द्वारा पुरूस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अन्त में अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमती नीलम गुप्ता के द्वारा किया गया।

# शक्तिपीठ ज्वालामुखी मंदिर चैत्र नवरात्र पर दिव्य मेला का आयोजन

**जागरण शक्तिनगर।** स्थानीय शक्तिपीठ श्री ज्वालामुखी मंदिर प्रांगण में चैत्र नवरात्र वर्ष प्रतिपदा के अवसर पर भव्य मेला दिव्य मेला के आयोजन के लिए तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। रविवार प्रातः काल मंगला आरती के पश्चात माताजी के दर्शन के लिए कपाट खोल दिए जाएंगे। तीर्थ पुरोहित पंडित वेदांती मिश्रा के अनुसार चैत्र नवरात्र वर्ष प्रतिपदा प्रथम तिथि पर मां ज्वालामुखी को प्रतीकात्मक बकरे की बलि चढ़ाई जाती है। जिसके तीर्थ पुरोहितों द्वारा विशेष पूजन एवं अनुष्ठान किया जाता है। मंदिर प्रांगण में ब्राह्मणों द्वारा दुर्गा सप्तशती का पाठ घट पूजन एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान कराए जाते हैं। घट पूजन स्थापना प्रातः काल से लेकर मध्यान 02.14 बजे तक शुभ मुहूर्त है। मंदिर प्रांगण के नए गेट एवं प्राचीन मार्ग पर नारियल चुनरी माला फूल की दुकानें सज गई हैं। स्थानीय पुलिस प्रशासन के माध्यम से मेला प्रांगण में दुकान लग रही हैं। स्थानीय ग्रामीण जन सहयोग से जिला प्रशासन द्वारा मेला कमेटी का निर्माण किया गया है जिनके माध्यम से मेला प्रांगण में दुकानों का आवंटन निशुल्क किया जा रहा है। मेला प्रांगण में प्रतिवर्ष की भांति जन सुविधार्थ बिजली पानी एवं अन्य सुविधाएं एनटीपीसी द्वारा मुहैया कराई जाती रही हैं।

# सरस्वती शिशु मंदिर परसौना के छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम

**जागरण बैढ़न।** ग्राम भारती जिला.सिंगरौली संबद्ध सरस्वती शिशु मंदिर परसौना का विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर शिखरता की बुलंदियों को छूने के लिए अग्रसर हो रहा है। भारतीय संस्कृति पर आधारित संस्कार युक्त शिक्षा प्रदान कर सरस्वती शिशु मंदिर परसौना जिलें अपना अलग पहचान स्थापित कर चुका है। समय समय पर नशा मुक्ति उन्मूलन वृक्षारोपण जाति पाति की खाई खत्म करने जैसे कार्यक्रम चलाकर विद्यालय परिवार समाज सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका में निभाने का कार्य करता रहता है। सरस्वती शिशु मंदिर परसौना के भैया/बहिनों ने बोर्ड परीक्षा में कक्षा अष्टम की बोर्ड परीक्षा में छात्र विजय विश्वकर्मा करण गिरि खुशी पटेल मीना प्रजापति रिया दुबे कुश पटेल खुशी रावत सत्यम पाल काजल गुप्ता दीक्षा केसरी अभिषेक नाई दीपक विश्वकर्मा प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण हुए। जबकि कक्षा पंचम में अन्नया नापित प्रज्ञा नापित ऋषि वर्मा शिवनारायण बियार त्रिविक्रम दुबे अनिकेत विश्वकर्मा सूरज विश्वकर्मा ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण हुए। विद्यालय का परीक्षा पल 100 प्रतिशत रहा। ग्राम भारती सिंगरौली के जिला समन्वयक कमलेश्वर तिवारी विद्यालय के संयोजक श्री कमलेश वैश्य और विद्यालय के प्रधानाचार्य अनूप पाण्डेय ने बच्चों को शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य कि कामना प्रेषित कर सभी आचार्य दीदीयो को भी उनके इस मेहनत के लिए धन्यवाद दिया है।

# मंत्री ने अपने रिश्तेदार को दिलाया 2 संभागों का प्रभार

**जागरण ब्यौहारी।** ब्यौहारी। शहडोल जिले के अंतर्गत व्यवहारी विधानसभा क्षेत्र की अधिकांश नल जल योजनाएं बंद सालों से उनकी मॉनिटरिंग नहीं की जा रही है कारण यह है कि पहले व्यावहारिक एसडीओ अफजल खान हुआ करते थे वह काफी सक्रिय अधिकारी उनके प्रयासों से पीएचडी विभाग द्वारा कई नल जल योजनाएं संचालित होने लगी थी और लोगों को घर-घर पानी मिलाने लगे था लेकिन काम करने वाले अधिकारी अफजल खान जिनका मूल पद एसडीओ था उनको पहले शहडोल जिले का कार्यपालन यांत्रिक बनाया गया उसके बाद उनका ट्रांसफर डिंडोरी जिले में कर दिया गया उनके स्थान पर विभाग की मंत्री संपत्तिया उईके द्वारा अपने रिश्तेदार एच एल धुर्वे को शहडोल में पदस्थ किया गया सूत्रों की माने तो धुर्वे पीएचईडी विभाग की मंत्री संपत्तिया उईक के रिश्तेदार हैं इतना ही नहीं उन्हें शहडोल के साथ रीवा संभाग का भी प्रभार दिला दिया गया अब वह शहडोल संभाग के अधीक्षण यंत्री एवं कार्यपालन यंत्री है एवं रीवा संभाग के भी अधीक्षण यंत्री एवं कार्यपालन यंत्री उनके द्वारा कोई काम नहीं किया जाता इसी तरह से विजय केसरवानी




जिनका मूल पदों के यंत्री है उनको बुढ़ार में एसडीओ का चार्ज दिलाया गया उसके बाद अब ब्यौहारी में भी एसडीओ का चार्ज दिलाया गया जो नियम विरुद्ध है जो व्यक्ति स्वयं एक जगह चार्ज में है वह दूसरी जगह कैसे उसी पद पर चार्ज में हो सकता है अब सबसे बड़ा सवाल है कि दो-दो संभागों में वह कैसे काम कर पा रहे होंगे क्या रीवा संभाग में कोई एसडीओ रैंक का अधिकारी नहीं है जिसको कार्यपालन यंत्री ,अधीक्षक यंत्री का प्रभार दिया जा सके या फिर यदि इतने योग्य हैं कि उनको दो संभागों का प्रभारी बनाया गया है यदि वह इतने ही योग्य है तो अपने विधानसभा क्षेत्र और अपने जिले में मंत्री क्यों पदस्थ नहीं करती दूसरे जिले की नल जल योजनाओं को क्यों बर्बाद कर रहे हैं क्या शहडोल जिला ही इतना असहाय है कि यहां जो करना हो करो यहां के भाजपा नेता कुछ नहीं कर सकते और मौन बने रहेंगे क्योंकि उनको अपना ठेका छूटने का जो डर है जिले के लोगों ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ला से ऐसे लापरवाह अधीक्षण यंत्री को तत्काल हटाए जाने की मांग की है।

# विक्रमोत्सव का आयोजन आज अटल सामुदायिक भवन बिलौजी में

**जागरण बैढ़न।** कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला ने बताया कि विक्रम संवत 2082 का शुभारंभ ईसवी कलैण्डर आज हो रहा है। जिला स्तर पर विक्रमोत्सव समारोह का आयोजन अटल सामुदायिक भवन बिलौजी में प्रातः 10 बजे किया जायेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्रम्ह ध्वज का वंदन के साथ किया जायेगा। समारोह में उपस्थित अतिथियों द्वारा ब्रम्ह ध्वज का वंदन किया जायेगा। एवं विक्रम संवत की भूमिका के बारे मे अवगत कराने के साथ ही कलाकरो के द्वारा नाट्य प्रस्तुति सम्राट विक्रमादित्य का मंचन किया जायेगा। कलेक्टर श्री शुक्ला ने बताया कि इस अवसर पर सूर्य उपासना आयोजन अंतर्गत नाट्य प्रस्तुति सम्राट विक्रमादित्य का मंचन नाट्य दल निर्देशन सुनील रावत एवं नाट्य दल के सदस्यों के द्वारा किया जायेगा। कलेक्टर श्री शुक्ला के द्वारा उक्त सम्पूर्ण समारोह हेतु जिला शिक्षा अधिकारी एस.बी सिंह नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# बिजली तार के शार्ट-सर्किट से गेहूँ के खेत मे लगी आग



**चितरंगी।** आज दोपहर मे ग्राम कमरौहा के किसान नंद कुमार अग्रहरी के गेहूँ के खेत मे ग्यारह हजार वोल्टेज बिजली के शार्ट शर्किट से गेहूँ के खेत में आग लग गई जिससे लगभग 3 एकड़ खेत में किसान की खड़ी व कुछ कटी गेहूँ के फसल मे आग लग गई। जिससे किसान के गेहूँ की फसल जल कर राख हो गई। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया तब तक मे लगभग तीन एकड़ गेहूँ की फसल जलकर राख हो गई। किसान द्वारा फसल जलने की सूचना हल्का पटवारी व पुलिस चौकी मे दे दी गई है। वही लाल सुंदर सिंह किसान के फसल मे लगी आग की घटना दुखद है प्रशासन से आग्रह है किसान को उचित मुवावजा दिया जाए। कोरावल क्षेत्र मे फायर ब्रिगेड न होने की वजह से किसान की फसल मे आग ज्यादा बढ़ गई मौके पर अगर फायर ब्रिगेड होता तो किसान की इतनी बड़ी नुकसान नही होता । प्रशासन से आग्रह है की कोरावल क्षेत्र मे फायर ब्रिगेड की ब्यवस्था कराई जाये। आये दिन इस प्रकार के आगजनी की घटना होती रहती हैं।

## पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का संपन्न हुआ

**जागरण ब्यौहारी।** विकासखंड के अंतर्गत महिला बाल विकास विभाग द्वारा 100 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया। पोषण भी पढ़ाई भी अंतर्गत आधारशिला एवं नौ चेतन को आंगनबाड़ी केंद्र में क्रियान्वित करने के संबंध में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया। बच के अंतिम दिवस में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास मनोहर लरोकर द्वारा आधारशिला के संबंध में तीन से 6 वर्ष के बच्चों की शाला पूर्व शिक्षा के लिए भारत सरकार एवं महिला बाल विकास मंत्रालय द्वारा किया गया करिकुलम है के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही नवचेतना अंतर्गत शून्य से 3 वर्ष के बच्चों के अर्ली चाइल्डहुड स्टीम्यूलेश की गतिविधियों का संग्रह के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। परियोजना अधिकारी रोशनी गौतम द्वारा ईसीसीई के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

# रजमिलान तथा रजनिया मंडल की कार्यकारिणी घोषित

**जागरण बैढ़न।** प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा संभागीय संगठन प्रभारी रणबीर सिंह रावत एवं जिला संगठन प्रभारी प्रज्ञा त्रिपाठी की सहमति एवं जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह के अनुमोदन के पश्चात रजमिलान मंडल अध्यक्ष श्रीमती सुनीता पांडेय तथा रजनिया मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र नाथ सिंह ने अपनी कार्यकारिणी घोषित की हैं। घोषित कार्यकारिणी के अनुसार रजमिलान मंडल में जुग्गी लाल शाह अमित कुमार कुशवाहा रामप्यारे विश्वकर्मा रजनीश कोल नारायण दास शाह बृजेन्द्र कुमार शाह को उपाध्यक्ष मोहित कुमार कुशवाहा संतराज सिंह गोड़ को महामंत्री शारदा प्रसाद गुप्ता नरेन्द्र कुमार शुक्ला लीलावती जायसवाल लखपतिया साकेत उर्मिला तिवारी सुनील कुमार शाह को मंत्री तथा भगवान दास नापित को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इसी प्रकार रजनिया मंडल में राजमनिष्टर यादव विजय गुप्ता मेहीलाल सिंह अवधशरण साहू को उपाध्यक्ष सुरेश प्रसाद साहू एवं राज बहोर यादव को महामंत्री संतोष कुमार सिंह प्रियंका सिंह पारुल सिंह चौहान सुमित्रा साकेत अरुण कुमार कुशवाहा को मंत्री तथा प्रमोद कुमार कुशवाहा को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह समेत समस्त वरिष्ठों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी हैं तथा तत्काल प्रभाव से संगठन के कार्यों में संलग्न होने के निर्देश दिए हैं।



# विंध्याचल को वर्तमान ऊंचाइयों तक पहुंचाने में कर्मचारियों के योगदान को हमेशा रखा जाएगा याद : संजीब

## एनटीपीसी.विंध्याचल द्वारा 4 कर्मचारियों के सेवानिवृत होने पर दी गई भावभीनी विदाई

**जागरण विंध्यनगर।** एनटीपीसी.विंध्याचल परियोजना मे आज अपनी दीर्घ सेवा देने के पश्चात 4 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों मे बाल मुकुन्द मिश्रा अभियंता/एसएलपीएस प्रचालन राजेंद्र प्रसाद अभियंता/एसएलपीएस प्रचालन विनय शंकर शुक्ला अधिकारी/ एसएलपीएस स्टोर एवं सत्य प्रकाश साहू अभियंता/ एसएलपीएस बीएमडी शामिल है। एनटीपीसी.विंध्याचल प्रबंधन द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का सम्मान परियोजना के उमंग भवन के सभागार में किया गया। स्वागत की कड़ी में महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण संजीब कुमार साहा नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का पुष्पमाला से स्वागत किया। साथ ही परियोजना की यूनियन/एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भी पुष्पमाला पहनाकर अतिथि कर्मचारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण संजीब कुमार साहा नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि एनटीपीसी.विंध्याचल को वर्तमान ऊंचाइयों तक पहुंचाने में आपके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा और एनटीपीसी.विंध्याचल सदा ही आपकी सेवा के लिए आपका कृतज्ञ रहेगा। साथ ही सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अपने जीवन की नई पारी की नए सिरे से शुरुआत करने हेतु शुभकामनायें दीं तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इसी कड़ी मे विभागाध्यक्षों ने भी सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को शुभकामनायें दीं तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।




सम्मान की कड़ी में सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण संजीब कुमार साहा एवं अन्य महाप्रबंधकगणों द्वारा श्रीफल शाल एवं स्मृति.चिन्ह से सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को एनटीपीसी मे उनके द्वारा दी गई दीर्घ सेवाओं के लिए दीर्घ सेवा प्रमाण.पत्र आदि भी प्रदान किया गया । तत्पश्चात सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों ने बारी.बारी से एनटीपीसी से जुड़ी अपनी यादों को साझा किया। सभी नें एनटीपीसी में अपने बिताए समय को अविस्मरणीय कहा । उन्होने कहा कि उनकी पहचान एनटीपीसी के कारण ही बनी है और वे अपने आप को गौरवान्वित महसूस करते हैं। इसी के साथ सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों ने सभी सहकर्मियों को उनके सहयोग एवं सानिध्य के लिए विशेष तौर से धन्यवाद दिया। इस अवसर पर महाप्रबंधकगण विभागाध्यक्ष यूनियन एवं एसोशिएशन के प्रतिनिधिगण सेवानिवृत होने वाले विभाग के कर्मचारीगणों के साथ.साथ एवं उनके परिवार जन भी उपस्थित रहे। अभिनंदन समारोह का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ प्रबन्धक मानव संसाधन श्रीमती पुर्णिमा चतुर्वेदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में इस क्षण को अविस्मरणीय बनाने के लिए सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों के साथ महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण संजीब कुमार एवं अन्य महाप्रबंधकगणों के साथ एक सामूहिक एवं सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की व्यक्तिगत फोटोग्राफ भी ली गई।

# सिंधु समाज द्वारा निकली गई बाइक रैली



**जागरण ब्यौहारी।** नगर परिषद के अंतर्गत सिंधी समाज द्वारा 30 जनवरी को झूलेलाल की जयंती भव्य स्वरूप से मनाने के लिए तैयारी शुरू करती है दिनांक 29 मार्च को सुबह 10:00 बजे रेलवे तिराहा से लेकर टंकी तिराहा तक भाई की यात्रा निकाली गई उसके बाद लौटकर गुरुद्वारे के पास भाई की यात्रा का शुभारंभ हुआ 30 मार्च को झूलेलाल जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 7:00 बजे गुरुद्वारे से होगी शाम को गुरुद्वारे में प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## नाम सुधार सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै देवगनिया देवी पति रामपियारे रजक उम्र. 77 वर्ष निवासी ग्राम मेढ़ौली पो. सिंगरौली जिला.सिंगरौली म.प्र. की निवासी हूँ। मुझ शपथकर्ती के अभिलेखो मे नाम भिन्न-भिन्न है- आधार कार्ड मे देवगनिया देवी पति रामपियारे रजक पेन कार्ड मे Devganiya Devi D/o Surjan बैंक पासबुक मे Devganiya Devi मतदाता कार्ड मे.देवगनी पति रामपियारे, एनसीएल परिवार पंजीयन मे देवगनिया पति रामप्यारे रजक लेख है। जबकि उक्त सभी नाम मुझ शपथकर्ती देवगनिया देवी पति रामपियारे रजक का ही है। नाम भिन्नता के संबंध मे हम शपथ निष्पादित करायी हूँ।

दैनिक जागरण
www.dainikjagranmpcg.com
रीवा, 30 मार्च 2025 चैत्र शुक्ल 1 संवत 2081
संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

॥गीता॥

मानापमानयोस्तुल्यस्तुल्यो मित्रारिपक्षयोः।
सर्वारम्भपरित्यागी गुणातीतः स उच्यते॥

भावार्थ : जो मान और अपमान में सम है, मित्र और वैरी के पक्ष में भी सम है एवं सम्पूर्ण आरम्भों में कर्तापन के अभिमान से रहित है, वह पुरुष गुणातीत कहा जाता है।



# सवाल पूछने पर सख्ती से लोकतंत्र को खतरा

एक लोकतांत्रिक देश के संघीय ढांचे की अहम पहचान है सवाल पूछना और अभिव्यक्ति की आजादी। नागरिकों की आवाज को समाचार में जगह देना पत्रकार का दायित्व होता है। अगर वह सच्चाई सामने नहीं लाएगा, जनता की परेशानियों तथा उनकी नाराजगी को सामने नहीं रखेगा, तो पत्रकारिता अपना मूल उद्देश्य खो देगी। लेकिन आलम यह है कि शासन तंत्र अपने खिलाफ कोई भी स्वर नहीं सुनना चाहता। इसकी बानगी गुवाहाटी में देखने को मिली, जहां एक सहकारी बैंक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान वित्तीय अनियमितताओं को लेकर सवाल पूछने वाले पत्रकार को गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि बाद में एक अदालत ने पत्रकार को जमानत दे दी। उस बैंक में अहम पदों पर सत्ता से जुड़े रसूखदार लोग काबिज हैं और वह पत्रकार वहां चल रही अनियमितताओं को लेकर लगातार अपने समाचार पोर्टल पर लिख रहा था। हालांकि इस संबंध में पुलिस का कहना है कि उस पत्रकार ने जनजातीय समुदाय के एक व्यक्ति के खिलाफ जातिवादी टिप्पणियां की थी।व्यवस्था के विरोध में जनता के लिए लिखने वाले पत्रकारों के प्रति शासन की असहिष्णुता की खबरें अक्सर सामने आती हैं। लेकिन ऐसी स्थिति में कोई पत्रकार कैसे अपनी जिम्मेदारी निभा पाएगा। तमाम वैश्विक एजेंसियां भारत में प्रेस की स्वतंत्रता को लेकर सवाल उठा रही हैं। यह खेदजनक है कि प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत लगातार नीचे खिसक रहा है। 180 देशों में भारत वर्तमान में 159वें स्थान पर है। वर्ष 2003 से ही भारत का प्रदर्शन खराब आंका जा रहा है। सूचकांक के अनुसार, भारत में प्रेस की स्वतंत्रता को कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्रों, संयुक्त अरब अमीरात, तुर्किये और रूस के बराबर माना जा रहा है। ब्रिक्स देशों में ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका को भारत की तुलना में ज्यादा स्वतंत्रता प्राप्त है, जबकि चीन और रूस निचले पायदान पर हैं। दक्षिण एशियाई देशों में, बांग्लादेश को छोड़कर अन्य सभी देश सूची में भारत से बेहतर स्थान पर हैं। हमें सोचना होगा कि हम कहां खड़े हैं। लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत करने वाले इस अहम कारक की ओर ध्यान देना होगा कि यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता ही है जो भारत के लोकतंत्र को मजबूत करती है।

**व्यवस्था के विरोध में जनता के लिए लिखने वाले पत्रकारों के प्रति शासन की असहिष्णुता की खबरें अक्सर सामने आती हैं। तमाम वैश्विक एजेंसियां भारत में प्रेस की स्वतंत्रता को लेकर सवाल उठा रही हैं। प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत लगातार नीचे खिसक रहा है।**

# उत्तरी कोरिया ने आत्मघाती ड्रोन बनाकर बढ़ाई चिंता

सामरिक

उत्तरी कोरिया ने रूस से पहले टोही ड्रोन मंगाया। उद्देश्य सीमाओं पर निगरानी का था। अब वो टोही ड्रोन आत्मघाती अस्त्र के रूप में परिवर्तित हो चुके हैं, जिनका परीक्षण गुरुवार को हुआ। आत्मघाती ड्रोन, जिसे 'लोइटरिंग म्यूनिशन' के नाम से भी जाना जाता है, तब तक हवाई क्षेत्र में 'घूमने' या कब्ज़ा करने में सक्षम होता है, जब तक कि कोई लक्ष्य दिखाई न दे। फिर वह अपने पेलोड के साथ वहां दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है। ड्रोन खत्म, और टारगेट ध्वस्त। इस सप्ताह परीक्षण किए गए नए 'सैटब्योल-4' संस्करण में पिछले मॉडल की तुलना में लंबे पंख हैं।

उत्तर कोरियाई लड़ाकू ड्रोन आखिरी बार पिछले साल नवंबर में एक हथियार प्रदर्शनी में सार्वजनिक रूप से दिखाई दिया था। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से गाइडेड उत्तर कोरियाई आत्मघाती ड्रोन अमेरिका के लिए भी चिंता का विषय है। गोया कि, उत्तर कोरिया के सैन्य सम्बन्ध पाकिस्तान से भी काफी पुराने हैं, समय-समय पर इस्लामाबाद के मिसाइल प्रोग्राम में फ्योंगयांग की मदद दिखाई देती रहती है, चुनांचे चिंता दिल्ली को भी होनी चाहिए।

गुरुवार को उत्तर कोरियाई तानाशाह किम ने भूमि और समुद्र पर लक्ष्यों को ट्रैक करने में सक्षम उन्नत टोही ड्रोन का निरीक्षण किया, साथ ही हाल ही में अनावरण किए गए एयरबोर्न अर्ली-वार्निंग (एईडब्ल्यू) विमान का भी निरीक्षण किया। उत्तर कोरिया अपने मौजूदा भूमि-आधारित रडार सिस्टम को बढ़ा रहा है।

कोरियन सेन्ट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) द्वारा प्रकाशित तस्वीरों के अनुसार, उन्हें रडार डोम वाले एक बड़े चार इंजन वाले विमान की जांच करते देखा गया, जिसके बारे में माना जाता है कि यह एक संशोधित रूसी आईएल-76 कार्गो विमान है।

परीक्षण के दौरान प्राप्त तस्वीरों में फिक्स्ड-विंग आत्मघाती ड्रोन को अमेरिकी और दक्षिण कोरियाई टैंकों, बख्तरबंद लड़ाकू वाहनों और मिसाइल लॉन्च वाहनों के मॉकअप पर हमला करते हुए दिखाया गया है। एक फर्स्ट-पर्सन व्यू क्वाडकॉप्टर-स्टाइल ड्रोन भी लक्ष्य पर गोला-बारूद गिराता हुआ दिखाई दिया। राज्य मीडिया ने ड्रोन की उपस्थिति को अस्पष्ट करने के लिए उन्हें पिक्सेल किया। लेकिन जिस तरह अमेरिकी और दक्षिण कोरियाई टैंकों, बख्तरबंद लड़ाकू वाहनों के मॉडल पर यह परीक्षण किया गया, उसने अमेरिका की परेशानी बढ़ा दी है।

जून, 2023 में पहली बार उत्तर कोरिया ने सैटब्योल-4 टोही ड्रोन, और सैटब्योल-9 लड़ाकू यूएवी के डेवलप किये जाने का खुलासा किया था। उत्तर कोरिया ने साल 2024 में फ्योंगयांग में आयोजित हथियार एक्सपो में उत्तर कोरिया ने छह हमलावर ड्रोन दिखाए, जो इस्राइल और तुर्की के डिजाइनों की नकल करते थे।

परीक्षण के दौरान यूएस आरक्यू-4 ग्लोबल हॉक के टरमैक पर खड़े तानाशाह किम के जो फोटो शेयर किये गए, उससे यही सन्देश जाता है कि हमारे पास अब आत्मघाती ड्रोन है, कर लो जो करना है। उत्तर कोरिया कितना ढीठ है, उसका छोटा-सा उदाहरण 5 जनवरी, 2025 को तत्कालीन अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन दक्षिण कोरिया यात्रा के समय देख सकते हैं, तब उसने पूर्वी सागर में मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल दागकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

2022 में यूक्रेन पर रूसी आक्रमण शुरू होने के बाद, रूसी और यूक्रेनी दोनों सेनाएं अक्तूबर, 2023 तक हर महीने हज़ारों एफपीवी ड्रोन का उत्पादन कर रही थीं। 2022 में ब्रिटेन ने घोषणा की थी, कि वह यूक्रेन को 'सैकड़ों लोइटरिंग एम्यूनिशन' प्रदान कर रहा है। रूस द्वारा ईरान निर्मित शाहद ड्रोन का उपयोग और यूक्रेन द्वारा तुर्की के बायरकटर टीबी2 ड्रोन की सफल तैनाती ने इन तकनीकों की प्रभावशीलता को प्रदर्शित किया है। मध्य पूर्व में, इस्राइल ने सटीक हमले करने के लिए 23 किलोग्राम पेलोड ले जाने में सक्षम हारोप लोइटरिंग म्यूनिशन पर भरोसा किया है। इस बीच, रूस द्वारा बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किए जाने वाले ईरान के शाहेद-136 ड्रोन ने साबित कर दिया है कि सस्ते, बड़े पैमाने पर उत्पादित ड्रोन परिष्कृत वायु रक्षा प्रणालियों को भी मात दे सकते हैं।

सबसे बड़ा सवाल है, पाकिस्तान का सैन्य साझीदार उत्तर कोरिया जिस तरह से आत्मघाती ड्रोन विकसित करने में सफल हुआ है, क्या भारत को इसकी चिंता करनी चाहिए? भारतीय सेना को हाल ही में नागपुर स्थित रक्षा निर्माण फर्म सोलर इंडस्ट्रीज द्वारा निर्मित 480 लोइटरिंग हथियार प्राप्त हुए हैं, जिनमें 75 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री है। अधिकारियों ने कहा कि यह प्रणाली उद्देश्य सेना के जवानों द्वारा सटीक हमला करने की क्षमताओं को बढ़ाती है। 2025 की शुरुआत में पाकिस्तान ने भी कम दूरी की मुठभेड़ों में सटीक हमला करने के लिए डिजाइन किया गया अपना नवीनतम ड्रोन 'ब्लेज़ 25' पेश किया है, जिसका वजन 25 किलोग्राम है। यह देखते हुए, भारत को चाहिए, कि वह अपने लोइटरिंग हथियार विकास कार्यक्रम में तेजी लाये!



**पाकिस्तान का सैन्य साझीदार उत्तर कोरिया आत्मघाती ड्रोन विकसित करने में सफल हुआ है, क्या भारत को इसकी चिंता करनी चाहिए? भारतीय सेना को हाल ही में 480 लोइटरिंग हथियार प्राप्त हुए हैं, जिनमें 75 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री है।**

पुष्परंजन

# वेदों में वर्णित हैं दुर्गा के सोलह नामों के गूढ़ अर्थ

प्रसंगवश



वेद की कौथुमी शाखा में देवी दुर्गा के सोलह नाम बताए गए हैं-दुर्गा, नारायणी, ईशाना, विष्णुमाया, शिवा, सती, नित्या, सत्या, भगवती, सर्वाणी, सर्वमंगला, अंबिका, वैष्णवी, गौरी, पार्वती और सनातनी। इन सभी सोलह नामों के उत्तम अर्थ हैं। इन नामों के अर्थों के अलावा शास्त्रों में यह भी वर्णित है कि देवी की उपासना किस-किस ने और किस क्रम में की थी।

दुर्गा में 'दुर्ग' शब्द दैत्य, महाविघ्न, यमदंड, भय एवं रोग के अर्थ में आता है तथा 'आ' शब्द 'हंता' का वाचक है, जो देवी महाविघ्न आदि का हनन करती है, उसे 'दुर्गा' कहते हैं। देवी दुर्गा, नारायण की ही शक्ति हैं। इसलिए उन्हें 'नारायणी' भी कहते हैं। 'ईशान' शब्द संपूर्ण सिद्धियों के अर्थ में प्रयुक्त होता है, संपूर्ण सिद्धियों की दात्री 'ईशाना' कही गई हैं। सृष्टि के समय विष्णु ने माया की रचना की थी। वह माया देवी, विष्णु की शक्ति हैं, इसलिए उन्हें 'विष्णुमाया' कहा गया है। शिवा शब्द में 'शिव' कल्याण के अर्थ में प्रयुक्त होता है तथा 'आ' शब्द दाता के अर्थ में। वह देवी कल्याणस्वरूपा हैं, 'शिवा' कही गई हैं। देवी दुर्गा सद्बुद्धि की अधिष्ठात्री देवी हैं और पतिव्रता हैं। इसीलिए उन्हें 'सती' कहते हैं। जैसे भगवान नित्य हैं, उसी तरह भगवती भी 'नित्या' हैं।

**वेद की कौथुमी शाखा में देवी दुर्गा के सोलह नाम बताए गए हैं-इन सभी सोलह नामों के उत्तम अर्थ हैं। विष्णु की वैष्णवी भी दुर्गा ही हैं।**

आशुतोष गर्ग

संपूर्ण जगत कृत्रिम होने के कारण मिथ्या है, परंतु दुर्गा सत्य स्वरूपा हैं, देवी 'सत्या' हैं।

**ऐश्वर्य स्वरूपा भगवती**

सिद्ध, ऐश्वर्य आदि के अर्थ में 'भग' शब्द का प्रयोग होता है। दुर्गा 'भगवती' कही गई हैं। विश्व के समस्त प्राणियों को जन्म, मृत्यु की प्राप्ति कराने वाले गुण के कारण उन्हें 'सर्वाणी' कहा गया है। 'मंगल' शब्द मोक्ष के साथ हर्ष, संपत्ति और कल्याण के अर्थ में प्रयुक्त होता है। इन सबको देने वाली 'सर्वमंगला' के नाम से भी विख्यात हैं।

**विष्णु की शक्ति 'वैष्णवी'**

विष्णु के द्वारा ही उनकी सृष्टि हुई है। इसलिए उनका एक नाम 'वैष्णवी' भी है। 'गौर' परमात्मा की शक्ति हैं, इसलिए 'गौरी' कही गई हैं। पर्वतराज (हिमालय) की पुत्री होने के कारण भी उन्हें 'पार्वती' कहा जाता है। 'सना' का अर्थ है सर्वदा और 'तनी' का अर्थ है विद्यमान। सर्वत्र और सब काल में विद्यमान होने से वे देवी 'सनातनी' कही गई हैं।

**श्रीकृष्ण ने की थी देवी पूजा।**

सबसे पहले परमात्मा श्रीकृष्ण ने सृष्टि के आदिकाल में गोलोकवर्ती वृंदावन के रासमंडल में देवी की पूजा की थी। दूसरी बार मधु व कैटभ से भयभीत होकर ब्रह्मा जी ने उनकी पूजा की। तीसरी बार त्रिपुरारी महादेव ने त्रिपुर से प्रेरित होकर देवी का पूजन किया था। चौथी बार महर्षि दुर्वासा के शाप से राज्यलक्ष्मी से भ्रष्ट हुए देवराज इंद्र ने देवी भगवती की आराधना की थी। तभी से मुनींद्रों, सिद्धेंद्रों, देवताओं व महर्षियों द्वारा संपूर्ण विश्व में सब ओर देवी की पूजा होने लगी। पूर्वकाल में संपूर्ण देवताओं के तेज पुंज से देवी प्रकट हुई थीं। उस समय सब देवताओं ने उन्हें अपने अस्त्र-शस्त्र और आभूषण दिए थे। उन्हीं देवी ने दैत्यों का वध किया और देवताओं को अभीष्ट वर दिए थे। महात्मा राजा सुरथ ने सरिता के तट पर मिट्टी की मूर्ति में देवी की पूजा की थी। उन्होंने वेदोक्त सोलह उपचार अर्पित करके विधिवत पूजन और ध्यान के पश्चात कवच धारण किया तथा परिहार नामक स्तुति करके अभीष्ट वर पाया।

# खेलने-कूदने की उम्र में जुर्म की ओर बढ़ते कदम

सामाजिक



दिल्ली के वजीराबाद इलाके में एक छात्र की हत्या की घटना एक बार फिर इस बेहद चिंताजनक प्रवृत्ति को रेखांकित करती है कि देश में अब कम उम्र के बच्चों और किशोरों के व्यक्तित्व के विकास की दिशा किस ओर बढ़ चुकी है और अगर इसे तुरंत नहीं थामा गया तो आने वाले वक्त में समाज का स्वरूप कैसा होगा।

गौरतलब है कि वजीराबाद में रविवार की शाम को नौवीं के एक छात्र का अपहरण करके उसकी हत्या कर दी गई और उसके बाद अगले दिन उसके परिवार को फोन करके दस लाख रुपए की फिरौती मांगी गई। पुलिस की छानबीन में इसे अंजाम देने के आरोपी तीन किशोर पकड़े गए। पिछले दिनों मध्यप्रदेश में भी एक 11 साल की बच्ची ने अपने ही 3 साल के भाई को गढ्ढे में दबा कर जान ले ली। जिस स्तर पर कम उम्र के बच्चों के भीतर आपराधिक प्रवृत्तियों का दायरा फैल रहा है, उसमें यह बेहद चिंता की बात है कि आखिर वे कौन-से कारक हैं जो बच्चों को ऐसी मानसिकता की गिरफ्त में ले रहे हैं।

गुजरात के अमरेली जिले के एक प्राथमिक विद्यालय में 'डेयर गेम' खेलते हुए खुद को चोट पहुंचाने या फिर दस रुपए भुगतान करने की चुनौती देने के बाद पच्चीस बच्चों ने खुद को ब्लेड से घायल कर लिया। खुद को नुकसान पहुंचाने या फिर इससे आगे किसी जघन्य अपराध को अंजाम देने के लिए प्रेरित करने वाली प्रवृत्ति के स्रोत आखिर क्या हैं?

कई बार ऐसा लगता है कि मौजूदा दौर में आम जनजीवन में घुल गए तकनीकी संसाधन बच्चों के विवेक पर भी हमला कर रहे हैं और उनके भीतर सही-गलत के बारे में सोचने की प्रक्रिया बाधित हो रही है। उनके भीतर कानून तक का खौफ नहीं होता। कोई वेब सीरीज देखने या वीडियो गेम खेलने के क्रम में बच्चे कब अपराध के दलदल में दाखिल हो जाते हैं, यह पता नहीं चलता। यह बेवजह नहीं है कि जिन बच्चों को बेहतर भविष्य के लिए उम्मीद की किरण माना जाता है, उनमें से कई अक्सर बड़ी समस्या के वाहक बन रहे हैं।

**जिस उम्र में बच्चों के खेलने-पढ़ने और भविष्य रचने का दौर होता है, उसमें वे नकारात्मक, आपराधिक प्रवृत्तियों और घटनाओं से भी प्रभावित हो रहे हैं।**

# पारदर्शिता की चुनौतियों से जूझ रही न्यायपालिका

सामयिक



दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा के घर नकदी मिलने का मामला सुर्खियों में है, और इससे न्यायपालिका की साख को भी गहरा झटका लगा है। भारतीय न्यायपालिका लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, जो संविधान और नागरिक अधिकारों की रक्षा करती है। लेकिन हाल के वर्षों में न्यायपालिका में पारदर्शिता, जवाबदेही और भ्रष्टाचार से जुड़े मुद्दों ने इसकी विश्वसनीयता पर सवाल खड़े किए हैं। भारत में जहां न्यायपालिका की स्वतंत्रता को सर्वोच्च माना गया है, वहीं पारदर्शिता की कमी कई बार संदेह और आलोचना का विषय बनती रही है।

न्याय में देरी, न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया की गोपनीयता और न्यायिक अधिकारियों पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण न्यायिक सुधार की मांग पिछले कई वर्षों से की जा रही है, लेकिन अब जस्टिस वर्मा प्रकरण के बाद इसकी जरूरत पहले से कहीं अधिक महसूस होने लगी है। वर्तमान में भारत में न्यायाधीशों की नियुक्ति कॉलेजियम प्रणाली के तहत होती है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश ही नए न्यायाधीशों का चयन करते हैं। इसमें सरकार व जनता की कोई भूमिका नहीं होती, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही पर सवाल उठते हैं। न्यायपालिका की स्वतंत्रता बनाए रखते हुए नियुक्ति प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाए जाने की बहस आज भी जारी है।

न्यायपालिका की पारदर्शिता पर सबसे बड़ा प्रश्नचिह्न तब लगता है, जब भ्रष्टाचार के मामले सामने आते हैं। ऐसी घटनाएं न्यायपालिका के भीतर जवाबदेही और निगरानी की जरूरत को उजागर करती हैं।

**न्यायपालिका जिन चुनौतियों से जूझ रही है, उनके मद्देनजर जस्टिस वेंकटचलैय्या की सिफारिशों को लागू करने का यह सही समय हो सकता है। यह कोई अकेला मामला नहीं है, जिसमें न्यायपालिका की पारदर्शिता व जवाबदेही पर सवाल उठे हों।**

चंद्रशेखर

न्यायपालिका जिन चुनौतियों से जूझ रही है, उनके मद्देनजर जस्टिस वेंकटचलैय्या की सिफारिशों को लागू करने का यह सही समय हो सकता है, जिससे नियुक्ति में पारदर्शिता, न्यायिक जवाबदेही और अनुशासन सुनिश्चित हो सकेगा। इसके लिए राष्ट्रीय न्यायिक आयोग जैसी संस्था का गठन किया जाना चाहिए, जिसमें न्यायपालिका के साथ-साथ कार्यपालिका और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों की भी भागीदारी हो। न्यायाधीशों के आचरण की निगरानी के लिए 'न्यायिक परिषद' की स्थापना की जानी चाहिए।

भ्रष्टाचार में लिप्त न्यायाधीशों एवं न्यायिक अधिकारियों पर सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए। पहले भी समय-समय पर भ्रष्टाचार में लिप्त न्यायाधीशों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की गई है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश वी. रामास्वामी पर 1990 के दशक की शुरुआत में सार्वजनिक धन के दुरुपयोग के आरोप लगे। कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सौमित्र सेन पर 1984 में 33 लाख रुपये के गबन का आरोप लगा था। सिक्किम उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पीडी दिनाकरन पर भ्रष्टाचार और भूमि अतिक्रमण के गंभीर आरोप लगे। दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश शमित मुखर्जी दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) भूमि घोटाले में शामिल पाए गए थे।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एसएन शुक्ला पर मेडिकल कॉलेजों को अवैध लाभ पहुंचाने के आरोप लगे। दिल्ली की तीस हजारी अदालत की वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश रचना तिवारी लखनपाल को सीबीआई ने रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया। इन स्थितियों में अगर जस्टिस वेंकटचलैय्या की सिफारिशों को लागू किया जाए तो न्यायपालिका में जनता का विश्वास और अधिक मजबूत होगा। न्यायपालिका में पारदर्शिता केवल एक नैतिक या कानूनी मुद्दा नहीं है, बल्कि यह भारतीय लोकतंत्र की मजबूती के लिए भी आवश्यक है।

## SUDOKU 84

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | 3 | 7 | 1 | | 5 | |
| 7 | | | | 5 | | 1 | | |
| 3 | | | 4 | | | | 6 | |
| | 6 | | | | | | 4 | 5 |
| | | | | 3 | | | | |
| 5 | 4 | | | | | | 7 | |
| | 1 | | | | 3 | | | 9 |
| | | 6 | | 9 | | | | 4 |
| | 3 | | 1 | 4 | 2 | 5 | | |

## SOLUTIONS 83

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 3 | 4 | 7 | 2 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 4 | 6 | 8 | 9 | 1 | 3 | 5 | 2 |
| 8 | 2 | 9 | 3 | 5 | 6 | 7 | 1 | 4 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 2 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 2 | 3 | 1 | 5 | 8 | 9 | 6 | 4 | 7 |
| 6 | 7 | 5 | 1 | 4 | 3 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 6 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 5 |
| 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 5 | 1 | 6 | 8 |
| 5 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 | 3 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन प्रतिकूल रहेगा। थोड़ा सतर्क रहें। मन परेशान रहेगा। धैर्य से काम लें। सेहत के प्रति सचेत रहें। परिवार का साथ मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृषभ :** आज मन प्रसन्न रहेगा। लेकिन फिर भी बातचीत में बैलेंस बनाकर रखें। कारोबार में लाभ में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है।

**मिथुन :** आज का दिन आर्थिक रूप से अच्छा रहेगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। मानसिक तौर पर परेशान रहेंगे। धैर्यशीलता बनाए रखें।

**कर्क :** आज आत्मविश्वास में कमी हो सकती है। सेहत का ध्यान रखें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। खर्च बढ़ेंगे। जीवनसाथी का साथ मिलेगा।

**सिंह :** आज मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखें। शैक्षिक कार्यों में मुश्किलें आ सकती है। आर्थिक रूप से आप समृद्ध महसूस करेंगे।

**कन्या :** आज मन में निराशा और असंतोष हो सकता है। मन परेशान हो सकता है। मानसिक शांति बनाए रखने के प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**तुला :** आज आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिलेंगे। लेकिन स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**वृश्चिक :** आज आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**धनु :** आज क्रोध व व्यर्थ के विवाद से बचें। नौकरी में बदलाव के योग बन रहे हैं। तरक्की के अवसर भी मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी।

**मकर :** आज वाणी में मधुरता तो रहेगी। लेकिन धैर्यशीलता बनाए रखें। सेहत का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। धन लाभ हो सकता है।

**कुंभ :** आज मन अशांत हो सकता है। परिवार व मित्रों के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**मीन :** आज मन अशांत रहेगा। धैर्यशीलता बनाए रखने का प्रयास करें। संतान की सेहत का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में सुधार होगा। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें।

# पीएमओ से आया शत्रु संपत्ति की जांच का आदेश

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** भोपाल के बहुचर्चित जमीनी विवाद शत्रु संपत्ति और मर्जर एग्रीमेंट की एक बार फिर गहराई से जांच होगी। इसके संकेत राष्ट्रपति कार्यालय और प्रधान मंत्री ऑफिस से मिले हैं। दरअसल दोनों मामलों की जांच के लिए भोपाल के समाज सेवी अमिताभ अग्निहोत्री ने कुछ दिन पहले राष्ट्रपति कार्यालय और पीएमओ को एक शिकायत भेजी थी। जिसमें 40 से ज्यादा बिंदुओं में बताया गया था कि भोपाल शत्रु संपत्ति और मर्जर एग्रीमेंट के तहत दर्ज जमीनों पर भूमाफियाओं ने कब्जा कर उन्हें बेच दिया है। आजादी से पहले और विभाजन के बाद जमीनों की जो स्थित थी, वह अब नहीं है। अग्निहोत्री की इस शिकायत पर संज्ञान लेते हुए राष्ट्रपति कार्यालय ने शिकायत को मप्र के मुख्य सचिव अनुराग जैन के पास भेज दिया है। जैन ने इस शिकायत की जांच के लिए प्रमुख सचिव राजस्व और कलेक्टर भोपाल को निर्देश दिए हैं। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री कार्यालय ने अग्निहोत्री की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए एफएफआर डिवीजन को भेजे दिया है।

## शिकायत में इन बिंदुओं का हवाला

शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में माला श्रीवास्तव द्वारा हाईकोर्ट जबलपुर में प्रस्तुत रिपोर्ट को आधार बनाया है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत विभाजन के समय भोपाल नवाब हमीदुल्लाह खान के पास 13 गांव की जागीर थी। जो कि करीब 1900 एकड़ से ज्यादा है। जबकि शत्रु संपत्ति सिर्फ 1300 एकड़ को माना जा रहा है। इसके अलावा शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि जिन गांव और उनकी जमीनों को शत्रु संपत्ति के रिकार्ड से हटाया गया है।

जीवन दर्शन

# नवरात्रि और नौ अंक का सम्बन्ध



नवरात्रि नौ दिनों के लिए मनाई जाती है और इसमें देवी के नौ रूपों की पूजा होती है। आखिर यह नौ बार-बार नवरात्रि में क्यों आता है? पौराणिक कथा के अनुसार, भगवान राम ने रावण का वध करने से पहले नौ दिनों तक शक्ति की उपासना की थी। नवरात्रि के नौ दिनों में माँ दुर्गा के अलग-अलग रूपों की पूजा की जाती है, जिन्हें नवदुर्गा कहा जाता है। हिंदू ज्योतिष में नवग्रह (9 ग्रह) माने गए हैं, जो मनुष्य के जीवन को प्रभावित करते हैं। माँ दुर्गा की पूजा करने से नवग्रह दोषों का निवारण होता है। नवरात्रि शक्ति, ऊर्जा, संपूर्णता, समर्पण और आध्यात्मिक जागरण का प्रतीक मानी जाती है। नौ के संख्या भी पूर्णता, शक्ति और ब्रह्मांडीय ऊर्जा का प्रतीक मानी जाती है। योग और तंत्र साधना में मानव शरीर में 9 प्रमुख चक्र माने गए हैं।

नवरात्रि के दौरान साधक अपनी कुंडलिनी शक्ति को जागृत करने का प्रयास करते हैं। यह साधना मानसिक, आत्मिक और शारीरिक उन्नति में सहायक होती है। इसके अलावा हमारे शरीर में 9 द्वार हैं- 2 आंख, दो कान, दो नाक, एक मुख, एक मल द्वार तथा एक मूत्र द्वार। इन नौ द्वारों को सिद्ध करने हेतु पवित्र करने हेतु नवरात्रि का पर्व का विशेष महत्व है। पौराणिक कथा के अनुसार, भगवान राम ने नौ दिनों तक शक्ति की उपासना की थी और दसवें दिन (दशहरा) रावण का वध किया था। दुर्गा सप्तशती में 700 श्लोक होते हैं, जो 9 भागों में विभाजित हैं। भारत में माँ दुर्गा के 9 प्रमुख शक्ति पीठ हैं, जहां माँ के विभिन्न रूपों की पूजा होती है।

-आचार्य रामाधार शास्त्री

## संक्षिप्त खबरें

### जबलपुर, मैहर और रीवा यूपी के प्रयागराज, अयोध्या से जुड़ेंगे

**टूरिज्म इंडस्ट्री में निवेश के लिए कर रहे प्रोत्साहित**

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के बीच धार्मिक पर्यटन को बढ़ाने के उद्देश्य से गंगा-नर्मदा टूरिज्म कॉरिडोर विकसित किया जाएगा। इसके तहत उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, अयोध्या, वाराणसी और आगरा जैसे शहर मध्य प्रदेश के जबलपुर, मैहर और रीवा के साथ जुड़ेंगे, जिसके तहत पर्यटक यूपी के शहरों से सीधे मध्य प्रदेश के इन शहरों तक भ्रमण करने के लिए पहुंच सकेंगे। यह जानकारी प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति शिव शेखर शुक्ला ने दिल्ली में आयोजित 'टूरिज्म सस्टेनिबिलिटी समिट' में दी। वे कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने टूरिज्म इंडस्ट्री द्वारा राज्य के जीडीपी में योगदान को बढ़ावा देने की रूपरेखा बताई। उन्होंने बताया कि सीएम डॉ. मोहन यादव स्वयं इस योजना की लगातार समीक्षा कर रहे हैं और इस पर नजर बनाए हुए हैं। बता दें कि वर्तमान में टूरिज्म इंडस्ट्री प्रदेश के जीडीपी में 3 से 3.5 फीसदी का योगदान देती है, 2028 तक इसे 4 से 5 फीसदी और 2047 तक 8-10 फीसदी तक बढ़ाने की योजना है। टूरिज्म इंडस्ट्री में निवेश के लिए नए निवेशकों को लगातार प्रोत्साहित कर रहे हैं। उप्र के ट्रेवल एजेंट्स, टूर ऑपरेटर्स और होटल व्यवसायियों को वर्कशॉप के जरिए यूपी एमपी की बॉर्डर के टूरिज्म स्पॉट की जानकारी दे रहे हैं, ताकि पर्यटकों को यहां तक खींचा जा सके। योजना के तहत दोनों प्रदेशों में एक दूसरे के प्रमुख पर्यटन स्थलों का प्रचार प्रसार किए जाने की भी योजना है।

### तकनीकी दृष्टिकोण से अनुकूलन पर फोकस करें



**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** ग्रंथपाल का कार्य केवल पुस्तकों और जानकारी का प्रबंधन करना नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग को शिक्षा, जानकारी और व्यक्तिगत विकास के अवसर प्रदान करना है। उनका योगदान समाज के समग्र विकास और परिवर्तन में अत्यंत महत्वपूर्ण है। आप सभी डिजिटल युग में तकनीकी दृष्टिकोण से अनुकूलन पर भी फोकस करें। यह विचार व्यक्त किये एनआईटीटीटीआर के डायरेक्टर प्रो. सीसी त्रिपाठी ने। वह उच्च शिक्षा विभाग के लाइब्रेरियन के लिए मॉडर्न लाइब्रेरीज एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी विषय पर आयोजित छह दिवसीय विशेष ट्रेनिंग प्रोग्राम को संबोधित कर रहे थे। एनआईटी अगरतला के निदेशक प्रो. अभय कुमार ने मॉडर्न लाइब्रेरीज में एआई के उपयोग पर चर्चा की। निटर भोपाल के डीन कॉर्पोरेट एंड इंटरनेशनल रिलेशन्स प्रो. पीके पुरोहित ने कहा कि लाइब्रेरियन समाज में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनका योगदान कई दृष्टिकोणों से महत्वपूर्ण है। आईसर के डॉ. संदीप कुमार पाठक ने कहा कि ग्रंथपाल का कार्य केवल पुस्तकों और जानकारी का प्रबंधन करना नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग को शिक्षा, जानकारी, और व्यक्तिगत विकास के अवसर प्रदान करना है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में लाइब्रेरियन ने वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन, सूचना प्रबंधन, अनुसंधान सहायता, डिजिटल युग में तकनीकी दृष्टिकोण से अनुकूलन, डिजिटल आर्काइव्स, लाइफलॉन्ग लर्निंग, आईपीआर, प्रबंधकीय कौशल, कम्युनिकेशन स्किल्स, डिजिटल सॉफ्टवेयर्स आदि पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस अवसर पर निटर भोपाल के संजय त्रिपाठी, महादेव सवदत्ति, श्रीमती शोभा लेखवानी, श्रीमती बबली चतुर्वेदी उपस्थित थीं।

### भोपाल से इटावा के लिए चलेगी मेला स्पेशल ट्रेन

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** रेल प्रशासन द्वारा हनुमान जयंती मेला के अवसर पर यात्रियों की सुविधा एवं अतिरिक्त यात्रीभार क्लियर करने के उद्देश्य से भोपाल मंडल द्वारा एक अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। जानकारी अनुसार गाड़ी संख्या 01601/01602 भोपाल-इटावा-भोपाल अनारक्षित मेला स्पेशल गाड़ी का संचालन कुल 07 फेरे के रूप में किया जाएगा। यह गाड़ी भोपाल से दिनांक 30 मार्च, 01, 03, 05, 07, 10 एवं 12 अप्रैल को एवं इटावा से भी इन्हीं तारीखों को चलाई जाएगी।

**भोपाल से सुबह 4:50 बजे चलेगी:** गाड़ी संख्या 01601 भोपाल से इटावा के लिए भोपाल स्टेशन से प्रातः 04.50 बजे प्रस्थान करेगी और बीना, गुना मार्ग से होते हुए शाम 4:55 बजे इटावा स्टेशन पहुंचेगी। ठीक इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01602 इटावा से भोपाल के लिए इटावा स्टेशन से शाम 5.40 बजे प्रस्थान करेगी और विभिन्न स्टेशनों पर रुकते हुए अगले दिन सुबह 8:05 बजे भोपाल स्टेशन पहुंचेगी। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में विदिशा, गंज बासौदा, मंडी बामौरा, बीना, मुंगावली, अशोक नगर, गुना, बदरवास, कोलारस, शिवपुरी, मोहाना, घाटीगांव, पनिहार, ग्वालियर, शनिचरा, मालनपुर, जांवल, सोनी, भिंड स्टेशनों पर हॉल्ट लेगी।

# ऐप के नाम पर 1 करोड़ की ठगी, कांग्रेस पार्षद के बेटे सहित पांच पर मामला दर्ज

## मोटे कमीशन के फेर में म्यूल खातों के जरिए आरोपी कर रहे पैसों का ट्रांसफर और निकासी

**जागरण, धार।** शेयर ट्रेडिंग एप के नाम पर विभिन्न बैंकों की शाखाओं में फर्जी दस्तावेज और फर्जी हस्ताक्षर कर फर्जी तरीके से 1 करोड़ 7 लाख रुपए के लेन-देन में शामिल धार के पांच लोगों पर पुलिस ने ठगी का केस दर्ज किया है। ये लोग म्यूल खातों की राशि इधर-उधर करते थे। बदले में आरोपियों को कमीशन के रूप में मोटी रकम मिलती थी। शुक्रवार को कांग्रेस नेता व महिला पार्षद के बेटे लईक पुत्र रईस शेख निवासी पिंजारवाड़ी धार सहित पांच लोगों की तलाश शुरू कर दी है। मुख्य आरोपी लईक अपने नौकर और सहायक जावेद उर्फ राजा के माध्यम से अन्य आरोपियों के खातों से साइबर ठगी के माध्यम से आए रुपए को निकलवाता था। साइबर ठगी से प्राप्त सेकंड, थर्ड, और फोर्थ लेयर के रुपयों को नकद निकालकर अन्य खातों में ट्रांसफर करता था। आरोपियों ने देश के अनेक राज्यों में ठगी की वारदातों को अंजाम दिया है। पुलिस अब इनसे पूछताछ कर रही है।



### क्या होते हैं म्यूल अकाउंट

म्यूल बैंक अकाउंट ऐसे अकाउंट होते हैं, जिनका इस्तेमाल जालसाज ऑनलाइन ठगी में मिले पैसों को ठिकाने लगाने के लिए करते हैं। अगर वह खुद के खाते खुलवाए तो केवाईसी के तहत फंस जाएंगे। ऐसे में वे लोगों को कमीशन का लालच देकर फंसाते हैं। ऐसे में किसी तीसरे व्यक्ति से खाता खुलवाकर उसमें ठगी की राशि मंगवाते हैं। ठगी की रकम में से खाताधारक को राशि का कुछ हिस्सा दिया जाता है। पुलिस लगातार लोगों को आगाह कर रही है कि ठगों के इस तरह के प्रलोभन में न फंसे।

### ऐसे खेला सायबर ठगी का खेल

सीएसपी रविंद्र वास्कले ने बताया कि मुख्य आरोपियों लईक पुत्र रईस शेख, सह आरोपियों फैजान पुत्र अनवर, आमिर पुत्र कलीम, जावेद पुत्र रईस व इसरार पुत्र मुख्तियार सभी निवासी धार पर ठगी के साथ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस को बीते साल सितंबर में केनरा बैंक की धार शाखा से एक शिकायती आवेदन प्राप्त हुआ था। इसके तहत एक खाते का स्टेटमेंट लिया गया। खाते में 70,99,225 रुपए का ट्रांजेक्शन होना पाया गया। जांच के दौरान लईक ने फैजान, आमिर और इसरार के खातों को म्यूल खातों की तरह उपयोग किया। सभी आरोपियों ने षड्यंत्रपूर्वक संगठित होकर फर्जी शेयर ट्रेडिंग एप के माध्यम से कुल 1 एक करोड़ सात लाख 97 हजार 324 रुपये म्यूल बैंक खातों में चेक आदि के माध्यम से लेन-देन कर साइबर ठगी की। आरोपियों ने चेक और एटीएम से 37,97,324 रुपए निकाले। आमिर के खाते से 6 लाख 52 हजार 500 रुपये, इसरार के खाते से 28 लाख 59 हजार 824 रुपये और फैजान के खाते से 2 लाख 75 हजार रुपये की नगद राशि निकाली गई। आरोपियों ने 8 खातों में लगभग 70 लाख रुपये का आनलाइन ट्रांजेक्शन किया। इन खातों से अधिकतम राशि निकाल ली गई और न्यूनतम राशि को होल्ड करा दिया। लईक के बैंक खातों की जांच की जा रही है। संभावित रूप से लईक ने खुद के खाते का उपयोग नहीं किया। आरोपियों के सभी बैंक खातों पर विभिन्न राज्यों से कुल 20 शिकायतें दर्ज की गई हैं।

## आने वाले समय में सभी विवि आर्थिक रूप से समर्थ और सक्षम होंगे: सीएम

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल ।** प्रदेश के विश्वविद्यालय निरंतर सशक्त बन रहे हैं। आने वाले समय में सभी विश्वविद्यालय आर्थिक रूप से समर्थ और सक्षम होंगे। परंपरागत संकायों के साथ-साथ वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप कोर्सेज संचालित करने के लिए विश्वविद्यालयों को प्रेरित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय अपने-अपने क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज आरंभ करें, राज्य सरकार अस्पतालों को उनके साथ संबद्ध करने की व्यवस्था करेगी। उक्त अस्पतालों के वेतन-भत्तों का भार राज्य सरकार वहन करेगी, विश्वविद्यालय पठन-पाठन-परीक्षा आदि की व्यवस्था करेंगे और परीक्षा की फीस का उपयोग मेडिकल कॉलेज और विश्वविद्यालय के संचालक-प्रबंधन और विस्तार में किया जा सकेगा। ये कहना है प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मप्र विश्वविद्यालयीन संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के ज्ञान विज्ञान भवन में आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि डेयरी टेक्नोलॉजी, कृषि जैसे व्यावसायिक दक्षता के कोर्सेज सहित सभी संकाय विश्वविद्यालय अपने क्षेत्र में संचालित करें। राज्य सरकार शासकीय कर्मचारियों एवं पेंशनधारकों के हितों का ध्यान रखते हुए आगे बढ़ रही है। प्रदेश के शासकीय विश्वद्यालयों के कर्मचारी एवं पेंशनर्स भी वेतन एवं भत्तों में वृद्धि से लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब निजी और शासकीय केवल दो श्रेणियों के विश्वविद्यालय हैं। सरकार उच्च शिक्षा को नए आयाम देने के लिए नवाचारों के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जन्मदिवस की शुभेच्छाओं एवं अभिनंदन के लिए विश्वविद्यालय के समस्त कर्मचारियों एवं पेंशनधारकों का आभार माना और सभागार में उपस्थित सभी लोगों को वर्ष प्रतिपदा गुड़ी पड़वा की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने शासकीय विश्वविद्यालयों की दो पेंशनर्स समितियों को एक-एक लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान करने की घोषणा की।



## कंटेनर और ट्रक की भिड़ंत में एक की मौत, चार घायल



**जागरण, सागर।** जिले के बरोदिया कलां कस्बे के पास एक ट्रक और कंटेनर की भिड़ंत हो गई। हादसा देर रात मालथोन थाना के बरौदिया कलां चौकी अंतर्गत होटल राज विराज के सामने हुआ, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हुए हैं, जिन्हें 108 एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भेजा है। बरौदिया कलां चौकी प्रभारी धनेंद्र यादव ने बताया कि कंटेनर मालथोन से सागर की तरफ जा रहा था। इसी दौरान सामने से गलत साइड से आ रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें कंटेनर चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान केशव धाकड़ ग्राम भानगढ़ थाना सुमातपुरा जिला शिवपुरी के रूप में हुई हैं। वहीं, इस हादसे में दोनों वाहन में सवार चार अन्य लोग घायल हुए हैं, जिन्हें रात में ही एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल रेफर किया।

## श्रमिकों का भाग्य बदलने सरकार प्रतिबद्धः सीएम

### सिंगल क्लिक से श्रमिकों के खातों में पहुंचे 505 करोड़ रुपए

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को संबंल योजना के हितग्राही 23 हजार 162 श्रमिक परिवारों के खातों में 505 करोड़ की राशि अंतरित की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शुचिता-पारदर्शिता, दक्षता के साथ जनकल्याण और विकास के लिए कार्य कर रही है। संबल योजना का बैकलॉग भी समाप्त किया जा रहा है। सीएम ने मंत्रालय से सिंगल क्लिक से राशि अंतरित करने के बाद परिवारों को वर्चुअली संबोधित भी किया। उन्होंने 5 हितग्राहियों से संवाद कर उनके परिजन के निधन पर संवेदनाएं प्रकट की। डॉ. यादव ने कहा है राज्य सरकार प्रदेश के गरीब और श्रमिक वर्ग के कल्याण तथा उनका भाग्य बदलने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भावना के अनुरूप अंत्योदय के कल्याण के संकल्प को प्रदेश में क्रियान्वित किया जा रहा है। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार ने जरूरतमंद बच्चों की पढ़ाई के लिए पर्याप्त व्यवस्था की है। पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों को स्कूटी और लैपटॉप देकर प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि संबल योजना में अब तक 6 लाख 58 हजार से अधिक परिवारों को 5 हजार 927 करोड़ रुपए से अधिक के हितलाभ दिए जा चुके हैं। राज्य सरकार ने गिग और प्लेटफार्म वर्कर्स को असंगठित श्रमिक मानते हुए 01 मार्च 2024 से उन्हें संबल योजना में उन्हें शामिल करने का निर्णय लिया है। श्रमिक बहनों को गर्भावस्था के समय काम पर न जाना पड़े और उन्हें पोषण भी मिलता रहे, यह सुनिश्चित करने के लिए राच्य सरकार ने ऐसी बहनों को 16 हजार रुपए देने की व्यवस्था की है।



**जरूरत के समय मदद करती है संबल योजनाः पटेल**

कार्यक्रम को वचुर्अली संबोधित करते हुए श्रम, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि योजना में अनुग्रह सहायता योजना अंतर्गत श्रमिक की दुर्घटना में मृत्यु होने पर 4 लाख रुपए की राशि, सामान्य मृत्यु पर 2 लाख रुपए की राशि दी जाती है। स्थाई अपंगता पर 2 लाख रुपए एवं आंशिक स्थाई अपंगता पर 1 लाख रुपए की राशि श्रमिक परिवारों को दी जाती है। आज के कार्यक्रम में कई जिले ऐसे हैं जहां हितग्राहियों को 10 करोड़ रुपए से अधिक की राशि दी जा रही है। उन्होंने कहा कि औसतन प्रति माह 3.5 हजार प्रकरणों का निराकरण संबल योजना के तहत किया जाता है।

## अफसर रहे नदारद, तो नाराज सांसद ने छोड़ी बैठक

### अधिकारियों की उपेक्षा की भेंट चढ़ी जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की पहली बैठक




**विशेष संवाददाता, भोपाल।** जिला विकास समन्वय और निगरानी (दिशा) समिति की पहली बैठक ही अधिकारियों की उपेक्षा की भेंट चढ़ गई, जिससे नाराज भोपाल सांसद आलोक शर्मा बैठक छोड़ गए। बैठक के दौरान सांसद ने अधिकारियों को मोबाइल कॉल भी किया, लेकिन उनका कॉल रिसीव नहीं किया गया। जानकारी के अनुसार भोपाल सांसद आलोक शर्मा शुक्रवार को पहली बार जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक बुलाई थी। इसमें महापौर मालती राय और विधायक भगवानदास सबनानी सहित दूसरे सदस्य मौजूद थे। समिति ने बिजली कंपनी की समीक्षा की तो उसमें कई तरह की खामियां एवं अधूरे काम पाए गए। इसके बाद जल संसाधन विभाग की समीक्षा की गई, तो उसमें कई अधिकारी गैरमौजूद रहे। इस पर सांसद ने संबंधित अधिकारियों को नोटिस देने के निर्देश दिए। जब नगर निगम की समीक्षा की जा रही थी, तब सांसद ने निगमायुक्त हरेंन्द्र नारायण के बारे में जानकारी ली, तो उन्हें बताया गया कि न तो कमिश्नर आए और न ही उनके द्वारा किसी दूसरे अधिकारी को ही बैठक में शामिल होने के लिए भेजा गया है। इस पर पहले सांसद शर्मा ने और बाद में विधायक सबनानी ने कमिश्नर को मोबाइल से कॉल किया, जब कॉल रिसीव नहीं हुए तो महापौर ने भी कमिश्नर को कॉल लगाया, लेकिन वह भी नहीं उठा। इससे सांसद नाराज हो गए और उन्होंने यह कहते हुए बैठक को स्थगित कर दिया कि कमिश्नर का बैठक में नहीं आना भोपाल की 35 लाख आबादी का अपमान है। वे विधायक और महापौर का भी कॉल नहीं उठा रहे है। बताया गया है कि नगर निगम की समीक्षा बैठक के दौरान स्मार्ट सिटी, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़े अहम मुद्दों को लेकर चर्चा की जानी थी। जिसमें नगर निगम कमिश्नर को बैठक में मौजूद रहने को कहा गया था।

**नाराजगी की खबर लगते ही पहुंचे कलेक्टर**

कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह को जैसे ही सांसद की नाराजगी के बाद बैठक स्थगित करने की सूचना मिली,वे तत्काल सांसद व दूसरे जनप्रतिनिधियों से मिलने पहुंच गए। उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुंवर गुर्जर के कक्ष में सांसद ,विधायक और महापौर से बंद कमरे में बात की। तकरीबन आधे घंटे चली बैठक के उपरांत सभी जनप्रतिनिधि चले गए।

**अधिकारी गैरहाजिर थे : शर्मा**

इस संबंध में सांसद आलोक शर्मा का कहना है कि समिति की महत्वपूर्ण बैठक थी,लेकिन कुछ अधिकारियों की गैरमौजूदगी की वजह से बैठक को स्थगित करना पड़ा। भोपाल की जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर जल्द ही समिति की बैठक बुलाई जाएगी।

**मुझे बैठक की सूचना नहीं थी: कमिश्नर**

नगर निगम आयुक्त हरेंद्र नारायण यादव ने कहा कि उन्हें इस बैठक की सूचना नहीं दी गई थी। यदि सूचना होती तो वो खुद बैठक में मौजूद होते या फिर किसी अधिकारी को भेजते। उन्होंने बताया कि उनकी दिल्ली से आई टीम के साथ बैठक चल रही थी, तभी कॉल आया था, जिसे मैं देख नहीं पाया।

**सीईओ बोलीं- सूचना दी गई थी**

इस संबंध में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह का कहना है कि इस संबंध में उनकी कमिश्नर हरेन्द्र नाथ यादव और जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी इला तिवारी से बात की गई। सीईओ का कहना है कि सूचना दी गई थी,जबकि कमिश्नर ने सूचना नहीं मिलने की बात कही हैं।

## मुरैना में अवैध रेत पकड़ी तो ड्राइवर बोला मंत्री के बेटे के प्लांट पर ले जा रहे हैं




**विशेष संवाददाता, भोपाल।** अवैध रेत उत्खनन से लेकर परिवहन पर अंकुश लगाने सरकार के तमाम प्रयासों पर रसूखदार पलीता लगा रहे हैं। रेत के इस अवैध करोबार पर सफेदपोशों की सरपरस्ती की वजह से अधिकारियों के भी हाथ-पैर फूल रहे हैं। अहम बात यह है कि जिस मंत्री एदल सिंह कंषाना ने मुरैना में रेत माफिया नहीं होने की बात कही, उन्हीं के बेटे का नाम इस कार्रवाई में आ रहा है। गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात एक ऐसा ही उदाहरण मुरैना में देखने को मिला, जहां के नेशनल हाईवे -44 के पास कच्चे रास्ते से रेत से भरा एक डंफर जा रहा था। जिसे वन विभाग ने पकड़ा, तो ड्राइवर ने सपाट जवाब दिया कि मंत्री एंदल सिंह कंषाना के बेटे बंकू उर्फ कप्तान कंसाना का है, जिसे उनके मुंगावाली स्थिति प्लांट ले जाया जा रहा है। बंकू सड़क बनाने का काम करते हैं। चालक ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से उसे इस काम पर लगाया गया है। चालक ने बताया कि उसे इस काम के लिए हर दिन 1000 रुपए मिलते हैं। चालक ने यह भी बताया कि चंबल से बड़ी संख्या में टैक्टर और ट्रक से इसी तरह अवैध तरीके से रेत ले जाई जाती है। इस संबंध में बंकू ने कहा कि उनका उक्त चालक से कोई लेना देना नहीं है। न ही वो ड्राइवर को ही जानते हैं। उन्होंने बताया कि इस मामले की उन्हें सुबह 7:30 पर जानकारी एक वीडियो से मिली, जिसमें कुछ लोग ड्राइवर पर मेरा नाम लेने का दबाव बनाते देख रहे हैं। कंषाना ने कहा कि न तो वह रेत का कारोबार करते है और न ही ट्रक उनका है। जहां तक ट्रक में उनका मोबाइल नंबर लिखे होने की बात है,तो वो तो कोई भी लिख सकता है। इसे लेकर वो ट्रक मालिक के खिलाफ मानहानि का दावा करेंगे।

### कंषाना ने कहा था मुरैना में रेत नहीं पेट माफिया है

गौरतलब है कि विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सूबे के कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा था कि मुरैना में कोई रेत माफिया नहीं है, वहां पेट माफिया है जो अपना पेट पालते है। उनके इस बयान के कुछ ही दिन बाद उनके बेटे का नाम अवैध रेत परिवहन को लेकर सामने आ रहा है, जिससे राजनैतिक बयानबाजी शुरू हो गई है।

**बदलाव** | लंबे समय से एक ही पद पर जमे अधिकारी-कर्मचारियों की बन रही सूची

# लोकायुक्त में तैनात अफसरों की बदलेगी जिम्मेदारी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के लोकायुक्त संगठन में तैनात पुलिस विभाग के अफसरों और कर्मचारियों की जिम्मेदारी में फेरबदल होगा। नवागत लोकायुक्त डीजी ने पदभार संभालते ही इसकी तैयारी भी शुरू कर दी है। लोकायुक्त संगठन में कई अधिकारी और कर्मचारी लंबे समय से एक ही पद पर जमे हुए हैं। फिलहाल इन अफसरों और कर्मचारियों की लिस्ट तैयार की जा रही है। इन अफसरों और कर्मचारियों में से कई ऐसे हैं जिनके खिलाफ कई शिकायतें भी संगठन के आला अफसरों तक पहुंचीं हैं। गौरतलब है कि लोकायुक्त संगठन में पुलिस का स्टाफ प्रतिनियुक्ति पर भेजा जाता है। संगठन के भोपाल स्थित मुख्यालय के अलावा संभागीय स्तर पर इंदौर, उच्जैन, ग्वालियर, रीवा, जबलपुर आदि शहरों में जोनल ऑफिस हैं, जिनमें एसपी या एडिशनल एसपी स्तर के अधिकारी को पुलिस अधीक्षक के रूप में तैनात किया जाता है। इन दफ्तरों में पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी ही तैनात किए जाते हैं।




"लोकायुक्त संगठन में पुलिस के कुछ कर्मचारियों और अधिकारियों की लंबे समय से एक ही पद और स्थान पर पदस्थापना की जानकारी है। जल्द ही इस पर संज्ञान लिया जाएगा।

■ **योगेश देशमुख**, डीजी, लोकायुक्त

### पूर्व डीजी ने भी की थी तैयारी

पूर्व में यहां पदस्थ रहे डीजी जयदीप प्रसाद ने भी पिछले महीने यहां पदस्थ रहे अफसरों और कर्मचारियों की पोस्टिंग बदलने की तैयारी शुरू की थी। हालांकि विगत रविवार को ही उनका तबादला हो गया। उनके जाने के बाद नए डीजी ने चार्ज संभालने के बाद ऐसे अधिकारियों और कर्मचारियों की सूची तलब की है जो तीन साल से अधिक की अवधि से लोकायुक्त संगठन में पदस्थ हैं। इससे पहले दिसंबर माह में भी यहां तैनात रहे डीएसपी स्तर के 4 और इंस्पेक्टर स्तर के 6 अफसरों और 24 आरक्षकों की सेवाएं वापस गृह विभाग को सौंपने के साथ ही उन्हें तत्काल प्रभाव से रिलीव कर दिया गया था। हालांकि इसके बाद भी भोपाल समेत जोनल यूनिटों में लगभग दो दर्जन ऐसे अधिकारी और कर्मचारी हैं जो तीन वर्ष से अधिक की अवधि में एक ही स्थान पर कार्यरत हैं।

## पांच फीसदी महंगाई भत्ते के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मप्र कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मांग करी है कि प्रदेश के कर्मचारियों, स्थाई कर्मियों एवं पेंशनरों को पांच प्रतिशत महंगाई भत्ता एवं राहत तत्काल प्रदान की जाए। मप्र कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया है कि केंद्र के कर्मचारियों को भारत सरकार ने उन्हें दो प्रतिशत महंगाई भत्ता का लाभ पुनः दे दिया है, लेकिन मप्र सरकार ने पहले का ही बकाया तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता का लाभ अभी तक नहीं दिया। अब पांच फीसदी महंगाई भत्ते से प्रदेश के साढ़े सात लाख कर्मचारी पीछे हो गए। सरकार ने कर्मचारियों से वादा किया था कि केंद्र सरकार जब-जब महंगाई भत्ते का लाभ कर्मचारियों को देगी तब तक मध्य प्रदेश सरकार भी प्रदेश के कर्मचारियों को महंगाई भत्ते का लाभ देगी, लेकिन मप्र सरकार वादा खिलाफी कर रही है। राज सरकार ने महंगाई भत्ते का लाभ सदैव ही विलंब से दिया है, जिस कारण प्रदेश के कर्मचारियों का महंगाई भत्ते का करोड़ों रुपए एरियर का बकाया है, जिसको सरकार संज्ञान में नहीं ले रही है। मप्र कर्मचारी मंच निर्णय लिया है कि कर्मचारी स्थाई कर्मियों को पांच प्रतिशत महंगाई भत्ता एवं एरियर तथा पेंशनरों को पांच प्रतिशत राहत यदि 15 दिवस में प्रदान नहीं की गई, तो मप्र कर्मचारी मंच मंत्रालय के सामने प्रदर्शन करेगा।

## हाईकोर्ट ने 316 न्यायाधीशों को स्थानांतरित किया

**जागरण, जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत के निर्देश पर मध्य प्रदेश के विभिन्न जिला सत्र न्यायालयों में पदस्थ 316 न्यायाधीशों को स्थानांतरित किया गया है। इस संबंध में रजिस्ट्रार जनरल धरमिंदर सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुसार हाईकोर्ट में ओएसडी के पद पर पदस्थ मुकेश रावत, रजिस्ट्रार (जिला स्थापना) विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, उच्च न्यायालय का दायित्व दिया गया है। इसके साथ ही प्रदेश के विभिन्न जिला न्यायालयों में पदस्थ 46 सिविल न्यायाधीश, जूनियर डिवीजन एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट का स्थानांतरण आदेश जारी किए गया है। विभिन्न जिला न्यायालयों में पदस्थ 159 सिविल न्यायाधीश, जूनियर डिवीजन को पदोन्नत प्रदान कर सिविल न्यायाधीश, सीनियर डिवीजन के रूप में पदस्थ किया गया है। उन्हें वेतनमान वृद्धि का लाभ भी प्रदान किया गया है। इसके अलावा 109 सिविल न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट का स्थानांतरण किया गया है। इसके अलावा प्रियंक दुबे प्रथम सिविल जज सीनियर डिवीजन मेहगांव भिंड को प्रथम सिविल जज, सीनियर डिवीजन, न्यायिक मजिस्ट्रेट, टीकमगढ़ का दायित्व सौंपा गया है।





# नेपाल में राजशाही के लिए बवाल दो की मौत और 30 लोग घायल

## पीएम ने बुलाई आपात बैठक, काठमांडू में कर्फ्यू, सेना को उतारा

**काठमांडू।** नेपाल में राजशाही को वापस लाने की मांग कर रहे लोगों का प्रदर्शन शुक्रवार को हिंसक हो गया। उन्होंने एक घर में आग लगा दी, सुरक्षा बैरिकेड्स तोड़ने की कोशिश की। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस ने बल प्रयोग किया। काठमांडू समेत 3 जगहों पर कर्फ्यू लगा दिया गया। पुलिस ने तितर-बितर करने आंसूगैस, पानी की बौछार की। तिनकुने में स्थिति बेकाबू होने पर पुलिस हवाई फायर किए। इधर, स्थिति की समीक्षा के लिए पीएम केपी ओली ने आपात बैठक बुलाई है। प्रदर्शनकारी राजा आओ देश बचाओ, भ्रष्ट सरकार मुर्दाबाद और हमें राजशाही वापस चाहिए जैसे नारे लगा रहे थे। घटना में दो लोगों के मारे गए हैं। 30 लोग घायल हैं। कर्फ्यू करीब पांच घंटे यानी रात 10 बजे तक लागू रहेगा। झड़प के दौरान गोली लगने से काठमांडू के 29 वर्षीय सबिन महारजन की मौत हो गई। एवेन्यूज टीवी के फोटो पत्रकार सुरेश रजक की मौत टिंकुने में एक इमारत से विरोध प्रदर्शन का वीडियो शूट करते समय हो गई।

### एक साथ सड़कों पर उतरे हजारों लोग



सड़कों पर उतरे प्रदर्शनकारी नेपाल का राष्ट्रीय झंडा और पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह की तस्वीरें लिए हुए थे। वे पुलिसकर्मियों से भिड़ गए। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि झड़प में एक व्यक्ति घायल हो गया। राजशाही समर्थकों और विरोधियों द्वारा अलग-अलग प्रदर्शन किए जाने के कारण झड़प को रोकने के लिए काठमांडू में सैकड़ों दंगा रोधी बलों को तैनात करना पड़ा। जब स्थिति नियंत्रण से बाहर हुई, इसके बाद पश्चिमी काठमांडू में सड़कों पर सेना को तैनात किया गया।

### कई युवकों को पुलिस ने हिरासत में लिया

प्रदर्शनकारियों ने प्रतिबंधित क्षेत्र न्यू बानेश्वर की ओर बढ़ने का प्रयास किया तो पुलिस ने कई युवकों को हिरासत में ले लिया। राजशाही समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी और अन्य लोग भी विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। नेपाल के राजनीतिक दलों ने संसद की घोषणा के माध्यम से 2008 में 240 साल पुरानी राजशाही को समाप्त कर दिया था। पूर्व राजा ने 19 फरवरी को लोकतंत्र दिवस पर प्रसारित अपने वीडियो संदेश में समर्थन की अपील की थी, जिसके बाद समर्थक राजशाही की बहाली की मांग कर रहे हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि नेपाल में हिंदू राजशाही की बहानी की मांग को लेकर एक बड़ा आंदोलन आकार ले रहा है। माना जा रहा है कि इसके पीछे की वजह भ्रष्टाचार और आर्थिक गिरावट से जनता में निराशा है। राजशाही समर्थकों ने दावा किया है कि 9 मार्च को ज्ञानेंद्र का स्वागत करने के लिए 4 लाख से अधिक लोग जुटे थे। हालांकि, इस दौरान 10,000 के करीब लोग उपस्थित रहे। स्थिति की समीक्षा करने नेपाल के पीएम केपी ओली मे आपात कैबिनेट की बैठक बुलाई है।

## हर साल तेज गति से खिसक रहीं भारतीय और बर्मा माइक्रोप्लेट

# सागांग फॉल्ट तबाही की वजह


### भारत, थाईलैंड, बांग्लादेश और चीन समेत 5 पांच देशों में दिखा भूकंप का असर

**नेपीडा, जेएनएन।** म्यांमार में तेज भूकंप से जानमाल का भारी नुकसान हुआ है। म्यांमार में शुक्रवार को 7.7 और 6.4 तीव्रता के दो भूकंप आए। भूकंप का केंद्र सागांग शहर से 16 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में था। भूकंप की गहराई 10 किलोमीटर मापी गई। भूकंप इतना तेज था कि थाईलैंड के बैंकॉक में भी तेज झटके महसूस किए गए। म्यांमार में भूकंप पहली बार नहीं आया है, यहां अक्सर तेज भूकंप आते हैं और भारी तबाही की वजह बनते हैं। म्यांमार में भूकंप आने की वजह सागांग फॉल्ट है। यह भारतीय प्लेट और बर्मा माइक्रोप्लेट के बीच की बड़ी टेक्टोनिक सीमा है। इसके चलते म्यांमार भूकंप के लिए संवेदनशील है। म्यांमार में आए भूकंप का असर भारत, थाईलैंड, बांग्लादेश और चीन समेत 5 पांच देशों में दिखा है।




### 18 एमएम हर साल खिसक रहीं प्लेटें

सागांग फॉल्ट एक ऐसा फॉल्ट है, जहां दो प्लेट (भूभाग) एक-दूसरे के पास से खिसकते हैं। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि यह खिसकाव 11 से 18 एमएम प्रति वर्ष की दर से होता है। इस फॉल्ट के हमेशा खिसकते रहने से तनाव बढ़ता है और जब यह तनाव अचानक से निकलता है, तो भूकंप आता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि फॉल्ट के खिसकने की गति (18 एमएम प्रति वर्ष तक) बहुत अधिक है। इसका मतलब बहुत अधिक ऊर्जा जमा हो रही है। यह ऊर्जा एक बड़े भूकंप के रूप में निकलती है। जैसा कि शुक्रवार को दिखा, जब 7.7 तीव्रता के भूकंप ने तबाही मचाई।




### 1200 किमी तक फैली है सागांग फॉल्ट

म्यांमार में भूकंप आने का मुख्य कारण सागांग फॉल्ट करीब 1,200 किमी तक फैली है। यह भारतीय प्लेट, बर्मा माइक्रोप्लेट के बीच में है। इन प्लेटों के टकराने से भूकंप आते हैं। इससे जानमाल के भारी नुकसान का अंदेशा बना रहता है, क्योंकि फॉल्ट लाइन के पास घनी आबादी वाले इलाके हैं। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे की रिपोर्ट कहती है कि 1930 से 1956 के बीच सागैंग फॉल्ड के पास रिक्टर पैमाने पर 7.0 की तीव्रता के 6 भूकंप आए। सागांग फॉल्ट से 1946 में 7.7 तीव्रता का भूकंप म्यांमार में आया था। 2012 में 6.8 तीव्रता का भूकंप यहां आ चुका है।

### दुनिया के सबसे शक्तिशाली भूकंप

भूकंप की तीव्रता उस फॉल्ट के क्षेत्र से जुड़ी होती है, जिस पर वह आता है। भूकंप के जमीन हिलने के असर से इमारतें क्षतिग्रस्त हो सकती हैं। दुनिया में अब तक का सबसे शक्तिशाली भूकंप 22 मई, 1960 को चिली के वाल्डिविया में आया था। इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 9.5 थी। इससे आई सुनामी से कई देशों में भयानक तबाही मची थी। इस भूकंप में 6 हजार से ज्यादा लोग मारे गए थे।

### 7 या अधिक तीव्रता का भूकंप ज्यादा खतरनाक

**7.0** या उससे ज़्यादा रिक्टर स्केल पर तीव्रता वाले भूकंप को सामान्य से ज़्यादा खतरनाक माना जाता है।

**7** से 7.9 की तीव्रता का भूकंप आने पर इमारतें ढह जातीं हैं। जमीन के अंदर पाइप लाइन फट जातीं हैं।


**8** से 8.9 की तीव्रता के भूकंप में इमारतों के साथ-साथ बड़े-बड़े पुल भी गिर सकते हैं।

**9** या उससे ज्यादा की तीव्रता का भूकंप तबाही मचाता है।

**2.0** या उससे कम तीव्रता वाले भूकंप सूक्ष्म भूकंप कहलाते हैं और ये सामान्य तौर पर महसूस नहीं होते।

### भारत में 4 महीने में ही 159 भूकंप

भूकंप तो भारत में भी आते हैं, कई बार आ चुके हैं, कुछ बड़े तो कुछ छोटे। लेकिन एक डर लोगों के मन में बना रहता है, अगर कोई बड़ा भूकंप आया तो क्या करेंगे? क्या भारत किसी बड़े भूकंप के लिए तैयार है? भारत का 59 फीसदी हिस्सा भूकंप के लिहाज से संवेदनशील माना जाता है, यहां भी नवंबर 2024 से फरवरी 2025 के बीच में कुल 159 भूकंप आ चुके हैं।




### भारत में सबसे खतरनाक भूकंप

भारत में वैसे तो कई मौकों पर भूकंप आए हैं, लेकिन दो सबसे भीषण माने जाते हैं। उनमें कई लोगों की जान गई थी, इमारतों को भारी नुकसान हुआ था।


| साल | जगह | तीव्रता | मौतें |
|---|---|---|---|
| 1905 | कांगड़ा,हिमाचल | 8 | 19,800 |
| 2001 | भुज, गुजरात | 7.9 | 12,932 |

## भारत पर कितना खतरा

**59% फीसदी भारत का हिस्सा संवेदनशील**

**4 जोन में बंटा है भारत का हिस्सा**

- जोन-5 सबसे ज्यादा खतरा
- जोन-4 ज्यादा खतरा
- जोन-3 मध्यम खतरा
- जोन-2 सबसे कम खतरा




**जोन-5 अति संवेदनशील राज्य और केंद्र शासित**

कश्मीर, पश्चिमी और मध्य हिमालय, उत्तर-मध्य बिहार, उत्तर-पूर्व भारतीय क्षेत्र, कच्छ का रण, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह इस जोन में आते हैं। आमतौर पर, ट्रैप रॉक या बेसाल्टिक चट्टान वाले क्षेत्र भूकंप के लिए प्रवण होते हैं।

**जोन 4 : ज्यादा संवेदनशील**

जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड , सिक्किम , सिंधु-गंगा के मैदान के कुछ हिस्से ( उत्तरी पंजाब , चंडीगढ़ , पश्चिमी उप्र, तराई, बिहार का एक बड़ा हिस्सा, उत्तर बंगाल, सुंदरवन ) और दिल्ली। महाराष्ट्र में पाटन क्षेत्र ( कोयनानगर ) भी जोन 4 में है।

**जोन 3: मध्यम**

चेन्नई, मुंबई, पुणे, कोलकाता, भुवनेश्वर, जमशेदपुर, अहमदाबाद सूरत, लखनऊ, वडोदरा, विजयवाड़ा, कोयंबटूर, केरल जैसे कई महानगर आते हैं।

**जोन 2: कम**

बैंगलोर , हैदराबाद , विशाखापत्तनम , नागपुर , रायपुर , ग्वालियर , जयपुर , तिरुचिरापल्ली और मदुरै जैसे शहर इस जोन में आते हैं।

अंडमान और निकोबार द्वीप

### भारत में भूकंप से निपटने के लिए क्या कदम

भारत में इस बात का अहसास है कि देश में एक तेज तीव्रता वाला भूकंप आ सकता है। ऐसे में कई कदम उठाए गए हैं। 2014 तक अगर सिर्फ 80 सीजमिक आब्जवेटरी रहती थीं, जो 2025 तक 168 हो चुकी है। इसी तरह पूरे देश में भूकंप अली वार्निंग सिस्टम शुरू करने की तैयारी है। उत्तराखंड में 2021 में ही ये आ चुका है। जो भी इसकी फाइडिंग होती है, उसे भूदेव ऐप पर भेजा जाता है। अब एक तरफ तकनीक के सहारे भूकंप के खतरों से बचने की कोशिश है तो वहीं दूसरी तरफ लोगों को जागरूक करना भी जरूरी है। इसी वजह से एनडीएमए ने इस साल मार्च में ही 'आपदा का सामना' नाम से एक जागरूकता अभियान शुरू किया था। 2016 में पीएम ने भी भूकंप की गंभीरता को समझा था और एक 10 पॉइंट एजेंडा तैयार किया था।

## बंगाल में हिंदू बंगालियों का अस्तित्व खतरे में: मिथुन

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में भाजपा ने हाल के वर्षों में अपनी स्थिति मजबूत की है। हालांकि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) अभी भी राज्य में एक प्रमुख ताकत बनी हुई है। इस बीच बीजेपी के नेता और प्रसिद्ध अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती ने हाल ही में एक बयान दिया, जिसे बीजेपी की चुनावी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। चक्रवर्ती ने भाजपा के एक कार्यक्रम में कहा, अगर भाजपा चुनाव नहीं जीती, तो पश्चिम बंगाल में हिंदू बंगालियों का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश से जो कुछ भी हुआ है, उससे हमें एक सबक लेना चाहिए। उनका यह भी कहना था कि अगर भाजपा सत्ता में नहीं आई तो विपक्षी दलों के नेता हिंदू बंगालियों को खत्म करने की योजना बना सकते हैं। चक्रवर्ती ने समर्थकों से अपील की कि वे व्यक्तिगत विचारधाराओं को एकतरफ रख भाजपा उम्मीदवार को जिताने पर ध्यान दें।

## यूके सांसद बोले-जलियांवाला हत्याकांड पर भारत से माफी मांगे ब्रिटिश सरकार

### बॉब ब्लैकमैन ने संसद में कहा, यह हमारे साम्राज्य पर धब्बा



**लंदन।** ब्रिटेन में विपक्षी कंजर्वेटिव पार्टी के सांसद बॉब ब्लैकमैन ने ब्रिटेन सरकार से 1919 के जलियांवाला बाग हत्याकांड के लिए भारत के लोगों से औपचारिक तौर पर माफी मांगने को कहा है। उन्होंने गुरुवार को संसद में कहा कि ब्रिटिश सरकार को 13 अप्रैल से पहले माफी मांगनी चाहिए। अगले महीने जलियांवाला बाग हत्याकांड की 106वीं बरसी मनाई जाएगी। ब्रिटिश सांसद ब्लैकमैन ने भाषण का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी शेयर किया है। ब्लैकमैन ने भाषण में कहा, बैसाखी के दिन लोग शांतिपूर्वक परिवार के साथ जलियांवाला बाग में शामिल हुए थे। जनरल डायर ने ब्रिटिश सेना की तरफ से सैनिकों को भेजकर मासूमों पर तब तक गोलियां चलवाई, जब तक गोलियां खत्म न हो जाएं। सांसद ब्लैकमैन ने कहा, जालियावांला हत्याकांड ब्रिटिश साम्राज्य पर एक धब्बा है। इसमें 1500 लोग मारे गए थे और 1200 घायल हुए थे। आखिरकार, ब्रिटिश साम्राज्य पर इस दाग के लिए जनरल डायर को बदनाम किया गया। ब्रिटिश सांसद ने कहा, तो क्या हम सरकार से बस एक बयान हासिल कर सकते हैं, जिसमें यह माना गया हो कि क्या गलत हुआ था और क्या औपचारिक तौर पर भारत के लोगों से माफी मांगी गई थी?

**किसी ब्रिटिश पीएम ने माफी नहीं मांगी:** किसी भी ब्रिटिश पीएम ने जलियांवाला बाग हत्याकांड के लिए माफी नहीं मांगी है। हालांकि, कई ब्रिटिश नेताओं ने समय-समय पर इसके लिए खेद जाहिर किया है। 2013 में तत्कालीन ब्रिटिश पीएम डेविड कैमरन ने 2013 में जलियांवाला बाग स्मारक का दौरा किया था। उन्होंने हत्याकांड को शर्मनाक घटना कहा था, लेकिन कभी माफी नहीं मांगी थी।

## कामरा को बड़ी राहत मिली अंतरिम जमानत

**चेन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट ने शुक्रवार को कॉमेडियन कुणाल कामरा को अंतरिम अग्रिम जमानत दे दी। कामरा महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर अपने जोक को लेकर विवाद का सामना कर रहे हैं। अदालत ने कामरा को इस शर्त पर राहत दी कि उन्हें तमिलनाडु के विल्लुपुरम जिले के वनूर में न्यायिक मजिस्ट्रेट की संतुष्टि के लिए एक बांड भरना होगा। न्यायमूर्ति सुंदर मोहन ने दूसरे प्रतिवादी (खार पुलिस) को भी नोटिस जारी किया और मामले की अगली सुनवाई 7 अप्रैल को तय की। कामरा ने बताया है कि वह 2021 में मुंबई से तमिलनाडु चले गए थे और तब से इसी राच्य के निवासी हैं और उन्हें मुंबई पुलिस द्वारा गिरफ्तारी का डर है। कामरा ने मुंबई में अपने हालिया शो के दौरान शिंदे पर तीखी टिप्पणियों के कारण परेशानी में पड़ गए और बड़ा विवाद खड़ा हो गया।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्ती, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करें: सीएम धामी



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में 1064 हेल्पलाइन की बैठक में निर्देश दिए कि भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड के लिए सभी विभागों द्वारा अपने स्तर से प्रयास करें। सीएम ने निर्देश दिए कि भ्रष्टाचार की शिकायत पर सघन जांच के साथ कठोर कार्रवाई भी की जाए। यह सुनिश्चित किया जाए की शिकायतकर्ता की गोपनीयता बनी रहे और भ्रष्टाचार की शिकायत पर यदि वह सही पाई जाती है, तो शिकायतकर्ताओं को प्रोत्साहित भी किया जाए। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को रोकने के लिए विभाग स्तर पर नोडल अधिकारी बनाए जाएं और उनको प्रशिक्षण भी दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार निवारण में सभी विभाग विजिलेंस को सहयोग करें। बैठक में पिछले तीन सालों में कुल 66 लोगों को ट्रैप किया जा चुका है। 72 भ्रष्टाचारियों को हिरासत में भी लिया गया है। राजस्व विभाग, पुलिस और विद्युत विभाग में सबसे अधिक कार्मिक ट्रैप किए गए हैं।

2025 में टोलफ्री नंबर 1064 एवं वेबसाइट से अब तक 343 शिकायतें प्राप्त हुई है, जिन पर कार्यवाही गतिमान है। रिवॉल्विंग फंड के तहत ट्रैप की कार्रवाई में शिकायतकर्ताओं को ट्रैप की धनराशि वापस की जाने की प्रकिया शुरू की गई है, जिसमें वर्तमान में 33 लोगों को ट्रैप की धनराशि वापसी की प्रक्रिया गतिमान है। विभागों में जिन मामलों में अधिक शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, विभागों द्वारा इसके समाधान के लिए उचित कार्रवाई की जाए। एक ही स्थान पर लंबे समय से तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों का समय-समय पर ट्रांसफर किया जाए। 1064 हेल्पलाइन की प्रभावशीलता को नियमित बनाए रखने के लिए सभी विभाग विजिलेंस को सहयोग करें।

## ऑक्सफोर्ड में ममता का विरोध, गो बैक के नारे



**कोलकाता/लंदन।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी को ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के केलॉग कॉलेज में गुरुवार को भाषण के दौरान विरोध का सामना करना पड़ा। कुछ प्रदर्शनकारियों ने बंगाल में हुई हिंसा, आरजी कर कॉलेज रेप-मर्डर केस और संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ अपराध को लेकर सवाल उठाए। ममता ने कहा, आप जानते हैं कि यह मामला अदालत में है और ये केस हमारे हाथ में नहीं है, बल्कि केंद्र सरकार ने अपने हाथ में ले लिया है। प्रदर्शनकारी छात्रों के शांत न होने पर ममता बनर्जी ने कहा, यहां राजनीति मत करो, यह राजनीति का मंच नहीं है। मेरे राज्य में आओ और मेरे साथ राजनीति करो। भाजपा ने इस घटना को 'बंगाल के लिए शर्मिंदगी' बताया है। पार्टी का कहना है कि विदेश में रहने वाले बंगाली हिंदू भी ममता को मुख्यमंत्री पद से हटाना चाहते हैं, क्योंकि उन्होंने बंगाल की विरासत को नष्ट कर दिया है।

**रक्षा** | भारतीय सेना ने किया एंटी टैंक से लैस एफपीवी ड्रोन का सफल परीक्षण

# पलक झपकते ही दुश्मन का टैंक होगा नष्ट

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने एक ऐसा आत्मघाती ड्रोन विकसित किया है, जो पलक झपकते ही दुश्मन के टैंक को नष्ट कर सकता है। सेना की फ्लेर-डी-लीस बिग्रेड ने फर्स्ट-पर्सन व्यू (एफपीवी) ड्रोन का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। यह आत्मघाती हमले में भूमिका के साथ एंटी-टैंक हथियार से लैस है। यह अपनी तरह की पहली परियोजना है, जो रक्षा क्षेत्र में भविष्य की चुनौतियों के लिए अहम मानी जा रही है। इस ड्रोन का परीक्षण पंजाब के पठानकोट में किया गया है।

फ्लेर-डी-लीस बिग्रेड ने सामरिक रूप से महत्वपूर्ण एफपीवी ड्रोन का सफल परीक्षण करके मील का पत्थर हासिल किया है। यह कामिकाजे भूमिका वाले एंटी-टैंक हथियार से लैस है। एफपीवी ड्रोन को डीआरडीओ के चंडीगढ़ स्थित टर्मिनल बैलिस्टिक्स रिसर्च लेबोरेटरी (टीबीआरएल) के सहयोग से विकसित किया गया है। अगस्त 2024 में शुरू इस पहल के तहत किफायती, उच्च प्रभाव वाले हवाई हमले की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए व्यापक अनुसंधान, विकास और परीक्षण किए गए हैं। एफपीवी ड्रोन को पूरी तरह राइजिंग स्टार ड्रोन बैटल स्कूल में असेंबल किया गया। इसने मार्च, 2025 तक 100 से अधिक ड्रोन बनाए हैं।

### एफपीवी ड्रोन कई युद्धक अभियानों के लिए सटीक



ऑपरेटर की सुरक्षा बढ़ाने के लिए पेलोड सिस्टम में एक दोहरे सुरक्षा तंत्र को शामिल किया गया है। यह परिवहन, संचालन और उड़ान के दौरान दुर्घटनावश विस्फोट को रोकता है। इससे पायलटों और ड्रोन का संचालन करने वाले कर्मियों के लिए जोखिम कम होता है। यह नया ड्रोन कई युद्धक अभियानों के लिए सटीक है।बता दें कि कामिकाजे एक जापानी शब्द है। यह द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान हमला करने वाली एक विशेष इकाई से जुड़ा था। इसमें पायलट लड़ाकू विमान को क्रैश कर आत्मघाती हमले को अंजाम देते थे।

## सबसे बड़े रक्षा सौदे को मंजूरी, सेना को मिलेंगे 156 प्रचंड हेलीकॉप्टर

**नई दिल्ली।** रक्षा के क्षेत्र में भारत लगातार मजबूत हो रहा है। इस बीच केंद्र सरकार ने एक और सबसे बड़े रक्षा सौदे को मंजूरी दी है। भारत ने 156 मेड इन इंडिया एलसीएच प्रचंड हेलीकॉप्टर खरीदने के लिए सबसे बड़े रक्षा सौदे को मंजूरी दे दी है। रक्षा अधिकारियों द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार, सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की आज हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। रक्षा मंत्रालय ने इस वित्त वर्ष में 2.09 लाख करोड़ रुपये से अधिक के अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं। यहां पर ध्यान देने वाली बात है कि इस रक्षा मंजूरी की स्वीकृति के बाद यह हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के लिए अब तक का सबसे बड़ा ऑर्डर होगा और हेलीकॉप्टरों का निर्माण कर्नाटक के बेंगलुरु और तुमकुर स्थित उनके संयंत्रों में किया जाएगा।

### प्रचंड की खासियत

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा विकसित एलसीएच प्रचंड विभिन्न हथियार प्रणालियों से लैस है। यह ऊंचाई वाले क्षेत्रों में दुश्मन के टैंक, बंकर, ड्रोन को नष्ट करने में सक्षम है। हेलीकॉप्टर में आधुनिक विशेषताएं, मजबूत कवच सुरक्षा और रात्रि में भी हमले की क्षमता है। यह दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन में भी काम करने में पूरी तरह सक्षम है। प्रचंड हवा से जमीन,हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों को दागने में भी सक्षम है और दुश्मन के हवाई रक्षा अभियानों को नष्ट कर सकता है। इसका उपयोग धीमी गति से चलने वाले विमानों और दूर से संचालित विमानों पर भी किया जा सकता है। एलसीएच प्रचंड को पिछले साल थलसेना और वायुसेना में शामिल किया गया था।

## कृष-4 की अनाउंसमेंट होते ही प्रियंका ने किया रिएक्ट

**नई दिल्ली।** ऋतिक रोशन स्टारर फिल्म से जुड़ा एक बड़ा अपडेट राकेश रोशन ने शेयर किया है। कृष 4 की अनाउंसमेंट पोस्ट पर प्रियंका चोपड़ा का रिएक्शन भी चर्चा में आ गया है। कृष 4 के जरिए ऋतिक रोशन बतौर निर्देशक करियर की शुरुआत करने जा रहे हैं। इसकी घोषणा उनके पिता राकेश रोशन ने की है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर फोटो शेयर कर लिखा, डुग्गू 25 साल पहले तुम्हें बतौर एक्टर लॉन्च किया था। आज दो फिल्ममेकर आदित्य चोपड़ा और मैं तुम्हें निर्देशक के रूप में लॉन्च करने जा रहे हैं, ताकि तुम हमारी सबसे बड़ी फिल्म को आगे ले जा सको। राकेश की पोस्ट पर फैंस से लेकर फिल्मी दुनिया के सितारे रिएक्ट करते नजर आ रहे हैं। हालांकि, एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा के कमेंट ने हर किसी का ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने ताली बजाने वाली और रेड हार्ट इमोजी पोस्ट की है।

## उत्तराखण्डः ऋषिकेश को मिला बेस्ट एडवेंचर डेस्टीनेशन के अवार्ड



**जेएनएन, नईदिल्ली।** उत्तराखंड में धामी सरकार के पर्यटन विकास के क्षेत्र में निरंतर प्रयासों का असर दिखाई देने लगा है। पिछले कुछ वर्षों से उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद राज्य में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से समय-समय पर विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाती हैं। इसी क्रम में इण्डिया टुडे ग्रुप द्वारा 28 मार्च, 2025 को नई दिल्ली में आयोजित इण्डिया टुडे टूरिज्म सर्वे एण्ड अवार्ड 2025 में ऋषिकेश को बेस्ट एडवेंचर डेस्टीनेशन के सम्मान से नवाजा गया। यह अवार्ड पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के पर्यटन मंत्री गजेन्द्र शेखावत द्वारा प्रदान किया गया, जिसे राज्य की ओर से सचिव पर्यटन/मुख्य कार्यकारी अधिकारी सचिन कुर्वे द्वारा प्राप्त किया गया। श्री कुर्वे ने बताया कि पर्यटन विभाग राज्य में साहसिक गतिविधियों को बढ़ाने के साथ-साथ अल्पज्ञात पर्यटन गतंव्यों को विकसित कर रहा है, जिससे राज्य में पर्यटकों की आवाजाही बढ़ सके। उन्होंने बताया कि राज्य में खगोलीय पर्यटन (एस्ट्रो टूरिज्म) को बढ़ावा दिये जाने हेतु विभिन्न स्थानों पर नक्षत्र सभा का आयोजन भी किया गया, जो तारों को देखने, विशेष सौर अवलोकन, एस्ट्रोफोटोग्राफी प्रतियोगिता जैसी गतिविधियों को प्रस्तुत कर एस्ट्रो टूरिज्म के क्षेत्र में भारत का पहला वार्षिक अभियान है। इस अवार्ड समारोह में विभिन्न राज्यों यथा गुजरात, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, मेघालय, दिल्ली आदि राज्यों / संघ शासित क्षेत्र के द्वारा प्रतिभाग किया, जिसमें उत्तराखण्ड राज्य में स्थित ऋषिकेश को बेस्ट एडवेंचर डेस्टीनेशन के रूप में सम्मान प्राप्त हुआ।

# कार्ययोजना बनाकर जल गंगा संवर्धन अभियान चलाएं : मुख्यमंत्री

## ई-ऑफिस व्यवस्था 30 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से लागू करें : मुख्य सचिव



**जागरण, पन्ना**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से गत शुक्रवार को समाधान ऑनलाइन में विभिन्न जिलों के आवेदकों की समस्याएं सुनीं तथा विभागीय अधिकारियों को अपनी दक्षता से निरंतर आमजनों की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। सीएम ने आवेदकों की विभागीय समस्याओं व शिकायतों के निराकरण के अलावा जल गंगा संवर्धन अभियान, डूबने की दुर्घटनाओं पर रोकथाम तथा कानून व्यवस्था एवं राजस्व के विषयों पर भी चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान की पूरी कार्ययोजना बनाकर हर जिले में जल संरक्षण और जल संवर्धन के कार्य कराएं। अभियान में आमजनता की भी पूरी भागीदारी सुनिश्चित करें। आगामी 30 मार्च को विक्रम नववर्ष गुड़ी पड़वा मनाया जाएगा। यह महज नववर्ष की शुरूआत नहीं है। यह काल गणना की प्रथम तिथि है। विक्रम संवत नक्षत्रीय गणना राशियों तथा वैदिक गणना को समाहित किए हुए है। इन सबकी चर्चा 30 मार्च के कार्यक्रम में होनी चाहिए। विक्रम नववर्ष सूर्य उपासना से भी जुड़ा हुआ है।

वीडियो कान्फ्रेंसिंग में मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि ई-ऑफिस की व्यवस्था 30 अप्रैल तक हर हाल में लागू कर दें। इसके बाद कोई भी फाइल भौतिक रूप से एक अधिकारी से दूसरे अधिकारी के पास नहीं जाएगी। ई-ऑफिस से प्रशासनिक कार्यों में समय की बचत होने के साथ दक्षता और गुणवत्ता में वृद्धि होगी। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक अपने जिले की कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास करें। अपने सूचना तंत्र को सुदृढ़ रखें। राजस्व अधिकारी रोस्टर के अनुसार अधीनस्थ कार्यालयों का निरीक्षण करें। आगामी गर्मियों में पेयजल की समुचित व्यवस्था हर बसाहट में करें। पूरे प्रदेश में इन गर्मियों में ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित कर दें कि अगले वर्ष कहीं भी पेयजल परिवहन की नौबत न आए। सभी अधिकारी वर्ष 2025-26 के लिए विभागीय योजनाओं के लक्ष्य 15 अप्रैल तक निर्धारित कर दें। समाधान ऑनलाइन तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण पर विशेष ध्यान दें। लंबित प्रकरणों में संवेदनशीलता और तत्परता से कार्यवाही करें। कलेक्टर सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की हर सप्ताह समीक्षा करें। इस मौके पर कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी केन्द्र से कलेक्टर सुरेश कुमार, पुलिस अधीक्षक सांई कृष्ण एस थोटा, डीएफओ अनुपम शर्मा एवं गर्वित गंगवार, जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## रमजान उल मुबारक का आखिरी जुमा रहमत और मगफिरत वाला महीना अलविदा

**पन्ना।** जिले की तहसील पवई में रमजान उल मुबारक के महीने में अलविदा जुमा की नमाज बड़ी जामा मस्जिद पवई में हाफिज तौहीद अख्तर रिजवी ने अदा करवाई यह जुम्मा रमजान के महीने का आखिरी जुमा है लोगों ने बड़ी तादाद में शिरकत कर जुम्मे की नमाज अदा करने के बाद अपने रब से रो रो के गिरगाड़ा कर अपने लिए और अपने घर वालों के लिए सारी कायनात के लोगों के लिए और सारी दुनिया में अमन शांति बनी रहे इस बात की रब से दुआ की आज रमजान के 28 रोज मुकम्मल हो चुके चांद देखकर रोजे रखे जाते हैं और चांद देखकर ईद मनाई जाती है ईद का त्यौहार बड़ी खुशी वाला त्यौहार होता है जो हजरात रोजे रखते हैं दिनभर भूखे प्यासे रहकर अल्लाह ताला से अपने गुनाहों की माफी तालाब करते हैं और खूब इबादत करते हैं इस माह में अल्लाह ताला अपने इस्लामी भाई को इतना रिस्क आता करता है कि उनको पता ही नहीं चलता कि पैसा कहां से आ रहा है अल्लाह का यह बहुत बड़ा अहसानो करम है हम मोमिनो पर कि हम लोगों को इस माहे मुबारक महीना आता किया इसी माह में एक रात ऐसी आती है जिसे हम लैलतुल कद्र कहते हैं इस रात में कुराने मस्जिद फुरकान ए हबीब आसमान से उतारी गई किताब है इसी रात हमारे आका रसूले अकरम सल्लल्लाहो ताला अलेही वसल्लम ने आसमान से जमीन पर हम मोमिन भाइयों को हिदायत देने के लिए लेकर आए कुराने मस्जिद हमको यह सिखाती है कि हम कभी किसी का दिल ना दुखाए ना कभी किसी की चुगली करें ना किसी की कभी कोई बुराई अपने दिल में रखें सारे भाई एक साथ मिलकर मोहब्बत से इस दुनिया में जिंदगी गुजारे हाफिज तौहीद अख्तर रिजवी ने क्या कहा आप सुन सकते हैं।

## जल गंगा संवर्धन अभियान में सभी संबंधित विभाग निर्देशों का अक्षरशः पालन कर अभियान को सफल बनाएं कलेक्टर

### अभियान में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों की सहभागिता भी सुनिश्चित कराएं



**जागरण, पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने जल गंगा संवर्धन अभियान के आयोजन में सभी संबंधित विभाग को निर्देशों का अक्षरशः पालन कर अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस संबंध में गत दिवस कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक के अवसर पर अभियान में जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों की सहभागिता भी सुनिश्चित कराने के लिए निर्देशित किया।

जिला कलेक्टर ने प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयोजन की जिले में की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अपर सचिव द्वारा जारी निर्देशों का हवाला देते हुए संबंधित विभागों के जिला व खण्ड स्तरीय अधिकारियों को सौंपी गई जवाबदेही का क्रियान्वयन समय सीमा में कराने के लिए कहा। संपूर्ण जल गंगा संवर्धन अभियान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के मार्गदर्शन में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान का आयोजन 30 मार्च से 30 जून तक किया जाएगा। अभियान के उद्देश्यों, कार्ययोजना, संस्थागत व्यवस्थाओं के अलावा 15 प्रमुख विभागों को सौपे गए दायित्वों की पृथक-पृथक समीक्षा कर क्रियान्वयन के संबंध में दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों के अधिकारियों को जो विभागीय दायित्व सौंपे गए हैं, उन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए स्थानीय स्तर की व्यवस्थाओं के दृष्टिगत कार्ययोजना बनाएं और उनके क्रियान्वयन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही कार्यों की मॉनीटरिंग के प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में अधिक से अधिक समाज का जुड़ाव और जनभागीदारी हो और जल के उपयोग, संरक्षण की महत्ता संबंधी दायित्वों का स्वंय पालन करें और अन्य समाजबंधुओं को अभिप्रेरित करें। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान आयोजन और क्रियान्वयन के संबंध में जो दिशा निर्देश जारी किए गए हैं, उसका जिले में अक्षरशः क्रियान्वयन हो और उपलब्धियां स्पष्ट रूप से परलक्षित हों। कलेक्टर ने कहा कि अभियान से संबंधित तमाम जानकारियों का व्यापक प्रचार-प्रसार हो और अभियान की मंशा से जिले का हर नागरिक परिचित हो। इसके लिए विभिन्न स्तरों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय कर आयोजनो का ब्यौरा आमजनों तक पहुंचाने के सफल प्रयास करें। उन्होंने निर्देश दिए कि पूर्व वर्षो में निर्मित कराए गए सभी जल स्त्रोतों का संवर्धन हो, इसके लिए साफ सफाई, जीर्णोद्धार, मरम्मत, जल स्त्रोतों में प्रदूषण के स्तर को कम करने, मानसून में पौधरोपण अधिक से अधिक हो इसके लिए पूर्व में ही तैयारियां सुनिश्चित करने के अलावा अभियान का शुभांरभ तथा कार्यवधि के दौरान संपादित होने वाले कार्यों तथा संस्थागत व्यवस्था और सहभागी विभाग पर गहन प्रकाश डाला। बैठक में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन सतीष शर्मा, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार सहित जनपद पंचायत सीईओ एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## इको-क्लब ने पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन कर प्रतिभागियों को मैडल बांटे



**पन्ना।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना प्राचार्य डॉ. एसपीएस परमार के निर्देशन तथा प्रशासनिक अधिकारी डॉ पीपी मिश्रा के विशेष सहयोग से इको-क्लब के द्वारा आज दिनांक 29 मार्च 2025 को एक पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय में इको-क्लब प्रभारी डॉ मनोज कुमार शुक्ल के मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण एवं समग्र स्वच्छता अभियान की थीम पर मुख्य भवन की भीतरी दीवार पर किया गया। जिसमें रजनी कुशवाहा, मुस्कान वर्मा, प्रिया कोरी, मुस्कान रैकवार, मोहित रैकवार, अरविंद पाल, सत्यम बागरी, शिवम यादव, प्रीति वंशकार और प्रीति वर्मा आदि दो-दो विद्यार्थियों के पांच समूहों ने अलग-अलग पेंटिंग की पेंटिंग पर्यावरण संरक्षण हेतु निरंतर काम करने के लिए प्रेरित करने हेतु समस्त सहभागियों को महाविद्यालय के इको-क्लब की ओर से गोल्ड मैडल वितरित किए गए। महाविद्यालय परिवार से वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ जेके वर्मा, डॉ नंद कुमार पटेल, डॉ बी एन जायसवाल, डॉ सचिन गोयल, डॉ डीपी कुशवाहा, डॉ गुलाब धर, डॉ पीयूषा शर्मा, श्री विपिन कुमार आदि ने इको-क्लब के प्रयासों की सराहना की।

## नेपाल में चमके पवई के ऋषि

### अंतरराष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में हासिल किया गोल्ड



**पवई।** शहीद भगत सिंह स्पोर्ट्स फाउंडेशन द्वारा आयोजित भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय कबड्डी टूर्नामेंट 21 मार्च से 24 मार्च तक नेपाल के पोखरा स्थित रंगशाला स्टेडियम में आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में पवई के झंडा बाजार निवासी प्रतिष्ठित व्यवसायी रविंद्र अग्रवाल और चांदनी अग्रवाल के बेटे ऋषि अग्रवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-19 ग्रुप में स्वर्ण पदक हासिल कर नगर का नाम रोशन किया।

यह पवई नगर के इतिहास में पहली बार है जब किसी खिलाड़ी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश के बाहर स्वर्ण पदक जीता है। ऋषि की इस उपलब्धि से परिवार सहित पूरे नगर और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। नगरवासियों और शुभचिंतकों द्वारा उन्हें लगातार बधाइयां दी जा रही हैं। ऋषि की इस सफलता से क्षेत्र के युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरणा मिलेगी और उनके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नगर के खेल प्रेमियों को ऋषि की इस उपलब्धि पर गर्व है और उन्होंने भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद जताई है। ऋषि ने अपने कठिन परिश्रम और समर्पण से यह सफलता हासिल की है।

## टीकमगढ़ पुलिस ने शहर में निकाला फ्लैग मार्च




**टीकमगढ़।** आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ श्री मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु टीकमगढ़ शहर में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ फ्लैग मार्च निकाला जो शहर के मुख्य चौराहों, बाजारों, मस्जिदों से होता हुआ कंट्रोल रूम पर समाप्त हुआ। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया कि उक्त फ्लैग मार्च आगामी त्योहारों पर आमजन को सुरक्षा का विश्वास दिलाने एवं आपराधिक तत्वों में भय व्याप्त करने हेतु निकाला गया है साथ ही आमजन से आगामी त्योहार शांति पूर्वक मनाने की अपील की। फ्लैग मार्च में एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे, रक्षित निरीक्षक विशाल मालवीय, उप पुलिस अधीक्षक दिलीप पांडे,थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक पंकज शर्मा सहित थाना कोतवाली,देहात, अजाक, महिला थाना, पुलिस लाइन सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के पुलिस अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए। पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ द्वारा आमजन से अपील की है कि आगामी त्योहार शांति पूर्वक मनाएँ एवं किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक/संदिग्ध गतिविधि में शामिल न हों।

## डुमरउ पर खड़े रहते हैं मुरम से भरे डंफर नहीं देते विभाग को दिखाई



**टीकमगढ़।** जिले का खनिज विभाग लगता हैं इन दिनों कुंभकरण की नींद में सो रहा हैं और खनिज माफिया जिले में अवैध खुदाई कर पहाड़ों और जमीन को छलनी किया जा रहा हैं लेकिन खनिज विभाग का कोई अंकुश नहीं लगने से अवैध उत्खननकर्ता निरंकुश होते नज़र आ रहें हैं टीकमगढ़ जिले में मुरम का खेल चल रहा है। काला खेल खनिजों का अवैध उत्खनन एवं परिवहन काफी लंबे समय से चल रहा है। और वर्तमान परिस्थिति अनुसार परिवहन के इस अवैध खेल में खनिज विभाग का पूरा-पूरा मौन समर्थन दिखाई देता है, गोपनीय विभागीय सूत्र बताते है कि अतिरिक्त कमाई के चक्कर में खनिज विभाग के अधिकारी शासन को हर रोज सेटिंग के चलते लाखों रुपयों का चूना लगा रहे हैं। अवैध रूप से परिवहन के मामले में जिस तरह के हथकंडे अपनायें जाते हैं। वह सब विभागीय अधिकारियों द्वारा बताये जाते हैं, अवैध परिवहन के मामले में कई गुना पैसों का खेल चलता है। जिसको लेकर अब ग्रामीण ने भी आवाज बुलंद करना शुरू कर दी है। उत्तमपुरा के ग्रामीणों ने बीते दिनों जिला कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय को एक शिकायती पत्र सौंपकर जिसमें उन्होंने श्रीनगर में अवैध खनन पर रोक लगाने माफियाओं के चंगुल से मुक्त कराने हेतु दर्जनों ग्रामीणों ने शिकायत की थी। जानकारी के मुताबिक बताया गया है कि अवैध मुरम माफियाओं का सिंडिकेट डुमरऊ के आसपास मंडराता हुआ देखा जाता है। लेकिन सवाल तो अब तमाम खड़े होते है। आखिर खनिज विभाग कढ़ाई से क्यों नहीं कार्यवाही कर रहा है। क्या सूत्र जो बता रहे हैं वह सही है? क्या खनिज विभाग की मिली भगत शामिल है? यह तमाम सवाल खड़े होते हैं।

## शादी का झांसा देकर युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाने वाला आरोपी गिरफतार

टीकमगढ़। पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा महिलाओ एवं बच्चियों पर घटित होने बाले अपराधों में तत्काल कार्यवाही कर आरोपियों को गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया हैं। दिनांक 25.03.25 को ग्राम गांगीबाडा छिंदवाडा म0प्र0 की पीडिता द्वारा थाना कोतवाली टीकमगढ़ में रिपोर्ट लेख कराई कि अखिलेश साहू के द्वारा शादी का प्रलोभन देकर शाररिक संबंध बनाया बाद में आरोपी अखिलेश साहू द्वारा पीडिता से शादी करने से इंकार कर दिया पीडिता की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली टीकमगढ़ में धारा 69,115 (2) बीएनएस का कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया। अति. पुलिस अधीक्षक सीताराम, एसडीओपी राहुल कटरे के मार्गदर्शन, थाना प्रभारी कोतवाली टीकमगढ पंकज शर्मा के नेतृत्व में दिनांक 27.03.25 को उक्त अपराध के आरोपी अखिलेश साहू नि0 पोस्ट ऑफिस के पीछे टीकमगढ को गिरफतार कर माननीय न्यायालय टीकमगढ के समक्ष पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में निरी0 पंकज शर्मा, उपनिरी0 सुरेन्द्र सिह प्र0आर0 मनीष आर0 ब्रजेन्द्र दांगी की विशेष भूमिका रही है।

## उप जेल पवई में बंदियों को दी विधिक अधिकारों की जानकारी



**जागरण, पन्ना।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय द्वारा शनिवार को उप जेल पवई में विधिक साक्षरता शिविर लगाया गया। इस अवसर पर व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एवं प्राधिकरण के सचिव राजकुमार गौड़ द्वारा बंदियों को विधिक अधिकारों एवं कर्त्तव्यों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। सचिव ने जेल मैन्युअल अनुसार बंदियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की जानकारी भी प्राप्त की। साथ ही बैरकों का निरीक्षण किया। साफ-सफाई, बिस्तर व रसोई की व्यवस्थाओं का अवलोकन भी किया। इस दौरान उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश के पालन में उप जेल द्वारा की जा रही कार्यवाही के बारे में जानकारी लेकर जमानत आदेश प्राप्ति के सात दिवस में बंदी की रिहाई नहीं होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अविलंब सूचित करने के निर्देश भी दिए। बंदियों को अनुशासन बनाए रखने व स्वयं के व्यवहार में आवश्यक सुधार लाने के लिए प्रेरित किया गया।

शिविर के दौरान बंदियों को अधिवक्ता की आवश्यकता होने पर जेल प्रशासन के माध्यम से प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रेषित करने के लिए कहा। प्राधिकरण द्वारा प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही कर जरूरतमंद को पैनल से निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने की सुविधा प्रदान की जाती है। प्ली बारगेनिंग के प्रावधानों की जानकारी प्रदान कर जेल लोक अदालत के माध्यम से राजीनामा योग्य मामलों में समझौता के जरिए सुलह करने की सलाह दी गई। इस दौरान सहायक जेल अधीक्षक मुनीन्द्र मिश्रा ने आभार व्यक्त कर सभी बंदियों से शिविर में प्राप्त विधिक जानकारी को अमल में लाने के लिए प्रोत्साहित किया।

## शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**जागरण, पन्ना।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में वार्षिकोत्सव अंतर्गत कैरम, शतरंज, मेहँदी, लेमन रेस, कुर्सी दौड़, शेक रेस, फूड स्टाल के साथ-साथ क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 25 मार्च से 28 मार्च तक किया गया था।

वार्षिकोत्सव अंतर्गत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप दिनांक 29 मार्च को हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुरेश कुमार, कलेक्टर पन्ना एवं अध्यक्ष जनभागीदारी समिति पॉलीटेक्निक पन्ना, विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेश गौतम, उद्योग प्रतिनिधि के रूप में जनभागीदारी समिति में नामित उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, संस्था प्राचार्य, विभागाध्यक्ष सीएसई, व्याख्याता सीएसई के साथ दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुये मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया। स्वागत उपरान्त संस्था प्राचार्य अरविन्द त्रिपाठी द्वारा संस्था का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया जिसमें संस्था के प्रारम्भ से लेकर नए ब्रांच शुरू होने, संस्था की कमियों के बारे मे भी बताया तथा नवीन भवन हेतु 1473 लाख के प्रस्ताव की जानकारी तथा संस्था में हुये प्लेसमेंट की जानकारी एवं प्लेसमेंट बढ़ाए जाने हेतु की जाने वाली कार्यवाही से मुख्य अतिथि को अवगत कराया गया। आगामी 4 अप्रैल एवं 8 अप्रैल को शासकीय पोलीटेक्निक महाविद्यालय पवई में आयोजित होने वाले प्लेसमेंट में अधिक से अधिक विद्यार्थियों के शामिल होने की अपील भी की गई। इसके पश्चात श्रीमति वर्षा प्रजापति, व्याख्याता सीएसई द्वारा महाविद्यालय में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राजेश गौतम द्वारा ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम हर वर्ष करने, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु ऐसे प्लेटफार्म प्रदान करने, स्वयं के माध्यम से अन्य को रोजगार देने हेतु उद्यमिता की ओर जाने हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित किया तथा भारतीय संस्कृति, संस्कार को आत्मसात करने एवं एकल परिवार की कमियों की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित किया तथा विद्यार्थियों को सफल-सुखद भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेश कुमार, कलेक्टर पन्ना एवं अध्यक्ष जनभागीदारी समिति पॉलीटेक्निक पन्ना द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये कहा कि तकनीकी विद्यार्थियों को प्लेसमेंट के साथ-साथ स्वरोजगार की ओर जाने की सलाह दी । इसके अलावा विद्यार्थियों की प्रतिभा को उजागर करते हुये ऐसे कार्यक्रम आयोजित कराते रहने एवं आगामी किसी सत्र में यह कार्यक्रम टाउन हाल में कराने के लिए भी कहा। प्लेसमेंट के लिए बड़ी कम्पनियों के बुलाये जाने हेतु सहयोग करने के लिए संस्था प्राचार्य को निर्देशित भी किया। कलेक्टर द्वारा विद्यार्थियों के सुखमय भविष्य की कामना करते हुये संस्था में आयोजित विभिन्न कार्यक्रम, युवा उत्सव एवं मेरिट में आए हुये विद्यार्थियों को भी प्रमाण-पत्र, मैडल से सम्मानित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ इकबाल मोहम्मद द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना से हुई, इसके बाद विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम जिसमें लोक नृत्य, विभिन्न क्षेत्रों के परिधान पर रैम्प वाक, प्रहसन एकल गीत, एकल नृत्य, जैसे विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम भी सम्पन्न हुये।

कार्यक्रम के समापन के दौरान उत्कर्ष श्रीवास्तव विभागाध्यक्ष सीएसई द्वारा अपने आभारी उद्बोधन में बताया गया कि महाविद्यालय में दिनांक 26 मार्च को आयोजित फूड स्टाल कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उद्यमिता की योग्यता का बेहतरीन प्रयोग करते हुये लगभग 8000 रुपए का लाभ अर्जित किया था, श्रीवास्तव ने आगे बताया कि सिविल एवं मैकेनिकल हेतु पदों की स्वीकृति के प्रयास, प्रवेश वृद्धि हेतु किए जा रहे प्रयास, विद्यार्थियों के द्वारा किए गए जे के सीमेंट के औद्योगिक भ्रमण, निर्माणाधीन सीएम राइज़ स्कूल के विजिट की जानकारी से अतिथियों को अवगत कराया गया।

## महर्षि विद्या मंदिर पन्ना का वार्षिक परीक्षा परिणाम हुआ घोषित



**जागरण, पन्ना।** आज दिनांक 29 मार्च 2025 को सुबह 10 बजे महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सैकेण्ड्री स्कूल का प्रथम चरण का (कक्षा वाटिका एक से आठवीं तक) परीक्षा परिणाम समारोह पूर्वक घोषित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परंपरानुसार गुरु पूजन, सरस्वती पूजन एवं भावातीत ध्यान के अभ्यास के साथ हुआ। कार्यक्रम के अध्यक्ष अरविंन्द सिंह यादव एवं मुख्य अतिथि के रुप में श्री राम जी वर्मा (रिटा0 ट्रेजरी ऑफीसर) रहे।

इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य पी0के0दीक्षित ने सभी अतिथियों अभिभावकों का स्वागत वंदन करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि विद्या एक ऐसा अक्षय धन है जो खर्च करने पर बढ़ता है, और इसलिए सभी माता-पिता अभिभावकों को अपने बच्चों को विद्या अध्ययन में हर संभव सहयोग एवं मार्गदर्शन करना चाहिए। केवल अंको के प्रतिशत से किसी छात्र को योग्य/अयोग्य नहीं कहा जा सकता बल्कि बच्चे के विषेष योग्यता वाले क्षेत्र को पहचानकर उसे उसमें आगे बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। अरविंद सिंह यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि माता-पिता की सेवा ही भगवान की सेवा है। इसलिए छात्र/छात्राओं को संस्कारों की शिक्षा अवश्य दी जानी चाहिए और जिसके लिए महर्षि विद्या मंदिर की अपनी अलग पहचान है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीराम जी वर्मा (रिटा0 ट्रेजरी ऑफीसर) ने कहा कि माता-पिता/अभिभावकों को छात्र के शिक्षण में वांछित सहयोग ज्ञान प्राप्ति की गति को कई गुना बढ़ा देता है अतः हर पिता अभिभावक को बच्चों के लिए समय अवश्य निकालना चाहिए। महर्षि के जीवन परिचय पर आधारित वीडियो क्लिप दिखाई गई।

तदोपरांत कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्र/छात्राओं एवं उनके माता पिता को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन करते हुए परीक्षा परिणाम घोषित एवं वितरित किया गया। तत्पश्चाच विद्यालय प्राचार्य ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त एवं समस्त छात्र/छात्राओं को उनके परीक्षा परिणाम के लिऐ बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी, तथा कुमारी सोनाक्षी यादव कक्षा पांचवी में दूसरा स्थान प्राप्त किया 90 प्वाइंट 40 अंक प्राप्त किया अतिथिगणों, छात्र/छात्राओं के अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए जय गुरुदेव के उद्घोष के साथ कार्यक्रम समापन की घोषणा की।



"विक्रम सम्वत् 2082" भारतीय नववर्ष,
सृष्टि आरंभ दिवस एवं गुड़ी पड़वा के पावन पर्व की
प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री | मंगुभाई पटेल, राज्यपाल | डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

# विक्रमोत्सव
26 फरवरी से 30 जून 2025

मुख्य अतिथि
**मंगुभाई पटेल**
राज्यपाल

अध्यक्षता
**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री

गरिमामयी उपस्थिति
**डॉ. अर्जुनराम मेघवाल**
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
विधि एवं न्याय, भारत सरकार


प्रदेश स्तर पर ब्रह्मध्वज स्थापना एवं सम्राट विक्रमादित्य पर केन्द्रित नाट्य प्रस्तुति

वीर भारत संग्रहालय का भूमिपूजन
सायं 5:00 बजे, कोठी महल

रुद्र सागर, लाइट एंड साउंड शो का उद्‌घाटन
सायं 6:30 बजे, श्री महाकाल-महालोक परिसर

**सम्राट विक्रमादित्य हेरिटेज होटल का लोकार्पण**
सायं 6:00 बजे, महाराजवाड़ा परिसर

**30 मार्च, 2025, उज्जैन**



जन सहभागिता से जलस्रोतों को सहेजने के लिए
**जल गंगा संवर्धन अभियान**
**शुभारंभ**
30 मार्च से 30 जून, 2025
सायं 7:00 बजे, क्षिप्रा तट

'जल दूत' के रूप में सहभागिता के लिए mybharat.gov.in पर पंजीयन करायें

D-11218/24 सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025



## ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| निकोलस (लखनऊ) | 145 |
| मिचेल मार्श (लखनऊ) | 124 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 114 |
| किशन (हैदराबाद) | 106 |

## पर्पल कैप (गेंदबाज)



| | |
|---|---|
| नूर अहमद (चैन्नई) | 07 |
| शार्दुल ठाकुर (लखनऊ) | 06 |
| हेजलवुड (बेंगलुरु) | 05 |
| खलील अहमद (चैन्नई) | 04 |

## बाउंड्री मीटर



170 छक्के
260 चौके
18 अर्धशतक

विराट कोहली के सीएसके के खिलाफ 33 मैचों में 1084 रन हो गए। वे इस टीम के खिलाफ सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने शिखर धवन (1057 रन) को पीछे छोड़ा। तीसरे नंबर पर रोहित शर्मा (896 रन) हैं।

## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 02 | 02 | 00 | 04 | 2.266 |
| लखनऊ | 02 | 01 | 01 | 02 | 0.963 |
| पंजाब | 01 | 01 | 00 | 02 | 0.550 |
| दिल्ली | 01 | 01 | 00 | 02 | 0.371 |
| हैदराबाद | 02 | 01 | 01 | 02 | -0.128 |
| कोलकाता | 02 | 01 | 01 | 02 | -0.308 |
| चेन्नई | 02 | 01 | 01 | 02 | -1.013 |
| मुंबई | 01 | 00 | 01 | 00 | -0.493 |
| गुजरात | 01 | 00 | 01 | 00 | -0.550 |
| राजस्थान | 02 | 00 | 02 | 00 | -1.882 |

## केएल राहुल की वापसी, दिल्ली की नजरें होंगी दूसरी जीत पर

**मैच का प्रसारण 3.30 बजे से**



**विशाखापत्तनम।** लखनऊ सुपर जाएट्स पर शानदार जीत दर्ज करने और भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल की वापसी के साथ आत्मविश्वास से ओतप्रोत दिल्ली कैपिटल्स रविवार को आईपीएल के डबल हेडर के पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ इस लय को कायम रखने के इरादे से उतरेगी। अपने अभियान की शानदार शुरुआत के बाद सनराइजर्स को गुरुवार को लखनऊ टीम के हाथों पराजय का सामना करना पड़ा। अब अपने मैदान से बाहर कप्तान पैट कमिंस पर टीम की मोर्चे से अगुआई का दारोमदार होगा। दूसरी ओर दिल्ली की टीम राहुल की वापसी से मजबूत हुई है। अपने पहले बच्चे के जन्म के कारण राहुल लखनऊ के खिलाफ पहले मैच से बाहर थे। चैम्पियंस ट्रॉफी में भारत की खिताबी जीत के सूत्रधारों में रहे राहुल को दिल्ली ने 14 करोड़ रुपए में खरीदा था। अपने अपार अनुभव के बावजूद उन्होंने कप्तानी नहीं करने का फैसला किया और यह जिम्मेदारी अक्षर पटेल को सौंपी गई। एक समय भारत की हर प्रारूप की टीम के अभिन्न अंग माने जा रहे राहुल पिछले साल टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा नहीं थे। वह आईपीएल में भी लखनऊ के साथ प्रभाव नहीं छोड़ सके, जिसके बाद टीम ने उन्हें रिलीज कर दिया। टीम के मालिक संजीव गोयनका के साथ मैदान पर उनकी बातचीत भी वायरल हो गई थी। अब नई टीम के साथ नई शुरुआत करते हुए वह अपने प्रदर्शन से जवाब देना चाहेंगे। पिछले कुछ सत्रों में दिल्ली की टीम करीबी मुकाबले हारती आई है। लखनऊ के खिलाफ करीबी मुकाबले में मिली जीत ने उसके लिये टॉनिक का काम किया होगा।

- सनराइजर्स ने पहले ही मैच में छह विकेट पर 286 रन बनाकर अपने इरादे जाहिर कर दिए थे। इशान किशन ने 47 गेंद में 106 रन बनाए, जबकि हेड ने 31 गेंद में 67 रन की पारी खेली। दूसरे मैच में हालांकि वे नौ विकेट पर 190 रन ही बना सके। मोहम्मद शमी, कमिंस और हर्षल पटेल के रहते सनराइजर्स का तेज आक्रमण मजबूत है, लेकिन लखनऊ के खिलाफ निस्तेज नजर आया। कमिंस ने 15 रन प्रति ओवर की दर से रन दे डाले। उन पर फॉर्म में लौटने का भारी दबाव होगा।

- दिल्ली के पास मजबूत गेंदबाजी आक्रमण है, जिसकी अगुआई मिचेल स्टार्क करेंगे और अपने ऑस्ट्रेलियाई साथी ट्रेविस हेड से उनकी टक्कर देखने लायक होगी। उनके अलावा कुलदीप यादव और अक्षर भी दिल्ली की गेंदबाजी की कमान संभालेंगे। उन्हें सनराइजर्स की आक्रामक सलामी जोड़ी हेड और अभिषेक शर्मा के बल्लों पर अंकुश लगाना होगा। स्टब्स और मोहित शर्मा आखिर में उपयोगी गेंदबाज साबित हो सकते हैं।

## टर्निंग पिच पर चेन्नई सुपर किंग्स का सामना होगा राजस्थान रायल्स

**मैच शाम 7.30 बजे से**



**गुवाहाटी।** पिछले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के हाथों अपने गढ चेपॉक पर 17 साल बाद मिली हार से हतप्रभ चेन्नई सुपर किंग्स का सामना रविवार को गुवाहाटी की टर्निंग पिच पर राजस्थान रॉयल्स से होगा तो नजरें जीत की राह पर लौटने पर लगी होंगी। रजत पाटीदार की कप्तानी वाली आरसीबी ने चेन्नई के लचर क्षेत्ररक्षण और खराब बल्लेबाजी का फायदा उठाते हुए 50 रन से जीत दर्ज कीं। आईपीएल के पहले सत्र (2008) के बाद चेपॉक पर आरसीबी की चेन्नई के खिलाफ यह पहली जीत थी। चेन्नई के लिए महेंद्र सिंह धोनी नौवें नंबर पर उतर रहे हैं, जिससे प्रशंसकों को काफी निराशा हाथ लगी है। धोनी ने 16 गेंद में नाबाद 30 रन बनाकर अपने प्रशंसकों को भले ही खुश कर दिया हो, लेकिन टीम के लिए तब तक मैच हाथ से निकल चुका था। आरसीबी के खिलाफ जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार का सामना करने में चेन्नई के बल्लेबाज नाकाम रहे। गुवाहाटी की विकेट चेपॉक की तरह है, जिस पर राजस्थान रॉयल्स का सामना करना उतना मुश्किल नहीं होगा, चूंकि उसके पास इतना मजबूत गेंदबाजी आक्रमण नहीं है। रियान पराग को कप्तानी का उतना अनुभव भी नहीं है। दूसरी ओर चेन्नई का गेंदबाजी आक्रमण भी इस बार उतना धारदार नहीं लग रहा। मथीषा पथिराना और बायें हाथ के कलाई के स्पिनर नूर अहमद ने शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन भारतीय गेंदबाज नाकाम ही रहे हैं। खलील अहमद नयी गेंद के उतने प्रभावी गेंदबाज नहीं हैं।

**चेन्नई सुपर किंग्स :** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी , डेवोन कॉनवे, राहुल त्रिपाठी, शेख रशीद, वंश बेदी, सी आंद्रे सिद्धार्थ, रचिन रवींद्र, अश्विन, विजय शंकर, सैम कुरेन, अंशुल कंबोज, दीपक हुडा, ओवरटन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्ण घोष, रवींद्र जडेजा, शिवम दुबे, खलील अहमद, नूर अहमद, मुकेश चौधरी, गुरजपनीत, नाथन एलिस, श्रेयस गोपाल, पथिराना।

**राजस्थान रॉयल्स :** रियान पराग (कप्तान), संजू सैमसन, शुभम दुबे, शिम्रोन हेटमायर, यशस्वी जयसवाल, ध्रुव जुरेल, नितीश राणा, कुणाल सिंह राठौड़, वैभव सूर्यवंशी, वानिंदु हसरंगा, जोफ्रा आर्चर, अशोक शर्मा, तुषार देशपांडे, फजलहक फारुकी, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, संदीप शर्मा, महेश थीक्षाना, युद्धवीर सिंह।

## पिछले तीन आईसीसी टूर्नामेंट खेलने वाले खिलाड़ी सम्मान के हकदार : रोहित



**नई दिल्ली।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि उनकी टीम ने पिछले नौ महीनों में क्रिकेट के उतार चढ़ावों का सामना करते हुए सफलता हासिल करने के लिए सामूहिक संघर्ष किया है और पिछले तीन आईसीसी टूर्नामेंटों में भाग लेने वाली टीम का प्रत्येक सदस्य सम्मान का हकदार है। भारत को पिछले तीन आईसीसी सीमित ओवरों के टूर्नामेंट में 24 मैचों में से एक में ही पराजय का सामना करना पड़ा जब 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल में अहमदाबाद में उसे आस्ट्रेलिया ने हराया। भारत ने पिछले साल टी20 विश्व कप और इस साल आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी जीती। इसके बीच भारत को न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया के हाथों टेस्ट श्रृंखलाओं में पराजय झेलनी पड़ी। भारत के कप्तान के तौर पर अपने कार्यकाल के बारे में रोहित ने कहा इस टीम ने तीन बड़े टूर्नामेंटों में जो हासिल किया है। इस तरह के टूर्नामेंट खेलना और बस एक मैच हारना और वह भी फाइनल (2023 वनडे विश्व कप )। उन्होंने कहा सोचो कि अगर हम वह भी जीत जाते तो तीन आईसीसी टूर्नामेंटों में अपराजेय रहते। ऐसा कभी सुना ही नहीं है। 24 में से 23 मैच जीतना। बाहर से यह बहुत अच्छा लगता है लेकिन इस टीम ने काफी उतार चढाव देखे हैं। रोहित ने मुंबई इंडियंस के 'एक्स' पेज पर टीम द्वारा डाले गए वीडियो में कहा। हमने कठिन समय भी देखा है लेकिन फिर आपको जश्न मनाने का मौका भी मिला। मेरा मानना है कि पिछले तीन टूर्नामेंट खेलने वाला हर खिलाड़ी सम्मान का हकदार है। रोहित का इंटरव्यू ऐसे समय में आया जब बीसीसीआई के आला अधिकारी भविष्य की रूपरेखा तय करने के लिये बैठक करने वाले थे लेकिन वह बैठक स्थगित कर दी गई। रोहित ने कहा यह उन सभी खिलाड़ियों के लिए है जो किसी मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं और निराशा में हैं, वे वापसी करना चाहते हैं और परिस्थितियां जो भी हो, बुलंदियां छूना चाहते हैं। उन्होंने कहा, हम घर पर श्रृंखला हार गए और आस्ट्रेलिया में अच्छा नहीं खेल सके। इसके बाद चैम्पियंस ट्रॉफी जीती। पिछले नौ महीने इस बात का बेहतरीन उदाहरण है कि जीवन कैसा है। इसमें उतार चढाव हमेशा रहेंगे। रोहित ने कहा कि सफलता का सफर और मानसिकता में बदलाव 2022 से शुरू हुआ जब टीम आस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप सेमीफाइनल हार गई थी। उन्होंने कहा उसके बाद से हमने खिलाड़ियों को साफ बता दिया कि उनसे क्या अपेक्षा की जाती है और हम उन्हें कैसे खेलते देखना चाहते हैं। इसके बाद स्पष्टता थी। खिलाड़ियों से काफी बात की गई। उन्हें आजादी देने की जरूरत थी ताकि वे बेखौफ खेल सकें। हम कुछ श्रृंखलायें हारे लेकिन घबराये नहीं और प्रक्रिया पर कायम रहे। पिछले साल आईपीएल में मुंबई इंडियंस के आखिरी स्थान पर रहने के बारे में रोहित ने कहा कि हर खिलाड़ी को वापसी करने के लिए दृढ़ संकल्प होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह अपने टी20 कैरियर को खत्म करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे थे, जो उन्होंने टी20 विश्व कप जीत के बाद किया। उन्होंने कहा इसी समय एक खिलाड़ी के तौर पर आपको थोड़ा धैर्य और नीचे से वापसी करने का दृढ़ संकल्प दिखाने की जरूरत होती है।

## नोवाक मियामी ओपन फाइनल में



**मियामी गार्डन्स, जेएनएन।** चौथी वरीयता प्राप्त नोवाक जोकोविच ने ग्रिगोर दिमित्रोव को हराकर मियामी ओपन टेनिस के फाइनल में प्रवेश किया तो दर्शक दीर्घा में उनके लिये तालियां बजाने वालों में महान फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी शामिल थे। जोकोविच ने 14वीं वरीयता प्राप्त दिमित्रोव को 6-2, 6-3 से हराया। अब सातवें मियामी ओपन खिताब के लिये उनका सामना 19 साल के गैर वरीय जाकूब मेंसिक से होगा जिन्होंने तीसरी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज को 7 -6, 4-6, 7-6 से परास्त किया। सैतीस वर्ष के जोकोविच अगर जीत जाते हैं तो यह उनका सौवां पेशेवर खिताब होगा। कोर्ट पर इंटरव्यू में जोकोविच ने मेस्सी की मौजूदगी का जिक्र किया। मेस्सी मेजर लीग फुटबॉल में इंटर मियामी के लिये खेलते हैं। उन्होंने बताया कि मेस्सी अपनी पत्नी और बच्चों के साथ लॉकर रूम में भी आये और उन्होंने एक दूसरे को तोहफे दिये। जोकोविच ने सोशल मीडिया पर लिखा, एक महान खिलाड़ी और बेहतरीन इंसान मेसी से मिलना सम्मान की बात है। जोकोविच और मेसी दोनों ही अपने-अपने खेलों में इतिहास रच चुके हैं और इस मुलाकात ने खेल प्रेमियों के दिलों में एक नया उत्साह भर दिया। यह पल खेल जगत के दो दिग्गजों के आपसी सम्मान और प्रेरणा का प्रतीक बना!

## शरत डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर चेन्नई के अंतिम 16 में



**चेन्नई, जेएनएन।** भारत के महान टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंत शरत कमल ने आस्ट्रेलिया के दसवीं वरीयता प्राप्त निकोलस लुम को सीधे गेम में हराकर डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर टूर्नामेंट के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया। अपने कैरियर का आखिरी टूर्नामेंट खेल रहे शरत के अलावा मानव ठक्कर और स्नेहित एस भी पुरूष एकल प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए जबकि महिला एकल में कृत्विका रॉय ने अंतिम 16 में जगह बनाई। पांच बार के ओलंपियन शरत ने अपने से 23 साल छोटे खिलाड़ी को 11-8 से मात दी। अब उनका सामना स्नेहित से होगा जिन्होंने जापान के सातवीं वरीयता प्राप्त युकिया उडा को हराया। वहीं मानव ठक्कर ने 11वीं वरीयता प्राप्त फिन लू को मात दी।

## खेल एक नजर

### साउथ आस्ट्रेलिया ने 29 साल में पहली बार शेफील्ड शील्ड जीती

**एडीलेड, जेएनएन।** साउथ आस्ट्रेलिया ने क्वींसलैंड को चार विकेट से हराकर 29 साल में पहली बार शेफील्ड शील्ड क्रिकेट टूर्नामेंट जीता। साउथ आस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में छह विकेट पर 270 रन बनाकर चौथे दिन ही जीत दर्ज की। जेसन संघा ने नाबाद 126 रन बनाए, जबकि आस्ट्रेलियाई विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने 105 रन की पारी खेली। दोनों ने 202 रन की साझेदारी की। क्वींसलैंड की टीम पहली पारी में 95 रन पर आउट हो गई थी। जवाब में साउथ आस्ट्रेलिया ने 271 रन बनाए थे। क्वींसलैंड ने दूसरी पारी में 445 रन बनाकर साउथ आस्ट्रेलिया को 270 रन का लक्ष्य दिया था।

**आईपीएल के 18वें सत्र का जलवा**


### रिकार्ड : पहले तीन मैचों में व्यूअरशिप 40 फीसदी ज्यादा

**मुंबई, जेएनएन।** आईपीएल के 18वें सत्र के पहले सप्ताहांत पर हुए मैचों को जियो हॉटस्टार और स्टार स्पोर्टर्स नेटवर्क पर 4956 करोड़ मिनट का वॉचटाइम मिला है जो अब तक का रिकॉर्ड है। जियो हॉटस्टार पर पहले तीन मैचों की



'व्यूअरशिप' पिछले सत्र की तुलना में 40 प्रतिशत ज्यादा थी, जबकि इसे कुल 137 करोड़ लोगों ने देखा। आईपीएल 2025 के पहले तीन मैचों का ही देखे जाने का समय 2186 करोड़ मिनट रहा। वहीं, प्रसारकों (स्टार स्पोर्ट्स) द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार बीएआरसी आंकड़ों के मुताबिक पहले सप्ताहांत में मैचों को 25.3 करोड़ दर्शक मिले और देखे जाने का समय 2770 करोड़ मिनट रहा जो पिछले साल से 22 प्रतिशत ज्यादा है। 22 मार्च यानी शनिवार को टूर्नामेंट की शुरुआत हुई थी, वहीं रविवार को सत्र का पहला डबल हेडर खेला गया था।

## ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर स्टुअर्ट लॉ बने नेपाल के हेड कोच भारत के मोंटी देसाई की ली जगह



**नई दिल्ली, जेएनएन।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टुअर्ट लॉ अगले 2 सालों के लिए नेपाल पुरुष क्रिकेट टीम के हेड कोच चुने गए हैं। नेपाल क्रिकेट एसोसिएशन ने इसकी जानकारी दी है। लॉ से पहले भारतीय मूल के मोंटी देसाई नेपाल टीम के कोच थे। उनका कार्यकाल इस साल फरवरी में पूरा हो गया था। लॉ इससे पहले कई अंतरराष्ट्रीय टीमों के साथ काम कर चुके हैं। उन्होंने हाल ही में यूएसए पुरुष टीम को बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज जीतने में मुख्य भूमिका निभाई थी। उनके नेतृत्व में यूएसए ने 2024 के टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर आठ में भी जगह बनाई थी। स्टुअर्ट लॉ ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 54 वनडे और 1 टेस्ट खेला है और 1291 रन बनाए हैं।

### वेस्टइंडीज और बांग्लादेश के कोच रह चुके स्टुअर्ट

स्टुअर्ट लॉ 2011-12 में बांग्लादेश और 2018-19 में वेस्टइंडीज के हेड कोच रह चुके हैं। 2011 में स्टुअर्ट ने श्रीलंका और 2022 में अफगानिस्तान को भी टेम्परेरी कोचिंग दी थी। वहीं लॉ ने ऑस्ट्रेलिया की नेशनल टीम और अंडर-19 टीम को भी कोचिंग दी थी। वे उनके बैटिंग कोच थे। स्टुअर्ट लॉ ने 2012 में बांग्लादेश क्रिकेट टीम को कोचिंग दी थी। उनकी कोचिंग में बांग्लादेश की टीम पहली बार एशिया कप फाइनल में पहुंची थी।

## न्यूजीलैंड ने पाक को पहले वनडे में 73 रनों से हराया



चैपमेन ने 111 गेंदों पर 132 रन बनाए, जिसमें 13 चौके और 6 छक्के शामिल थे।

**नेपियर।** न्यूजीलैंड ने शनिवार को पाकिस्तान को पहले वनडे में 73 रनों से करारी शिकस्त देकर 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। मार्क चैपमैन (132) और डेरिल मिचेल (76 ) के बीच 199 रन की साझेदारी के दम पर न्यूजीलैंड 344 रनों का बड़ा स्कोर बनाया। इसके जवाब में पाकिस्तान की टीम 271 रन ही बना सकी। इस मैच से पहले न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 4-1 से टी-20 सीरीज में हराया था। सीरीज का दूसरा मुकाबला क्राइस्टचर्च में खेला जाएगा। पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड ने 13वें ओवर तक तीन विकेट गंवा दिये थे। लेकिन चैपमैन ने तीसरा वनडे शतक जमाकर टीम का स्कोर 9 विकेट पर 344 रन तक पहुंचाया। मिचेल ने 76 और मुहम्मद अब्बास ने 26 गेंदों पर 52 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। पाकिस्तान के लिए इरफान खान ने 3 विकेट लिए। आकिब जावेद और हारिस रऊफ ने 2-2 विकेट चटकाए, जबकि नसीम शाह और मोहम्मद अली ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में पाकिस्तान 44.1 ओवर में 271 रनों पर सिमट गई। बाबर आजम ने सर्वाधिक 78 रन बनाए। सलमान अली आगा ने 48 गेंदों पर 58 रन बनाकर अच्छा योगदान दिया। न्यूजीलैंड के लिए नाथन एलिस ने 4 पाकिस्तान बल्लेबाजों को आउट किया। जैकब डफी को 2 विकेट मिले, जबकि विलियम ओ'रूके, माइकल ब्रेसवेल और मुहम्मद अब्बास ने 1-1 विकेट लिया।

## मध्यप्रदेश रोइंग अकादमी के खिलाड़ियों ने जीते 9 पदक








**भोपाल, खेल प्रतिनिधि।** दिनांक 21 से 27 मार्च 2025 तक ऑल इण्डिया इंटर यूनीवर्सिटी रोइंग चैम्पियनशिप 2025 का आयोजन चण्डीगढ में किया गया। चंडीगढ में आयोजित इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश रोइंग अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर 04 स्वर्ण और 05 कांस्य सहित 09 पदक अर्जित किये। ऑल इण्डिया इंटर यूनीवर्सिटी रोइंग चैम्पियनशिप 2025 में म.प्र. रोइंग अकादमी खिलाड़ियों में मेन्स कॉक्सलेस 4 2000 मी. में बंटी सेंधव, राघब सरन, प्रयश, धीरज वर्मा ने स्वर्ण जीता। डबल कॉक्सलेस स्कल 2000 मी. इवेन्ट में अर्जुन गुर्जर, वेदांश तहरिया ने स्वर्ण जीता इसी प्रकार डबल स्कल्स 2000मी. इवेन्ट में हरिओम ठाकुर, अमन सिंह की जोड़ी ने भी स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। ओपन मेन्स क्वार्टरपुल स्कल्स 2000 मी. इवेन्ट में अमन सिंह, वेदांश तहरिया, अरविंद गुर्जर और हरिओम ठाकुर व की टीम ने स्वर्ण पदक और ओपन मेन्स कॉक्सलेस 4 2000मी. इवेन्ट में गोपाला वर्मा, अक्षय यादव, भागीरथ कुशवाह और उदय प्रताप सिंह ने कांस्य पदक हासिल किया। ओपन मेन सिंगल स्कल्स 500 मी. इवेन्ट में आदित्या सिह और अमन सिंह ने कांस्य पदक इसी प्रकार मेन्स डबल्स स्कल्स 500 मी. इवेन्ट में हरिओम ठाकुर और अमन सिंह ने कांस्य पदक जीता। ओपन मेन्स कॉक्सलेस 4 500 मी. इवेन्ट में गोपाला वर्मा, अक्षय यादव, भागीरथ कुशवाह और उदय प्रताप सिंह ने कांस्य पदक। पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने खिलाड़ियों को शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई दी है। उल्लेखनीय है म.प्र. के रोइंग खिलाड़ी प्रशिक्षक दलबीर सिंह के मार्गदर्शन में खेल अकादमी में प्रशिक्षणरत हैं।

**अंडर 12 क्रिकेट टूर्नामेंट**

## रेलवे गर्वित ने आरसीसी अकादमी को हराया



**भोपाल।** विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी के तत्वाधान में गौतम नगर खेल मैदान पर आयोजित अंडर 12 क्रिकेट टूर्नामेंट में आज आर सी सी क्रिकेट अकादमी और रेलवे गर्वित क्रिकेट अकादमी के मध्य मैच खेला गया आर सी सी क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया 31 ओवर में 94 रन पर पूरी टीम ऑल आउट हो गई 95 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रेलवे गर्वित क्रिकेट अकादमी की टीम ने चार विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। रेलवे गर्वित के हिमांग ने 5 विकेट लिए रेलवे गर्वित की ओर से बल्लेबाजी करते हुए राजवीर ने 28 रनों का योगदान दिया और हिमांग ने 13 रन बनाया हिमांग के दोहरे प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

**चौथी किओ राष्ट्रीय सीनियर और अन्डर-21 कराते चैम्पियनशिप**

## म.प्र. ओवर ऑल चैंपियन




**भोपाल, खेल प्रतिनिधि।** 26 से 29 मार्च 2025 तक चौथी किओ राष्ट्रीय कराते चैम्पियनशिप 2025 का आयोजन हैदराबाद में किया गया। हैदराबाद में आयोजित इस चैम्पियनशिप में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों द्वारा 07 स्वर्ण, 01 रजत और 04 कांस्य सहित कुल 12 पदक अर्जित कर राष्ट्रीय चैम्पियन का खिताब अपने नाम किया। दिल्ली 6 स्वर्ण, 04 रजत और 03 कांस्य सहित कुल 13 पदकों के साथ दूसरे स्थान पर और हरियाण 04 स्वर्ण, 02 रजत और 05 कांस्य सहित कुल 11 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मध्यप्रदेश के ओवर ऑल चैम्पियन बनने पर सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में शानदार खेल प्रदर्शन की सराहना करते हुये बधाई दी है। संचालक खेल और युवा कल्याण श्री राकेश कुमार गुप्ता ने भी ओवर ऑल चैम्पियन बनने पर बधाई दी है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ ग्राम पंचायत दुर्गापुर से आज

**सतना।** प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ सतना जिले में 30 मार्च को दोपहर 1 बजे से जनपद पंचायत नागौद की ग्राम पंचायत दुर्गापुर के ग्राम गोरा से की जायेगी। इस अवसर पर ग्राम गोरा में नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी नवीन अमृत सरोवर के निर्माण का भूमिपूजन भी करेंगी। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजना जैन ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को अपने अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों के साथ कार्यक्रम में उपस्थित होने के निर्देश दिये हैं।

## सतना जिले में ई-ऑफिस पोर्टल पर पहली ई-फाइल मूव की गई

**सतना।** सतना जिले के कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस एवं अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े के मार्गदर्शन में जिला पंजीयक डॉ. कीर्ति सिंह बघेल ने पहली ई-फाइल को ई-ऑफिस पोर्टल पर मूव किया। ई-फाइल मूव करते समय जिला सूचना अधिकारी श्रीमती परमीत कौर, ई-दक्ष केन्द्र के प्रशिक्षक डॉ. ऋतुराज रूसिया, पंजीयक कार्यालय के लिपिक अक्षय सिंह एवं विवेक त्रिपाठी उपस्थित रहे।

# चोरी की बुलट व दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### अमरपाटन थाना प्रभारी ने की कार्यवाही



**जागरण सतना**

चोरी की बुलट व दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में अमरपाटन थाना प्रभारी केपी त्रिपाठी ने सफलता हासिल की है। यह कार्यवाही मैहर एसपी सुधीर अग्रवाल के निर्देश एएसपी डॉ चंचल नागर एवं एसडीओपी अमरपाटन श्रीमती प्रतिभा शर्मा के मार्गदर्शन में अमरपाटन पुलिस ने की है। 10 माह पूर्व चोरी गई बुलट जप्त कर पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ा है।

### ये है विवरण

फरियादी रामनिहोर पटेल पिता स्व. श्रीकृष्ण पटेल उम्र 47 वर्ष निवासी ग्राम रैकवार थाना अमरपाटन जिला मैहर के द्वारा थाना अमरपाटन में फरियादी के घर के सामने खडी रॉयल एनफील्ड बुलेट जिसका नंबर एमपी 19 एनडी 3573 है को मध्य रात्रि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी करने के संबंध में रिपोर्ट लेख कराई गई। जिस पर थाना अमरपाटन में अपराध क्र 248/24 धारा 379 भादवि का पंजीबद्ध किया गया । पुलिस के द्वारा चोरी गई मोटरसाईकिल एवं अज्ञात आरोपी की लगातार तलाश की जा रही थी जिस संबंध में 27 मार्च को मुखबिर के माध्यम से उक्त मोटरसाईकिल के रीवा जिले में होने की सूचना मिलने पर थाना स्तर पर टीम गठित कर आरोपी हर्षित पटेल निवासी ग्राम सुपेला थाना अमिलिया जिला सीधी को अभिरक्षा में लेकर चोरी गई मोटरसाईकिल के संबंध में पूछताछ की गई तो आरोपी द्वारा उक्त मोटरसाईकिल अपने साथी प्रतीक सिंह निवासी पडरिया थाना रायपुर कर्चुलियान जिला रीवा से 38 हजार रुपये में खरीदना बताया । आरोपी हर्षित पटेल के कब्जे से चोरी गई मोटरसाईकिल एमपी 19 एनडी 3573 जप्त कर उक्त दोनो आरोपियो को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया ।

### ये आरोपी गिरफ्तार

बुलट चोरी करने वाले जिन दो आरोपियों को अमरपाटन पुलिस ने गिरफ्तार किया है उसमें हर्षित पटेल पिता मुन्नालाल पटेल उम्र 21 वर्ष नि सुपेला थाना अमिलिया जिला सीधी , प्रतीक सिंह पटेल पिता कमलेश प्रसाद पटेल उम्र 22 वर्ष नि पडरिया थाना रायपुर कर्चुलियान जिला रीवा का नाम शामिल है। आरोपियों के कब्जे से एक लाख 10 हजार रूपये कीमत की रायल एनफील्ड बुलट क्र एमपी 19 एनडी 3573 को जप्त कियाग या है।

## संपदा-1.0 का संचालन 31 मार्च से होगा बंद

**जागरण सतना।** मध्यप्रदेश पंजीयन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार राज्य में ई-पंजीयन एवं ई-स्टैंपिंग प्रणाली के पुराने संस्करण संपदा-1.0 का संचालन 31 मार्च 2025 के बाद पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा। इसके पश्चात 1 अप्रैल 2025 से प्रदेश में केवल संपदा-2.0 प्रणाली के माध्यम से ही सभी पंजीयन एवं ई-स्टैंपिंग के कार्य किए जाएंगे। महानिरीक्षक पंजीयन मध्यप्रदेश द्वारा जारी निर्देशानुसार संपदा-1.0 में कोई भी नया दस्तावेज 31 मार्च 2025 के बाद तैयार नहीं किया जाएगा। यदि कोई दस्तावेज इस तिथि तक पंजीकृत नहीं हुआ तो उसे संपदा-2.0 में पंजीकृत नहीं किया जा सकेगा। सेवा प्रदाताओं के लिए संपदा-1.0 में जारी किए गए क्रेडिट लिमिट का उपयोग भी 31 मार्च 2025 तक ही किया जा सकेगा। इसके बाद नई क्रेडिट लिमिट केवल संपदा-2.0 में ही जारी होगी। महानिरीक्षक पंजीयन कार्यालय ने सभी जिला पंजीयक अधिकारियों को निर्देशित किया है कि संपदा-1.0 के बंद होने की सूचना समाचार पत्रों एवं अन्य माध्यमों से आमजन तक अवश्य पहुंचाई जाए।

# नहर में गिरी बाइक, दो छात्रों की मौत

### शनिवार को मेडिकल कॉलेज के पास हुई घटना



**जागरण सतना।** शनिवार को दो बाइक सवार छात्र नहर में जा गिरे जिससे दोनो की मौत पानी में डूबने से हो गई ।यह घटना कोलगवां थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मेडिकल कॉलेज के पास से गुजरने वाली नहर की बताईजा रही है। घटना में दो छात्र घायल हुये है जिन्हे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### वाटर पार्क से लौटते वक्त हुई घटना

बताया जाता है कि दो बाइक में सवार होकर चार छात्र वाटर पार्क गये थे ।वापस लौटते वक्त एक छात्र की बाइक जिसमें दो लोग सवार थे वह अनियंत्रित होकर नहर के पानी में जा गिरी जिससे दोनो छात्र डूब गये। हालांकि उन्हे बचाने दूसरी बाइक पर चल रहे दोनो छात्र भी पानी में कूदे मगर वे भी संकट में फसते नजर आ रहे थे मगर आसपास मौजूद लोगो ने उन दोनो को तो बचा लिया लेकिन अनुराग सिंह निवासी फुटौधी और विकास पाण्डेय निवासी मुख्त्यारगंज की पानी में डूबने से मौत हो गई।

## भविष्य से भेंट कार्यक्रम में एक पीरियड बच्चों के साथ रहेंगे जिले के अधिकारी

**जागरण सतना।** म.प्र. शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार स्कूल चले अभियान अंतर्गत 2 अप्रैल 2025 को शालाओं में भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें जिले के अधिकारियों द्वारा किसी एक शाला में जाकर बच्चों के साथ संवाद स्थापित कर उत्साहवर्धन किया जायेगा। कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने जिले के 102 प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों को शालायें आवंटित की है। जारी आदेश के अनुसार संबंधित अधिकारी 2 अप्रैल 2025 को आवंटित शाला में एक कालखण्ड बच्चों के साथ संवाद स्थापित कर उनका उत्साहवर्धन करना सुनिश्चित करेंगे।

# राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी आज सतना आकर विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगी



**जागरण सतना।** प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी रविवार 30 मार्च को प्रातः 9.45 बजे आनंद विहार एक्सप्रेस से सतना आयेंगी। निर्धारित कार्यक्रमानुसार राज्यमंत्री श्रीमती बागरी प्रातः 10 बजे व्यंकटेश मंदिर परिसर सतना में आयोजित विक्रमोत्सव 2025 के अंतर्गत सूर्य उपासना एवं नाट्य प्रस्तुति कार्यक्रम में शामिल होंगी। इसके बाद राज्यमंत्री दोपहर 12 बजे सी.एम.ए स्कूल रीवा रोड सतना में आयोजित सिंधी समाज के ईष्टदेव भगवान श्री झूलेलाल के 1075वें जन्मोत्सव (चेट्रीचण्ड्र) के अवसर पर आरती में शामिल होगी। राज्यमंत्री दोपहर 12.30 बजे रीवा रोड सतना से ग्राम मोरा, ग्राम पंचायत दुर्गापुर के लिए प्रस्थान कर दोपहर 1.30 ग्राम मोरा पहुंचकर तालाब के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगी। तत्पश्चात राज्यमंत्री दोपहर 2.30 ग्राम मोरा, दुर्गापुर से प्रस्थान कर दोपहर 3.30 बजे श्री नरेन्द्र दामोदर दास मोदी स्टेडियम बाबूपुर, नीमी-बराज, सतना में आयोजित 47वें ऑल इण्डिया पुरूष कबडडी एवं अन्य खेलकूद प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगी। सायं 4.30 बजे राज्यमंत्री संतोषी माता मंदिर पहुंचकर विहार उत्सव कार्यक्रम में सहभागिता करने के पश्चात सायं 5.45 बजे ग्राम करसरा पहुंचकर नशामुक्त मैराथन दौड 4 किमी (महिला एवं पुरूष) कार्यक्रम में शामिल होंगी।

# जब क्रेन से खींचकर वाहन को कार्यालय ले गए आरटीओ

### जब्त किए 5 वाहन 6 लाख 80 हजार रुपये राजस्व प्राप्त होने का अनुमान



**जागरण सतना।** परिवहन आयुक्त के आदेश के पालन में आरटीओ संजय श्रीवास्तव द्वारा 29 मार्च को वाहनों पर कर बकाया एवं दस्ता वेज अपूर्ण होने पर चलानी कार्यवाही कर जप्त किया गया कुल जप्त 05 वाहनों से कुल संभावित राजस्व 6 लाख 80 हजार रूपये प्राप्त होगा। पूर्व में जप्त 5 वाहनों से 4 लाख 31 हजार 940 रूपये राजस्व वसूल किया गया। यह कार्यवाही सतना शहर मालगोदाम धानमील के आसपास के क्षेत्र में की गई। वाहन में चालक न होने से वाहन को क्रेन द्वारा खींचकर आरटीओ कार्यालय में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया।

## नवरात्रि मेले तैनात रहेंगे 12 कार्यपालिक मजिस्ट्रेट

**सतना।** मैहर में चैत्र नवरात्रि मेले में मां शारदा देवी मंदिर में आने वाले अत्यधिक संख्या में श्रृद्धालु और दर्शनार्थी की संभावना के दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट रानी बाटड ने विभिन्न स्थानों पर 12 कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तैनात किये है। इसके अनुसार कार्यपालिक मजिस्ट्रेट अपने कर्तव्य स्थल पर सहयोगी कर्मचारी के साथ निर्धारित पाली में तैनात रहेंगे। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार रोपवे कन्ट्रोल रूम में प्रातः 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक डिप्टी कलेक्टर डॉ. आरती सिंह एवं दोपहर 1 बजे से पट बंद होने तक के लिए तहसीलदार रामदेव साकेत को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। इसी प्रकार मंदिर प्रांगण ऊपर प्रातः 3 बजे से दोपहर 1 बजे तक की पाली में नायब तहसीलदार सुनील कुमार द्विवेदी और दोपहर 1 बजे से रात्रि पट बंद होने तक नायब तहसीलदार प्रेमलाल चौधरी, सीसीटीवी कन्ट्रोल ड्योढी में प्रातः 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक डिप्टी कलेक्टर सुश्री आशिमा पटेल और दोपहर 1 बजे से रात्रि में पट बंद होने तक कृषि विस्तार अधिकारी रितेन्द्र बागरी को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। मेला प्रांगण फारेस्ट बैरियर से लालगेट तक प्रातः 5 बजे से दोपहर 1 बजे तक नायब तहसीलदार उमाकांत शर्मा और दोपहर 1 बजे से रात्रि पट बंद होने तक नायब तहसीलदार रोशनलाल रावत, सेकेण्ड राउण्ड सीढी में प्रातः 3 बजे से दोपहर 1 बजे तक नायब तहसीलदार ललित धुर्वे और दोपहर 1 बजे से रात्रि पट बंद होने तक परियोजना अधिकारी अखिलेश दीपांकर तिवारी को कार्यपिलक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

# स्व. भैयालाल पटेल का राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार




**सतना।** राज्य शासन के पिछड़ा वर्ग कल्याण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व राज्यमंत्री रामखेलावन पटेल के पूज्य पिता स्व. भैयालाल पटेल के निधन पर जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों ने अमरपाटन स्थित निवास पहुंचकर पार्थिव देह के अंतिम दर्शन किये और अपनी शोक श्रद्धांजलि दी। स्व. भैयालाल पटेल की इच्छानुसार उनके पार्थिव शरीर को संजय गांधी अस्पताल में मेडिकल कॉलेज रीवा को सौंपने की प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद अमरपाटन के मुक्तिधाम में स्व. भैयालाल को गार्ड ऑफ ऑनर देकर राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अंगदान और देहदान को प्रोत्साहन देने देहदान करने वाले व्यक्तियों का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किए जाने के निर्णय शासन स्तर से लिए है।

## नवरात्रि के दौरान मैहर में मांस मछली, अंडे के विक्रय पर रोक

**सतना।** शारदेय चैत्र नवरात्रि के अवसर पर जिले के प्रसिद्ध स्थल मैहर में मां शारदा नवरात्रि मेला संचालित रहेगा। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विकास सिंह ने बताया कि मैहर मध्यप्रदेश शासन पर्यटन विभाग द्वारा धार्मिक नगरी घोषित है तथा मां शारदा देवी के दर्शनार्थी देश के कोने-कोने से श्रद्धा भाव से ओत-प्रोत श्रद्धालु प्रतिदिन लाखों की संख्या में मैहर आते हैं। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने आदेश जारी कर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत सम्पूर्ण नगरपालिका क्षेत्र मैहर में 30 मार्च से 7 अप्रैल 2025 तक की मध्य रात्रि तक मांस-मछली एवं अण्डा का क्रय-विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित किया है। इस आदेश का उल्लंघन करने वाला व्यक्ति भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के अंतर्गत दण्ड के भागी रहेंगे।

## बिहटा में हुई मारपीट की फरियाद एसपी से हुई

**जागरण सतना।** उचेहरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बिहटा में सेन समाज के लोगो के साथ हुई मारपीट के मामले की शिकायत एसपी सतना से की गई है। बताया जाता है कि पीडित उचेहरा पुलिस द्वारा कार्यवाही नही किये जाने से असंतुष्ट होकर एसपी सतना के समक्ष उपस्थित होकर शिकायत की है। एसपी से की गई शिकायत में पीडिता सावित्री सेन पत्नी भूखन सेन सरोज सेन पिता भूखन सेन ने बताया है कि शिवचरण सेन पिता शंकर सेन रणजीत सेन , जीतू सेन , एवं उनके घर की महिलाओ ने 21 मार्च को अपराहन मारपीट की है। जिसकी शिकायत 100 डायल में दर्ज कराई गई थी मारपीट में गंभीर रूप से घायल हुई सावित्री को शरीर में कई जगह चोटे आई है जिनका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है मगर इसके बाद भी आरोपियों पर किसी तरह की कार्यवाही नही की गई।

## तीन दिन के भीतर शहर में लगे होर्डिंग का करो सत्यापन

### समीक्षा बैठक लेकर निगमायुक्त ने दिये निर्देश



**जागरण सतना।** निगमायुक्त डॉ शेर सिंह मीना आईएएस द्वारा निगम सीमा में शासकीय एवं निजी भवनों में लगे सभी होर्डिंग संबंधी समीक्षा बैठक आहूत की गयी थी। उक्त बैठक में निगमायुक्त द्वारा सख्त निर्देश दिये गये कि तीन दिवस के भीतर निगम क्षेत्र में सभी शासकीय एवं निजी भवनों में लगे हुये समस्त होर्डिंग का सत्यापन किया जाये कि उन्होने शासन द्वारा निर्धारित गाइड लाइन के अनुसार अनुमति प्राप्त की है या नहीं। निर्देशित कियाग या है कि शासकीय या निजी भवन में बिना अनुमति के होर्डिंग लगी हुई पायी जाती है तो उसको अवैध विज्ञापन मानकर हटाने की कार्यवाही की जायें साथ ही कार्यवाही में होने वाला व्यय विज्ञापन दाताओं से वसूल किया जाये।


























जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com